

13:01:2023

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 013 epaper.rashtriyakhabar.com माघ, कृष्णपक्ष षष्ठी, विक्रम संवत 2079

## चाणक्य नीति

न देवो विद्यते काष्ठे न पाषाणे न मृन्मये।

भावे हि विद्यते देवस्तस्माद् भावो हि कारणम्॥

भावार्थ : देवता अथवा परमेश्वर, काठ अथवा पत्थर की मूर्ति में नहीं हैं। परमेश्वर तो मनुष्य की भावना में विद्यमान रहते हैं अर्थात् जहां मनुष्य भावना द्वारा उसकी पूजा करता है, वहीं वे प्रकट होते हैं।

**रांची पारा अपडेट**

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 27.00 °c | 09.00 °c |

सूर्यास्त (आज) ›› 17.22 बजे

सूर्योदय (कल) ›› 06.32 बजे

## छह साल के बच्चे ने शिक्षक को गोली मार दी



**वर्जिनिया:** यहां की एक घटना ने पूरे देश को भौंचक्का कर दिया है। दरअसल इस घटना में छह साल का एक स्कूल छात्र अपने स्कूल बैग में एक बंदूक ले आया था। उसने स्कूल के शिक्षक अबी झ्वेरनर पर गोल चला दी। गोली से घायल हुए शिक्षक की हालत स्थिर है और वह खतरे से बाहर हैं। इस एक घटना से पूरे देश अचंभित हो गया है। यह घटना अमेरिका में बंदूक संस्कृति से बिगड़ते माहौल का एक जीता जागना नमूना है। खास कर इतने कम उम्र के बच्चे के पास बंदूक होना ही अपने आप में एक बड़ा सवाल बन गया है। कई प्रांतों में इसी वजह से अब हथियार रखने की मिली छूट को नियंत्रित करने की मांग उठने लगी है। पूर्व में भी कई बार स्कूलों में फायरिंग होने की घटनाओं की वजह से अब इन स्कूलों के भीतर भी हथियारबंद सुरक्षा कर्मी मौजूद होते हैं। इसे भी बच्चों को मानसिक विकास के लिए अच्छा नहीं माना जाता है। वैसे अमेरिका में सिनेमाघर, थियेटर, नाइट क्लब, सामान्य दुकानों, मॉलों, अस्पतालों, चर्च के भीतर, संगीत समारोहों में अथवा बसों में भी इस किस्म की फायरिंग की घटनाएं हो चुकी हैं।

## हुबली में प्रधानमंत्री मोदी का सुरक्षा में चूक

**हुबली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गुरुवार को यहां 26वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव के उद्घाटन से पहले रोड शो के दौरान एक अज्ञात व्यक्ति ने सुरक्षा घेरा तोड़कर उन्हें माला पहनाने की कोशिश की। सुरक्षा घेरा तोड़ने वाले शख्स को समय रहते पकड़ लिया गया। हुबली-धारवाड़ पुलिस आयुक्त ने हालांकि कहा कि यह सुरक्षा उल्लंघन नहीं था। इसके उलट कुछ सूत्रों ने कहा कि विशेष सुरक्षा दल (एसपीजी) इसकी जांच करेगी। हुबली में रोड शो के विजुअल में देखा गया कि एक युवक प्रधानमंत्री मोदी की कार के करीब पहुंच रहा है और वह उन्हें माला पहनाने की कोशिश कर रहा है। श्री मोदी की कार का दरवाजा खुला हुआ था और सड़क के दोनों ओर लोगों उनका अभिवादन करने के लिए खड़े हुए थे। एसपीजी ने हालांकि बीच-बचाव कर युवक को प्रधानमंत्री तक पहुंचने से रोक दिया और उसे पीछे धकेल दिया। इसके बाद यातायात पुलिस ने उसे पकड़ लिया और सुरक्षा घेरे में ले लिया।

## बैंक कर्मियों का 30 जनवरी से दो दिवसीय हड़ताल

**हैदराबाद:** बैक यूनियनों के संयुकत फोरम यूनाईटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स (यूएफबीयू) ने अपनी मांग को लेकर 30 जनवरी से दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल का एलान किया है। अखिल भारतीय बैंक कर्मचारी संघ (एआईबीईए) के महासचिव सी वेंकटचलम ने गुरुवार को यूनीवार्ता से कहा कि यूएफबीयू ने आज मुंबई में हुई अपनी बैठक में 30 जनवरी को दो दिवसीय हड़ताल पर जाने का फैसला किया है। श्री वेंकटचलम ने कहा कि पत्र व्यवहार करने के बावजूद हमारी मांगों पर भारतीय बैंक संघ (आईबीए) की तरफ से अब तक कोई जवाब नहीं आया है। फोरम बैंकों में सप्ताह में दो दिन अवकाश, पेंशन, वेतन संशोधन के चार्टर, नयी पेंशन स्कीम (एनपीएस) को खत्म करने तथा पेंशन को बिना योगदान वाले सेवानिवृत्ति लाभ के रूप में लागू करने और अन्य बकाया मुद्दों के समाधान की मांग की है। उन्होंने कहा कि फोरम में बैंकों में सभी संवर्ग के कर्मचारियों की भर्ती कर उनकी संख्या पर्याप्त किये जाने की मांग कर रहा है और इन मांगों को लेकर कर्मचारी इस महीने 30 और 31 जनवरी को दो दिवसीय हड़ताल पर रहेंगे।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है। **संपादक**

**शिखर सम्मेलन** › प्रथम वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट में दस देशों के नेता

# विकास पर एक आवाज बनें यहां के देश: मोदी

- भारत ही मेजबानी कर रहा इस प्रथम आयोजन का
- मानव केंद्रित विकास ही दुनिया की शीर्ष प्राथमिकता
- दूसरों पर निर्भरता के कुचक्र से सभी को निकलना होगा

**राष्ट्रीय खबर**

**नयी दिल्ली :** पृथ्वी के दक्षिणी गोलार्द्ध के 120 से अधिक देशों का पहला शिखर सम्मेलन गुरुवार को शुरू हुआ जिसकी मेजबानी करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनका आह्वान किया कि वे अपने विकास के मुद्दों पर एक आवाज बनें तभी वैश्विक एजेंडा एवं व्यवस्था में उनके हितों को जगह मिल पाएगी। मानव केंद्रित विकास के लिए प्रथम वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट के वर्चुअल आयोजन में श्री मोदी ने 10 देशों के शिखर नेताओं के साथ आरंभिक सत्र में शिरकत की। इस सम्मेलन में उद्घाटन सत्र के बाद कुल आठ सत्र होंगे। प्रधानमंत्री ने सत्र की शुरुआत करते हुए कहा कि विश्व को पुनः ऊर्जा प्रदान करने के लिए हमें एकजुटता से रिस्पॉन्ड, रिकॉग्नाइज, रिस्पेक्ट एवं रिफार्म के वैश्विक एजेंडा बनाने की आवाज उठानी चाहिए। श्री मोदी ने सत्र में समापन टिप्पणी में कहा कि वैश्विक दक्षिण के नेतृत्व की आवाज से स्पष्ट हो गया है कि मानव केन्द्रित विकास विकासशील देशों की एक महत्वपूर्ण प्राथमिकता है। इसने हमारी समान चुनौतियों को भी रेखांकित किया है, जिनमें हमारी विकास जरूरतों के लिए संसाधनों की कमी, प्राकृतिक जलवायु और भूराजनीतिक परिदृश्य में बढ़ती अस्थिरता शामिल हैं। इसके बावजूद विकासशील देश सकारात्मक ऊर्जा एवं आत्मविश्वास से परिपूर्ण हैं। उन्होंने कहा, 20 वीं शताब्दी में विकसित देशों ने वैश्विक अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाया। आज अधिकतर विकसित देशों की अर्थव्यवस्थाएं मंद पड़ रही हैं। ऐसे समय में यदि हम एकजुटता से काम करें तो हम वैश्विक एजेंडा तय कर सकते हैं। हमारा प्रयास होना चाहिए कि वैश्विक दक्षिण के लिए कार्य बिन्दु योजना तैयार हो और हमारी एक सशक्त आवाज

›› पेज 2 भी देखें



### विश्व संकट में है और यह अनुमान लगाना मुश्किल है

इससे पहले सत्र की प्रारंभिक टिप्पणी में श्री मोदी ने कहा कि हमने एक कठिन वर्ष को देखा जिसमें युद्ध, टकराव, आतंकवाद एवं भूराजनीतिक तनाव व्याप्त रहा। भोज्य पदार्थों, उर्वरकों एवं ईंधन के मूल्यों में वृद्धि हुई। जलवायु परिवर्तन के कारण प्राकृतिक आपदाएं आयीं तथा कोविड महामारी का दीर्घकालिक आर्थिक प्रभाव पड़ा। इससे स्पष्ट है कि विश्व संकट में है और यह अनुमान लगाना मुश्किल है कि यह अस्थिरता कब तक चलेगी। उन्होंने कहा कि वैश्विक दक्षिण के देशों का भविष्य सबसे ज्यादा दांव पर लगा है क्योंकि दुनिया की तीन चौथाई आबादी हमारे देशों में रहती है। इसलिए हमारी आवाज भी बराबरी से सुनी जानी चाहिए। चूंकि आठ दशक पुराने वैश्विक शासन का मॉडल बदल रहा है तो हमें एक नयी व्यवस्था को आकार देने की कोशिश करनी चाहिए।

गिर के जंगली इलाकों में बसे गावों में भी कई बार शेर मंडराते हुए आ जाते हैं

## शेर को परेशान कर रहे थे विभाग ने जेल भेज दिया



- आरोपियों ने इस घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में पोस्ट किया था
- पोस्ट के वायरल होते ही उनकी करतूतों की विभाग को भी जानकारी मिली

**राष्ट्रीय खबर**

**अहमदाबाद:** गुजरात के शेर को परेशान करने के आरोप में वन विभाग ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बता दें कि गिर के जंगली इलाकों में बसे गांवों में भी कई बार शेर मंडराते हुए आ जाते हैं। स्थानीय लोगों को ऐसे अवसरों पर क्या करना है और क्या नहीं करना है, इस बारे में पहले ही जागरुक किया गया है। इसके बाद भी अमरेली जिला के एक गांव में शेर को परेशान करने और उसे उसके शिकार से दूर भगाने के आरोप में तीन लोगों को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया। तीनों लोगों के बारे में बताया गया है कि गिरफ्तार कर जेल भेजे गये इन तीन लोगों में से दो लोग गुजरात के नहीं है। मिली जानकारी के मुताबिक तीनों आरोपियों ने मंगलवार को इस घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में पोस्ट किया था। पोस्ट के वायरल होते ही उनकी करतूतों के बारे में विभाग को भी जानकारी मिली। इसके बाद वन विभाग के शेत्रुंजी वन्यजीव प्रभाग की ओर से इन तीनों के खिलाफ कार्रवाई की गयी। विभाग द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि तीन आरोपियों में से दो गुजरात से बाहर के रहने

›› पेज 2 भी देखें

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का त्रिपुरा के चुनावी माहौल को भांपने पहुंचे

## भाजपा की रथ यात्रा के रूप में प्रचारित जन विश्वास यात्रा का समापन

- देश भर के लाखों गांव पीएम ग्राम सड़क योजना से जुड़े
- लंकापुरा गांव के लोगों से बात कर जानकारी हासिल की
- कहा कांग्रेस शासन में हर काम में भ्रष्टाचार होता था

**उत्तर पूर्व संवाददाता**

**गुवाहाटी:** इस साल होने वाले त्रिपुरा विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा की ह्यजन विश्वास यात्राह्ण को अब तक लोगों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। त्रिपुरा में ह्यरथ यात्राह्ण के रूप में प्रचारित जन विश्वास यात्रा का समापन गुरुवार को यहां उमाकांत मैदान में होना है, जहां पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने एक सभा को संबोधित किया है। श्री नड्डा 12 जनवरी को सुबह 11 बजे एमबीबी हवाई अड्डे पर उतरे थे और अगरतला के सीमावर्ती गांव लंकामुरा में रहने वाले लोगों से बातचीत करने गए थे। उन्होंने जांच की है कि उन्हें सरकारी योजनाएं मिल रही हैं या नहीं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने 12 जनवरी को कहा कि त्रिपुरा में यूपीए शासन के दौरान सड़क संपर्क परियोजनाएं लगभग अवरुद्ध हो गई थीं, लेकिन अब, भाजपा के कार्यकाल के दौरान देश भर के लाखों गांवों को पीएम ग्राम सड़क योजना के माध्यम से जोड़ा जा रहा है।

अगरतला में एक जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि अकेले त्रिपुरा में गांवों को जोड़ने के लिए 4,700 किलोमीटर से अधिक सड़कों का निर्माण किया जा रहा है।पिछली सरकारों के तहत भ्रष्ट नीतियों और आवंटनों के विपरीत, पीएमएवाई की मोदी सरकार की पहल ने गरीब लोगों के लिए 3 करोड़ से अधिक घरों का निर्माण करके परिणाम दिए।

विवेकानंद जी ने

›› पेज 2 भी देखें



### हमने रक्षा निर्यात में 300% से अधिक की वृद्धि दर्ज की

उन्होंने कहा, 'टीबी, टेटनस और खसरे के टीकों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में शामिल करना दशकों से अधिक का मामला था, लेकिन मोदी जी ने जनवरी 2020 में देश में दस्तक देने के तुरंत बाद एक टास्क-फोर्स का गठन करके कोविड के लिए टीके विकसित करने में केवल 9 महीने का समय लिया। जेपी नड्डा ने कहा कि कांग्रेस के शासन में, चाहे वह पनडुब्बी, हेलीकॉप्टर या बुलेट प्रूफ जैकेट के बारे में हो, यहां तक कि रक्षा से संबंधित हर चीज भ्रष्टाचार से प्रभावित थी। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में, हमने रक्षा निर्यात में 300% से अधिक की वृद्धि दर्ज की है।भाजपा नेता नड्डा ने कहा कि ब्रिटेन को पछाड़कर भारत दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। यह उपलब्धि विशेष है क्योंकि हमने एक ऐसे देश की अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ते हुए ऐसा किया, जिसने 200 से अधिक वर्षों तक हम पर शासन किया है।

## 30 जनवरी को श्रीनगर के लाल चौक पर तिरंगा फहराने का कार्यक्रम



**नईदिल्ली:** राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा आगामी तीस जनवरी को श्रीनगर के लाल चौक पर समाप्त होगी। इस मौके पर कांग्रेस की तरफ से शिवसेना, आरजेडी, जेडीयू, वाम दल, तृणमूल कांग्रेस, तेलगु देशम, भारत राष्ट्र समिति, समाजवादी पार्टी, बसपा सहित कुल 21 दलों को निमंत्रण भेजा गया है। इस सूची में अकेले आम आदमी पार्टी को बुलाया नहीं गया है। वैसे इसमें कांग्रेस छोड़कर नई पार्टी बनाने वाले गुलाम नबी आजाद को भी न्योता नहीं दिया गया है। पार्टी के नेता जयराम रमेश ने ट्विटर पर इस समारोह तथा इसमें शिरकत करने के लिए तमाम भाजपा विरोधी दलों क आमंत्रण देने की जानकारी दी है। उन्होंने लिखा है कि महात्मा गांधी की पुण्यथिति पर भारत जोड़ो यात्रा की समाप्ति होगी। इसी वजह से समान विचारधारा वाले तमाम दलों क इस समारोह में आमंत्रित किया गया है। सभी दलों के अध्यक्षों को यह पत्र कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे की तरफ से भेजा गया है। इसके पहले भी कई राजनीतिक दलों ने इस यात्रा की तारीफ की है। शिवसेना, डीएमके जैसे कुछ दल औपचारिक तौर पर इसमें शामिल भी हो चुके हैं। उत्तरप्रदेश में यात्रा चलने के दौरान सपा, बसपा और रालोद को भी बुलाया गया था। इन तीन दलों के प्रमुख इसमें शामिल नहीं हुए। सिर्फ औपचारिक तौर पर राष्ट्रीय लोक दल के प्रतिनिधियों ने राहुल की यात्रा में भाग लिया। हरियाणा में किसान संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा इस यात्रा को समर्थन देने तथा राहुल गांधी के साथ किसान नेताओं की चर्चा के बाद राजनीतिक समीकरण भी बदल गये हैं। खुद पार्टी के अध्यक्ष श्री खडगे ने कहा कि तीस जनवरी को भाजपा विरोधी सभी दलों के प्रमुक लोगों को बुलाया गया है। कांग्रेस के मुताबिक जम्मू कश्मीर के दो पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती भी इसमें शामिल होंगी।

म्यानमार सेना का सर्जिकल स्ट्राइक विद्रोहियों के शिविर पर हवाई हमला

## भारतीय सीमा के भीतर के गांव में गिरा एक बम

- कैंप विक्टोरिया के करीब है भारत का फारकॉन गांव
- मिजोरम के सीमावर्ती इलाके में इससे दहशत फैली
- हवाई हमले से नदी के पास खड़ी ट्रक को नुकसान

**भूपेन गोस्वामी**

**गुवाहाटी:** भारतीय सेना की तरह अब म्यानमार सेना ने भी आतंकवादियों के खिलाफ सर्जिकल स्ट्राइक करने लगी है।म्यांमार की सेना ने भारत से लगी सीमा के करीब हवाई हमला किया है। सीमा के पास म्यांमार के क्षेत्र में स्थित विद्रोही गुट (चिन ह्यूमन राइट्स ऑर्गनाइजेशन) के शिविर पर हवाई हमला किया गया। इस दौरान एक बम भारत के गांव में गिरा है। बम धमाके से कोई हताहत नहीं हुआ है। म्यांमार की सेना द्वारा बमबारी किए जाने से मिजोरम राज्य के चम्फाई जिले में शिविर के पास दहशत फैल गई है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार कम से कम एक गोला भारत के क्षेत्र में गिरा। चम्फाई जिले के एक अधिकारी के अनुसार बम धमाके में कोई हताहत नहीं हुआ। सीमा के पास नदी के किनारे मौजूद एक ट्रक क्षतिग्रस्त हो गया है। म्यांमार के अन्य क्षेत्रों में भी हवाई बमबारी की गई है। इसके चलते बांग्लादेश और थाईलैंड के साथ म्यांमार का तनाव बढ़ गया है। म्यांमार में लगभग दो साल पहले सेना ने तख्तापलट कर सत्ता पर कब्जा कर लिया था। इसके बाद से म्यांमार में अशांति है। म्यांमार की सेना ने चिन राज्य के कैंप विक्टोरिया पर हवाई हमले शुरू किए थे। ये हमले रात तक जारी रहे। इन हमलों में विद्रोही संगठन चिन ह्यूमन राइट्स ऑर्गनाइजेशन को निशाना बनाया गया। संगठन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार हवाई हमले में उसके पांच सदस्यों की मौत हुई है, जिसमें दो

›› पेज 2 भी देखें



### यंग मिजो एसोसिएशन बमबारी की कड़ी निंदा की

यंग मिजो एसोसिएशन (वाईएमए) ने म्यांमार मिलिट्री जेट फाइटर द्वारा भारतीय भूमि पर बमबारी की कड़ी निंदा की। वाईएमए, तुइपुइरल समूह पिछले दो महीनों से कई बार वाईएमए, तुइपुइरल ग्रुप के क्षेत्र में भारतीय क्षेत्र के ऊपर से सैन्य जेट लड़ाकू विमानों के उड़ान भरने और फिर भारत की धरती पर बम गिराने की कड़ी निंदा करता है। उन्होंने कहा, ह्यह्वयह हमारी महान मातृभूमि भारत पर जेट लड़ाकू विमानों द्वारा भारत-म्यांमार सीमा लोडरों और आम लोगों, विशेष रूप से भारत क्षेत्र में रहने वाले लोगों को डराने वाला और डराने वाला एक दर्दनाक हमला है। कई किसानों और श्रमिकों को डर के कारण अपने काम को रोकने के लिए मजबूर होना पड़ा है जब जेट-फाइटर्स ने 11 जनवरी 2023 को दो और बार बम गिराना जारी रखा।

**अनुसंधान** › दुनिया में धान की उपज बढ़ाने का नया शोध सफल होने का दावा

# इस हाईब्रिड धान में 95 फीसद सफलता

- अधिक उपज और बीमारी से बचाव भी
- किसानों को फायदा पहुंचाने की सोच
- जेनेटिक सुधार कर तीन फसल लेंगे

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** एक अंतर्राष्ट्रीय टीम ने हाईब्रिड धान बनाने का परीक्षण सफलता पूर्वक पूरा कर लिया है। इसके बारे में बताया गया है कि इसकी फसल दूसरी प्रजातियों से बहुत अधिक है और उसके दानो 95 प्रतिशत तक होते हैं। लिहाजा इस धान के धान की पैदावर बहुत अधिक बढ़ायी जा सकती है। इससे चावल की कमी भी दुनिया में दूर होगी। दुनिया के अनेक देशों में चावल ही मुख्य भोजन होने की वजह से इस उपलब्धि को पूरी दुनिया के अनाज संकट के लिहाज से

›› पेज 2 भी देखें



### नई हाईब्रिज प्रजाति के धान ने बंपर फसल की हैं

दुनिया की लगभग आधी आबादी का मुख्य भोजन चावल ही है। धान से ही चावल बनता है। परीक्षण में यह पाया गया है कि इस नई हाईब्रिज प्रजाति के धान ने पहली बार में बंपर फसल की है लेकिन दूसरी बार में उपज कम हो गयी थी। इसलिए ऐसे धान की खेती के लिए बार बार हाईब्रिज धान की बीज हासिल करना भारत जैसे देश के किसानों के लिए एक कठिन चुनौती है। इस बारे में यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया के इंटरनेशनल राइस रिसर्च इंस्टिट्यूट में कार्यरत भारतवंशी वैज्ञानिक गुरुदेव खुश कहते हैं कि अभी दुनिया के धान उगाने वाले किसानों तक इसका फायदा पहुंचाने में थोड़ा वक्त लगेगा। वह इस विश्वविद्यालय के प्लांट साइंस विभाग के प्रोफसर है। खुश को इससे पहले भी विभिन्न किस्म के धान की उपज को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 1996 में भी वर्ल्ड फूड प्राइज मिल चुका है। इस नई प्रजाति की पहली फसल के जैसा ही बार बार धान मिले, उसके लिए इसके क्लोन पर विचार चल रहा है।

## तिगारे विद्रोहियों ने भारी हथियारों का आत्मसमर्पण किया

**राष्ट्रीय खबर**

**अदीस अबाबा:** तिगारे विद्रोहियों ने अब अपने पास के भारी हथियारों को इथोपिया की सेना को सौंपना प्रारंभ कर दिया है। दोनों पक्षों में हुई शांति वार्ता के बाद यह काम अमल में लाया जा रहा है। इसके पहले चरण में तिगारे विद्रोही सिर्फ अपने पास के भारी हथियार ही इथोपिया की सेना को सुपुर्द कर रहे हैं। अफ्रीकन यूनियन ने इस पहल को इलाके में स्थायी शांति बहाल करने की दिशा में बहुत बड़ा कदम बताया है। याद दिला दें कि वहां पिछले दो वर्षों से इथोपिया की सेना और तिगारे विद्रोहियों के बीच हिंसक टकराव चल रहा था। इसकी वजह से लाखों लोग इलाका छोडकर दूसरे देशों में शरणार्थी बन गये हैं। सरकार ने भी तिगारे विद्रोहियों को सबक सीखाने के लिए वहां राहत आवंटन भी काफी समय से रोक रखा था। इसके अलावा वहां मोबाइल नेटवर्क और इंटरनेट भी बंद कर दिया गया था। राहत बंद होने की वजह से हजारों लोग वहां भुखमरी के शिकार पहले ही हो चुके हैं। इससे पहले प्रधानमंत्री आबी अहमद ने आरोप लगाया था कि तिगारे पीपल्स लिबरेशन फ्रंट ने इलाके पर कब्जा करते हुए सरकार को गिराने की साजिश रची थी। इन विद्रोहियों ने कई सैन्य शिविरों तक पर कब्जा कर लिया था। वर्ष 2021 में भी तिगारे विद्रोही

›› पेज 2 भी देखें



**शहर >> अपडेट**

## राहुल की याचिका दूसरे बेंच में

**रांची :**भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ कांग्रेस के वर्ष 2018 के अधिवेशन में टिप्पणी करने से जुड़े रांची सिविल कोर्ट में दर्ज केस को निरस्त करने को लेकर कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा दाखिल याचिका पर आंशिक सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति नवनीत कुमार की कोर्ट ने मामले को दूसरे सक्षम बेंच में ट्रांसफर करने का निर्देश दिया। भाजपा नेता नवीन झा की ओर से कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के खिलाफ रांची सिविल कोर्ट में शिकायतवाद दर्ज कराया गया है। इससे पहले नवीन झा ने लीगल नोटिस देकर राहुल गांधी से उनके द्वारा अमित शाह के खिलाफ की गई टिप्पणी पर माफी मांगने को कहा था।
राहुल गांधी द्वारा माफी नहीं मांगे जाने पर नवीन झा ने रांची सिविल कोर्ट में शिकायतवाद दर्ज की थी। दरअसल, राहुल गांधी द्वारा वर्ष 2018 में कांग्रेस के अधिवेशन में तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ टिप्पणी करने से जुड़ा है। जिसमें राहुल गांधी ने कहा था कि कांग्रेस में कोई हत्यारा राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं बन सकता है। कांग्रेसजन किसी हत्यारा को राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वीकार नहीं कर सकते हैं, यह भाजपा में ही पॉसिबल है। नवीन झा ने राहुल गांधी के इस बयान के खिलाफ रांची सिविल कोर्ट में शिकायतवाद दर्ज कराई थी।

**बैठक** झारखंड प्रदेश कांग्रेस समिति की विस्तारित कमेटी की बैठक में नियोजन नीति पर बल दिया

# धर्मकोड के मुद्दे पर राष्ट्रपति से मिलेगा प्रतिनिधिमंडल

- मॉब लिंचिंग, वनाधिकार कानून और पेसा कानून पर चर्चा
- पूर्व विधायक ममता देवी के साथ पूरी प्रदेश कमेटी खड़ी है
- श्रीमती गांधी और खडगे का भी आभार व्यक्त किया गया

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** प्रदेश कांग्रेस की विस्तारित कमेटी की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा के बाद प्रस्ताव पारित किया गया है। इसमें कहा गया है कि राज्य में फुल प्रूफ नियोजन नीति बनाकर नियुक्ति की प्रक्रिया को तेज किया जाये। पंचायत सचिव एवं पंचायत सचिव की नियुक्तियों को पूरा किया जाये।धर्मकोड को लागू करने के लिए झारखंड विधानसभा से एक प्रस्ताव पारित करके केन्द्र को अनुशंसा भेजा गया था। परन्तु अब तक कोई निर्णय नहीं लिए जाने के फलस्वरूप प्रदेश कांग्रेस कमिटी का एक प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रपति से मिलकर इस आशय का ज्ञापन सौंपेगा। इसके अलावा मॉब लिचिंग के अधिनियम में राजभवन द्वारा उल्लेखित त्रृटियों को दूर आगामी सत्र में पुनः उपस्थापित कर एवं पारित कराकर राज्यपाल महोदय को अनुमोदन के लिए भेजा जाए। वन अधिकार अधिनियम 2006 के प्रावधानों के क्रियान्यवन में तेजी लायी जाए और केन्द्र सरकार द्वारा इस अधिनियम में किये गये संशोधन का विरोध करता है। इसके साथ साथ मांग की गयी है कि आदिवासी हितैषी पेसा कानून (पंचायत के प्रावधान का विस्तार अनुसूचित क्षेत्र में ) 1996 को समुचित क्रियान्वयन हेतु पेसा नियमावली बनाने का कार्य शीघ्र से शीघ्र पूरा कराया जाए। प्रधानमंत्री आवास योजना -ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस योजना में निबंधित परिवारों के लिए 6,32391 आवासों के भौतिक लक्ष्य उपलब्ध कराने के संबंध में माननीय मुख्यमंत्री झारखंड के पत्रांक- 390016, दिनांक 1.11.2022 के द्वारा भारत सरकार से अनुरोध किया गया था। इस संबंध में ग्रामीण विकास मंत्री के स्तर पर पुनः स्मारित कराने का पत्र भारत सरकार को भेजा जाए। आदिवासियों के धार्मिक स्थल तथा गैरमजरूआ खासमहल जमीन संबंधित विसंगतियों का अध्ययन विशेष कमिटी द्वारा कराकर रैयतों को समाधान देने का आग्रह माननीय मुख्यमंत्री से किया जाए। जनहित के मुद्दों पर संघर्षपूर्ण आंदोलन के कारण श्रीमती ममता देवी जी आज जेल में हैं और उन्हें विधानसभा की सदस्यता तक गंवानी पड़ी। कमेटी उनके जुझारू नेतृत्व और संघर्ष की प्रशंसा का प्रस्ताव पारित करती है और प्रदेश कांग्रेस उनके साथ खडी है। इसके अलावा कमेटी की बैठक में पूर्व अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी जी के शानदार नेतृत्व की प्रशंसा करते हैं एवं वर्तमान अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी के नेतृत्व की सराहना करते हुए पूरी ताकत से उनके कामों को पूरा करने का संकल्प लिया गया है। प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में महासचिव को जिलावार प्रभारी एवं सचिव को विधानसभावार प्रभारी के रूप में कार्य विभाजन किया गया है।

## हफीजुल हसन ने कहा-युवाओं की मदद को सरकार तैयार

**रांची :**स्वामी विवेकानंद जयंती 2023 के मौके पर गुरुवार (रांची) स्थित विवेकानंद प्रतिमा स्थल पर राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम का आयोजन खेलकुद विभाग, झारखंड की ओ? से किया गया। इस दौरान विवेकानंद को स्मरण करते विभागीय मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि राष्ट्रीय युवा दिवस और स्वामी विवेकानंदजी की जयंती एक ही दिन होना खास है। स्वामीजी महान दार्शनिक थे। उनका जीवन दर्शन और विचार आज भी प्रासंगिक है। युवाओं को उनके संदेश सदा प्रेरित करते आये हैं। रामकृष्ण मिशन के जरिये समाज सेवा उनकी ही देन है। उठो जागो जब तक आप मंजिल ना पा लो, इस संदेश को आत्मसात करने से युवा अपने जीवन में कोई भी लक्ष्य हासिल कर सकता है। हमारा राज्य भी अब 23 वर्ष का युवा हो गया है। राज्य सरकार अपने युवाओं को हरसंभव मदद को तैयार है। युवा शक्ति ही राष्ट्रशक्ति है। मौके पर विभिन्न प्रतियोगिताओं (भाषण, पेंटिंग व अन्य) के विजेताओं को मंत्री ने सम्मानित भी किया। इस दौरान विभागीय सचिव मनोज कुमार, संयुक्त सचिव हिमांशु मोहन, खेल निदेशक सरोजिनी लकड़ा, रामकृष्ण मिशन के स्वामी भवेशानंदजी, एनएसएस के स्टेट ऑफिसर डॉ ब्रजेश कुमार, रांची डीएसओ संजीत कुमार, रामगढ़ डीएसओ रूपा रानी तिर्की सहित विभिन्न जिलों के डीएसओ व कई अन्य भी उपस्थित थे।

## पेज एक का शेष

### विकास पर एक आवाज .. ..

हो ताकि हम सब मिलकर बाहरी परिस्थितियों एवं अंतरराष्ट्रीय तंत्रों पर निर्भरता के दुष्चक्रों से बाहर निकल सकें। उन्होंने कहा कि अधिकतर वैश्विक चुनौतियां दक्षिणी देशों ने नहीं पैदा की हैं, लेकिन उनका प्रभाव हम पर पड़ रहा है। हमने कोविड महामारी, जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद और यूक्रेन युद्ध के असर को झेला है। इन चुनौतियों के समाधान की खोज में ना तो हमारी कोई भूमिका है और न ही हमारी आवाज को कोई स्थान मिला है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने हमेशा वैश्विक दक्षिण के हमारे बंधुओं के साथ अपने विकास के अनुभवों को साझा किया है। हमारी विकास साझीदारी सभी भूभागों और विभिन्न क्षेत्रों में होगी। हमने 100 से अधिक देशों को महामारी के दौरान दवाएं एवं टीकों की आपूर्ति की। भारत हमारा साझा भविष्य तय करने के लिए विकासशील देशों की ज्यादा बड़ी भूमिका की खातिर हमेशा खड़ा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस साल भारत जी 20 की अध्यक्षता कर रहा है। जी 20 में हमारी थीम एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य है। उन्होंने कहा कि हम मानव केन्द्रित विकास में एकरूपता के मार्ग का अनुसरण करते हैं। हमें एकजुटता से वैश्विक राजनीतिक एवं वित्तीय शासन को रूपांतरित करने की कोशिश करनी चाहिए। इससे असमानता खत्म होगी, अवसर बढ़ेंगे तथा विकास को रफ्तार मिलेगी। प्रगति एवं समृद्धि बढ़ेगी।

### शेर को परेशान कर रहे थे ...

वाले हैं। वीडियो में एक वाहन में बैठे कुछ लोगों को एक शेर का पीछा करते हुए देखा जा सकता है। जांच के दौरान पता चला कि यह वीडियो मंगलवार को अमरेली जिले के जाफराबाद तालुका के लुनसापुर गांव में बनाया गया गया था। वन विभाग के अनुसार वन्यजीव संरक्षण कानून के तहत शेर अनुसूची -1 में आता है और इस तरह के कृत्य कानून द्वारा प्रतिबंधित हैं। वन विभाग ने इस घटना के सिलसिले में गिर सोमनाथ जिले के मनोज वंश (30), असम के मूल निवासी राणा कालिता (30) और एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। तीसरा आरोपी 18 साल का है और वह उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। तीनों आरोपियों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण कानून की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

### भारतीय सीमा के भीतर .. ..

महिलाएं थीं।बता दें कि चिन राज्य के विक्टोरिया में जातीय सशस्त्र समूह चिन नेशनल आर्मी का मुख्यालय कैंप है। यह मिलिशिया कुछ समय के लिए निष्क्रिय हो गया था। 1 फरवरी 2021 को म्यांमार के सैन्य तख्तापलट के बाद से इसने लोकतंत्र समर्थक नागरिक मिलिशिया के साथ मिलकर म्यांमार की सेना के खिलाफ अभियान शुरू किया है। कैंप विक्टोरिया के दो से पांच किलोमीटर के दायरे में मिजोरम का फारकॉन गांव है। अंतरराष्ट्रीय सीमा पर भारतीय हिस्से में तियाउ नदी के पास काम करने वाले लोग गोलाबारी की आवाज सुनकर भाग गए।गांव के श्वेगु मठ में, हमले के दौरान सितागू के दस संरक्षक संत भिक्षुओं में से एक, अशिन गदरथारा मारे गए थे।शासन के पसंदीदा भिक्षुओं के नेता मिन आंग हलांग में से एक, सितागु सयादाव अशिन न्यानिस्सारा ने सीतागु बौद्ध अकादमी का निर्माण किया।उन्होंने पिछले साल मार्च में जुंता नेता को 'शाही' और बुद्धिमान एवं उदार राष्ट्राध्यक्ष के रूप में संदर्भित किया था। सैनिक जुंता द्वारा की गई भयावहता के बारे में, सितागु सयादाव चुप हैं।

### भाजपा की रथ यात्रा के .. ..

भविष्यवाणी की थी कि भारत आत्मनिर्भर देश के रूप में आगे बढ़ेगा। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि भारत के युवा पीएम मोदी जी के नेतृत्व में उसी दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

### इस हाईब्रिड धान .. .. ..

पत्रिका नेचर कम्युनिकेशंस में इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी है। दावा किया गया है कि यह नई और हाईब्रिड प्रजाति बीमारियों से भी लड़ सकती है और कम आय वाले किसानों के लिए काफी अधिक आमदनी देने वाली है। दरअसल धान का उत्पादन ही पहले के मुकाबले काफी अधिक होने की वजह से ही किसानों की आमदनी बढ़ जाएगी। इसके अलावा इसमें बीमारियों से बचने की अपनी प्रकृति है। इससे किसानों को धान में कीड़ा लगने अथवा किसी बीमारी से नुकसान होने के नुकसान से भी बचाव होगा।
ऐसा होने पर हर बार धान की उपज एक जैसी ही रहेगा और गरीब देश के किसानों को इससे वास्तविक लाभ होने के साथ साथ धान यानी चावल की वैश्विक कमी भी कुछ ही वर्षों में दूर हो जाएगा। वरना आम तौर पर हाईब्रिड बीज की परेशानी यह है कि उसे बार बार खरीदना पड़ता है जो भारत जैसे देश के छोटे किसानों के लिए संभव नहीं है। इसलिए अब हाईब्रिज धान बीज का क्लोन बनाने पर शोध चल रहा है। इस काम में यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया के वैज्ञानिक सुंदरेशन के अलावा फ्रांस, जर्मनी और घाना के वैज्ञानिक भी एक साथ मिलकर काम कर रहे हैं। उनकी सोच है कि किसानों को ऐसी बीज मिले जो कमसे कम तीन फसल तक उन्हें बेहतर आमदनी दे सके। इससे किसानों की आय बढ़ने का रास्ता प्रशस्त होगा और लोगों को भी कम कीमत पर चावल मिल पायेगा। इस काम को पूरा करने के लिए भी जेनेटिक विज्ञान का सहारा लिया जा रहा है। इसके तहत धान के बीज को कोष में जेनेटिक बदलाव करने का प्रयास हो रहा है ताकि हाईब्रिड और अधिक फसल देने वाली बीज से उत्पन्न धान के पौधों से भी बीज हासिल कर अगले दो बार उतनी ही फसल प्राप्त हो। कम जमीन पर अधिक फसल का दूसरा फायदा उर्बरकों का कम उपयोग भी होगा। इससे कमसे कम गरीब किसानों को धान उत्पादन की लागत को कम किया जा सकेगा।

### तिगारे विद्रोहियों ने भारी .. ..

राजधानी अदीस अबाबा के काफी करीब पहुंच गये थे। बाद में किसी तरह उन्हें पीछे धकेला जा सका था। तिगारे पीपल्स लिबरेशन फ्रंट के प्रवक्ता गेटाचू रेडा ने कहा कि शांति वार्ता और बड़े हथियारों को सेना को सुपुर्द करने के बाद जो शांति आयेगी वह दीर्घस्थायी होगी। उन्हें उम्मीद है कि सरकार अपने वादे पर कायम रहेगी। तिगारे विद्रोहियों ने हथियारों के समर्पण के तहत बख्तरबंद वाहन, रॉकेट लॉचर और मोर्टार जैसे बड़े हथियार सौंप दिये हैं। इथोपिया की सेना के लेफ्टिनेंट कर्नल आलेमी ताडेल की मौजूदगी में यह काम पूरा किया गया है। इस मौके पर अफ्रीकन यूनियन के प्रतिनिधि भी मौजूद थे, जिन्होंने यह काम पूरा होने की बात कही है। इसके बाद सरकार की तरफ से भी वहां धीरे धीरे जनोपयोगी व्यवस्थाओं को बहाल किया जाने लगा है। इनमें बिजली, बैंक चालू हो गये हैं पर उनके संचालन की गति अभी धीमी है। शेष बाधित सेवाओं को भी शीघ्र ही चालू कर लिया जाएगा।

विधानसभा के बजट सत्र से पहले आएगी नयी नियोजन नीति

# सरकार पुरानी नीति को लागू करने पर कर रही है विचार

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:**झारखंड हाई कोर्ट द्वारा हेमंत सरकार की नियोजन नीति को खारिज करने के बाद अब नये सिरे से नियोजन नीति पर मंथन शुरू हो गया है। विधानसभा के बजट सत्र से पहले सरकार नयी नियोजन नियोजन नीति लाने की तैयारी में है। जानकारी के अनुसार विधानसभा के बजट सत्र में इससे सम्बंधित संशोधन विधेयक सदन में सरकार पेश करे। झामुमो ने पहले ही इसका संकेत दे रखा है। राज्य के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने भी यह कहा है कि बजट सत्र से पहले जैसा राज्य के युवा चाहते हैं वैसा ही नियोजन नीति सरकार लाएगी।
जो जानकारी मिल रही है उस हिसाब से हाई कोर्ट से नियोजन नीति खारिज होने के बाद से ही सरकार इस मामले पर बैक फूट पर है। विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान विपक्ष ने नियोजन नीति पर सरकार को कठघरे में खड़ा किया था। इसके बाद कांग्रेस पार्टी का रुख भी इस मामले पर तल्ख देखा गया था।
बुधवार को रामगढ़ में और गुरूवार को रांची में हुई कांग्रेस की बैठक में भी मुख्य रूप से इसपर चर्चा हुई और सरकार पर जल्द नियोजन नीति लाने के लिए दवाब बनाने पर जोर दिया गया। राज्य के युवाओं ने भी इस मामले पर कोर्ट के फैसले के बाद से ही सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद कर रखा है। नयी नियोजन नीति को लेकर बुधवार को मुख्य सचिव सुखदेव सिंह की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के सचिवों की एक अहम बैठक हुई। मुख्य सचिव ने पुरानीं नियमावली के हिसाब से ही नयी नियोजन नीति बनाने का निर्देश दिया है। सूत्रों के मुताबिक राज्य सरकार ने अब तक झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से होने वाली नियुक्तियों के लिए झारखंड से ही 10वीं और 12वीं की पढ़ाई की शर्त रखी थी। जिसे इस बैठक में हटाने का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही एक अन्य बदलाव क्षेत्रीय भाषा को लेकर की गई है।

# सरकारी स्कूल के बच्चे व्यवसायिक शिक्षा भी प्राप्त करेंगे

- प्रशिक्षित हेडमास्टर और टीचर करेंगे बच्चों का मार्गदर्शन
- 11 ट्रेड में होगी व्यवसायिक शिक्षा

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन राज्य के बच्चों को हर क्षेत्र में कुशल बनाने और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए कड़ी दर कड़ी जोड़ रहे हैं। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए झारखण्ड के 80 उत्कृष्ट विद्यालयों एवं 325 प्रखण्ड स्तरीय आदर्श विद्यालयों में बच्चों को व्यवसायिक शिक्षा भी प्राप्त होगी। इसके लिए प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है। मार्च से राज्य स्तरीय कार्यक्रम में व्यवसायिक शिक्षा लैब का शुभारंभ किया जाएगा। सरकारी स्कूल के बच्चों को सरकार कुल 11 ट्रेड में व्यवसायिक प्रशिक्षण कराएगी। बच्चों को एग्रीकल्चर, आईटी, आईटीईएस, अपारेल एण्ड मेडअप एण्ड होम फर्निशिंग, मीडिया एंड एंटरटेनमेंट, ऑटोमोटिव, टूरिज्म एण्ड हॉस्पिटालिटी, ब्यूटी एण्ड वेलनेस, मल्टीस्किलिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड हार्डवेयर, रिटेल और हेल्थकेयर में प्रशिक्षण दिया जाएगा। संबंधित ट्रेड से जुड़े राज्य स्तरीय प्रतिष्ठानों एवं संस्थानों के साथ इंडस्ट्रियल फील्ड विजिट के माध्यम से ऑन जॉब ट्रेनिंग की व्यवस्था की जा रही है ताकि भावी जीवन में उनके रुचि के अनुसार रोजगार के अवसर भी उपलब्ध हो सके। 80 उत्कृष्ट विद्यालयों एवं 325 प्रखण्ड स्तरीय आदर्श विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों का ऑनलाइन प्रशिक्षण दो चरणों में नेशनल सेंटर फॉर स्कूल लीडरशिप द्वारा कराया जा चुका है। 80 उत्कृष्ट विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों का दो चरण में प्रशिक्षण अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा पूर्ण कर लिया गया है। जबकि माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों का शिक्षा आवश्यकता आकलन ळठअ हेतु अजीम प्रेमजी फाउंडेशन फ्रेमवर्क तैयार किया गया है।

## मुख्यमंत्री ने स्वामी विवेकानंद दी श्रद्धांजलि

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने महान विचारक और दार्शनिक तथा युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनके दर्शन और विचार सदैव प्रासंगिक रहेंगे। मुख्यमंत्री ने आज राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर भी सभी को अनेक-अनेक शुभकामनाएं दी।

# कोयला ब्लॉको की नीलामी 16 को

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** कोयला मंत्रालय ने 3 नवंबर, 2022 को 141 कोयला खदानों के लिए वाणिज्यिक कोयला खदानों की नीलामी की 6वीं ट्रेंच और 5वीं ट्रेंच के लिए दूसरा प्रयास शुरू किया। मौजूदा ट्रेंच के तहत कोयला खदानों को निवेशक समुदाय की विभिन्न मांगों को देखते हुए चुना गया है। उद्योग के फीडबैक के आधार पर कुछ कोयला खदानों का आकार बदला गया है, ताकि उनका आकर्षण बढ़ाया जा सके।समय-सीमा के अनुसार निविदादाता 13 जनवरी, 2023 को दोपहर 12 बजे तक इलेक्ट्रॉनिक प्लेटफॉर्म पर ऑनलाइन और उसी दिन अपराहन 4 बजे तक भौतिक रूप से अपनी निविदा जमा कर सकते हैं। ये निविदाएं 16 जनवरी, 2023 को निविदादाताओं के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सुबह 10 बजे खोली जायेगी।

प्रदेश कांग्रेस प्रभारी अविनाश पाण्डेय पर न्यायालय की अवमानना का मुकदमा दर्ज हो

# राज्य संपोषित भ्रष्टाचार पर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी मौन क्यों?: दीपक प्रकाश

- नियोजन नीति पर कांग्रेस पार्टी का दोहरा चरित्र
- कांग्रेस प्रदेश प्रभारी के बयान पर दी प्रतिक्रिया
- कांग्रेस को आम जनता से कुछ लेना देना नहीं

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि कांग्रेस पार्टी राज्य संपोषित भ्रष्टाचार पर आखिर चुप क्यों है? उन्होंने कहा कि राज्य की जनता यह जानना चाहती है कि राज्य में कांग्रेस के सहयोग से चल रही सरकार में खनिज संसाधनों की लूट मची है। चौतरफा भ्रष्टाचार से जनता त्राहि त्राहि कर रही लेकिन कांग्रेस कार्यसमिति ने इसपर चिंता व्यक्त करना भी उचित नहीं समझती। उन्होंने क्या कि राज्य में विकास शून्यता है, अपराधी बेलगाम हैं,बेटी बहनों की इज्जत सुरक्षित नहीं है। बेटियों को अपराधी जलाकर,टुकड़ों टुकड़ों में काटकर निर्मम हत्या कर रहे। घुसपैठिए लगातार आदिवासी,दलितों की जमीन छीन रहे,गरीबों के अनाज की लूट मची है,सड़क बिजली,पानी,चिकित्सा का बुरा हाल है लेकिन लगता है कांग्रेस पार्टी को जनसमस्याओं से कुछ भी लेना देना नही है। श्री प्रकाश ने कहा कि कांग्रेस पार्टी केवल सत्ता सुख चाहती है। उसे राज्य के विकास से कुछ भी लेना देना नही है।आज राज्य बेरोजगारी दर में देश में सबसे ऊपर है।लेकिन राज्य सरकार लगातार युवाओं को दिग्भ्रमित कर रही है। श्री प्रकाश ने कहा कि कांग्रेस पार्टी नियोजन नीति पर स्वयं भी दिग्भ्रमित है और जनता को भी दिग्भ्रमित कर रही है। कहा कि यही कांग्रेस है जो सरकार की नियोजन नीति का बखान करते थक नहीं रही थी और आज उसे परिवर्तन करने की मांग भी कर रही है। यह कांग्रेस का दोहरा चरित्र है।कांग्रेस पार्टी अपने खिसकते जनाधार से परेशान है। कहा कि कांग्रेस पार्टी के प्रदेश प्रभारी ने जिसप्रकार से अपने विधायक ममता देवी की सदस्यता समाप्तिके संबंध बयान दिया है वह पूरी तरह न्यायालय की अव मानना है । श्री पांडेय पर आवमाना का मामला दर्ज होना चाहिए।

**कयास** खरमास बाद पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी को मिल सकती है बड़ी जिम्मेदारी

# 2024 के चुनावों में बन सकते हैं खेवैया!

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** खरमास खत्म होने के साथ ही प्रदेश भाजपा में बड़े फेरबदल के संकेत हैं। 16-17 जनवरी को दिल्ली में भाजपा कार्यकारिणी की बैठक होनी है। इसी क्रम में संभावना जतायी जा रही है कि भाजपा विधायक दल के नेता और पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी को और बड़ी जवाबदेही मिल जाए।
14 जनवरी को खरमास खत्म होने और दिल्ली की बैठक के बाद 23 जनवरी को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की दो दिवसीय बैठक होगी। मुमकिन है कि इस बैठक से पूर्व तक दीपक प्रकाश से कमान लेकर प्रदेश भाजपा का नेतृत्व बाबूलाल को थमा दिया जाये। देवघर में होने वाली बैठक भी उन्हीं की अध्यक्षता में हो। प्रदेश भाजपा को नया अध्यक्ष तो मिलेगा ही, नयी प्रदेश कमिटी भी गठित हो जाये।

## गृह मंत्री के चाईबासा दौरे के बाद बढ़ी संभावनाएं

गौरतलब है कि पिछले दिनों गृह मंत्री और भाजपा के पूर्व अध्यक्ष अमित शाह चाईबासा आए थे। इस दौरान 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में कमल का साथ देने की अपील उन्होंने जनता से की थी। मंच पर उनके ठीक बगल में बाबूलाल मरांडी बैठे थे। जानकारी के मुताबिक पार्टी प्रोटोकॉल के हिसाब से अमित शाह के भाषण से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश का भाषण होना था पर इस प्रोग्राम में बाबूलाल मरांडी को यह मौका मिला। इसके अलावे गृह मंत्री ने अपने भाषण में बाबूलाल को अहमियत देते दिखे। जनजाति समाज को केंद्र की ओर से मिले सौगातों की चर्चा की। द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति के तौर पर स्थापित करना, धरती आबा बिरसा मुंडा के जन्मदिवस को राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस घोषित किए जाने समेत दूसरे उदाहरणों की चर्चा की। इस आधार पर अब संभावना बनती दिख रही है कि दीपक प्रकाश का प्रदेश अध्यक्ष का कार्यकाल खत्म होने के बाद अब प्रदेश भाजपा की कप्तानी बाबूलाल को ही थमायी जाए।

## बाबूलाल से ही हेमंत को चुनौती

करीब तीन वर्षों में जिस तरह से हेमंत सोरेन सरकार ने आदिवासी समाज को अपने पाले में करने की कोशिश की है, उसका तोड़ फिलहाल भाजपा के पास नहीं दिख रहा। चाहे वह सरना धर्म कोड को लेकर विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर केंद्र को प्रस्ताव भेजना हो, 1932 का खतियान और नियोजन नीति लाकर भावनात्मक रूप से ट्राइबल समाज को अपने साथ खड़ा करना हो, इन कदमों से वह फिलहाल भाजपा से कई कदम आगे दिख रही है। अब भाजपा नेतृत्व इसके लिए बाबूलाल मरांडी को ही उनके मुकाबले में प्रमोट करने के प्रयास में है। मुमकिन है कि 2024 के लोकसभा और झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए भी बाबूलाल मरांडी ही अहम दायित्व निभाएं।

## शहर >> अपडेट

### टेक्निकल छात्र संघ ने कुलपति को नववर्ष की बधाई

**रांची:** टेक्निकल छात्र संघ के बैनर तले तकनीकी विश्वविद्यालय में अभिषेक बनर्जी ने कुलपति डॉ विजय पांडे जी को एक बार फिर से प्रभारी कुलपति के नियुक्ति (जब तक कुलपति नयुक्त नही होते तब तक प्रभारी कुलपति) होने तथा नए साल के उपलक्ष में गुलाब का फूल दे कर शुभकमाना और बधाई दिया और कुलपति से आशीर्वाद लिया साथ ही विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ विप्लव किशोर पांडे सर से भी मुलाकात की उसको भी गुलाब का फूल दे कर नए साल का बधाई दिया और बीटेक के 4 सेमेस्टर के रिजल्ट के बारे में जानकारी ली पांडे ने कहा कहा 4वें सेमेस्टर का रिजल्ट 2 दिन भीतर रिजल्ट जारी करने के लिए आश्वासन दिया श्री बनर्जी ने परीक्षा नियंत्रक को रिजल्ट वेबसाइट में जारी करने को ले कर भी मांग किया क्यों की छात्र को रिजल्ट सही समय पर नही मिल पाता है।

**बैठक** उद्योग विभाग की बैठक, व्यापारियों ने कहा

# झारखंड में जमीन, लीज आवंटन बिजली उद्योगों के लिये संकट

▶▶ सचिव ने कहा विभाग समाधान के लिये तत्पर

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** उद्योग विभाग की ओर से व्यापारियों उद्यमियों के साथ साथ बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें झारखंड चैंबर ऑफ कॉर्मस समेत अन्य औद्योगिक संगठनों के सदस्यों ने अपनी बात रखी। बैठक में उद्योग सचिव वंदना दादेल, निदेशक जितेंद्र कुमार सिंह समेत जियाडा के अधिकारी शामिल रहें। इस दौरान मुख्य रूप से जमीन, लीज आवंटन, जीएसटी, बिजली, आधारभूत सरंचना समेत मामलों में व्यापारियों ने अपनी बात रखी। व्यापारी अजय भंडारी ने बताया कि राज्य में बड़े उद्योगों को काफी महत्व दिया जाता है। लेकिन राज्य के क्षेत्रीय उद्यमी काफी समस्याओं से जूझ रहे है। सीएनटी जमीन आवंटन के लिये भी अलग से प्रावधान है। लेकिन सरकार और विभाग को इस मामले में पहल करने की जरूरत है। कई ऐसे मामलें आयें है जब उद्यमियों को जमीन के कारण किसी दूसरे राज्य में उद्योग लगाना पड़ता है। जमीन ट्रांसफर के लिये बनी प्रावधानों में भी सुधार की जरूरत है। कोयला एक ऐसी वस्तु है, जिसका सभी उद्योगों में लगभग इस्तेमाल है। लेकिन जेएसएमडीसी से कोयला भी समय पर उपलब्ध नहीं हो पाता। वहीं, आधारभूत संरचना, इथनॉल पॉलिसी समेत अन्य पर सुधार की मांग की गयी। इस दौरान विनोद अग्रवाल ने बता रखते हुए कहा कि हमारे राज्य के वनोपज की देश भर में मांग है।

इमली की पैदावार राज्य में अधिक है। लेकिन वैल्यू एडिशन नहीं होने के कारण कम कीमत में ही इमली दक्षिणी राज्यों में भेजे जाते है। वहीं, बांस और महुआ जैसे वनोपज पर भी सरकार को ध्यान देना चाहिये। जिससे ग्रामीण उद्योगों को बढ़ावा दिया जा सकें। राज्य में निवेशकों को आकर्षित करने की योजना पर काम करने की बात रखी गयी। सरकार से ऐसी योजनाओं की मांग की गयी। जिससे राज्य में निवेश तो बढ़े, साथ ही रोजगार की संभावनाओं में भी विस्तार हो। व्यापारियों उद्यमियों को संबोधित करते हुए उद्योग सचिव वंदना डाडेल ने कहा कि विभाग उद्यमियों की समस्याओं के समाधान के लिये तत्पर है। बहुत हद तक विभाग कार्यरत है। लेकिन चुनौतियां अधिक है, जिनका मिलकर समाधान किया जायेगा। कुछ पॉलिसी में संशोधन की जरूरत है। जिसे किया जायेगा। वहीं, जमीन संबधी समस्या के लिये विभाग एक कमेटी बनाकर मामले में चर्चा करेगी। चैंबर के सदस्यों से भी आग्रह है कि वे भी इस पर सुझाव विभाग को दें।

## न्यूज फटाफट

### त्रिशक्ति वंदना महोत्सव का आयोजन एक फरवरी को

**रांची :** हरमूरोड स्थित मारवाड़ी भवन में आगामी एक फरवरी को एक दिवसीय त्रिशक्ति वंदना महोत्सव का भव्य आयोजन म्हारा श्याम धनी दातार, रांची के द्वारा किया जा रहा है। म्हारा श्याम धनी दातार,रांची के आयोजन समिति की बैठक संध्या 6:00 बजे समिति कार्यालय मे रखी गयी बैठक में रांची के धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों, समाजसेवी, प्रबुद्धजन सहित लोग सम्मिलित हुए। बैठक में उपस्थित सभी लोगों का स्वागत श्यामधनी दातार के सेवक आनंद गोयल ने किया।बैठक में आयोजन समिति के सेवक गुड्डू माटोलिया भी उपस्थित थे, उन्होंने आयोजन की सफलता के लिए सभी सेवक सदस्यो को प्रेरित किया।समिति के सेवक मनोज बजाज ने बैठक का संचालन कर महोत्सव की जानकारी रखी। उन्होंने बैठक में बताया की 1 फरवरी को खाटूधाम के पूज्य महंत मोहनदास जी महाराज, भजन जादूगर परम श्रद्धेय नंदुजी शर्मा (अहमदाबाद), भजन सम्राट रवि बेरीवाल(कोलकत्ता), सुमधुर गायक जिम्मी शर्मा, रवि रस्तोगी त्रिशक्ति वंदना महोत्सव में अपनी कोकिला कंठ व मधुरवाणी में भजनों की अमृतवर्षा बरसायेंगे, श्रोताओं को रसपान करायेगे।

### डाक्टर फतुलाह रोड के लोग गंदगी से परेशान

**रांची:** राजधानी के लोगों को गंदगी और प्रदूषण से छुटकारा मिलता नहीं दिख रहा है। डाक्टर फतुलाह सड़क का निर्माण कर रही कंस्ट्रक्शन कंपनी कई महीनों से लगातार हवा में जहर घोल रही हैं। जिसके वजह से 1 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले आस-पास के इलाकों में इसका असर देखने को मिल रहा है। लोग इसके वजह से चेहरे पर मास्क लगाकर चलने को मजबूर है।यहां बिना मास्क लगाए रहना भी मुश्किल हो गया है। विक्रांत चौक से फतुलह मस्जिद रोड होते हुए अंजुमन प्लाजा तक जाने में राहगीरों के सांस फुलने लगता है। वहां आसपास के रहने वाले बुजुर्ग लोगों को सांस की बीमारियां भी होना शुरू हो गई है। अभी तक ना तो जिला प्रशासन और न ही जनप्रतिनिधियों ने सुध ली है। मामले में कंपनी ने अनेक बहाना बना कर अपना पल्ला झाड़ लिया है।सड़क किनारे रहने वाले दुकानदारों का कहना है कि सड़क पर पानी का छिड़काव नहीं होने से धूल पूरा घर के अंदर घूस रहा है और समान पर धूल की परत जम रही है। एक जुता दुकान वाले ने कहा धूल ने व्यवसाय चौपट कर दिया है। धूल देखकर ग्रहक भी दुकान नहीं आते, निगम को चाहिए जब तक सड़क नहीं बनता पानी का छिड़काव नियंत्रित तौर पर किया जाना चाहिए। सड़क किनारे चाय बेचने वाले ने बताया सड़क पर पानी का छिड़काव नहीं किया जाता है। जिस के कारण उड़ती धूल से सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है।

### हेल्थ सिस्टम को दुरुस्त करने को केंद्र ने झारखंड को दिए 213 करोड़

**रांची:** कोरोना के आने के बाद से केंद्रीय स्वास्थ्य विभाग हेल्थ सिस्टम को पटरी पर लाने में जुटा है। राज्य में अलग-अलग योजनाओं को रफ्तार दी जा रही है जिससे कि लोगों को अपने जिलों में ही बेहतर इलाज मुहैया कराया जा सके। इसी के तहत केंद्र ने अपने 60 परसेंट अंशदान के तहत झारखंड को 2 अरब 13 करोड़ 30 लाख रुपए आवंटित कर दिए है। जिसका इस्तेमाल हेल्थ सिस्टम को मजबूत करने के लिए किया जाएगा। बताते चलें कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन का विलय फ्लेक्सिबल पूल फॉर आरसीएच एंड हेल्थ सिस्टम स्ट्रेथनिंग, नेशनल हेल्थ प्रोग्राम एंड नेशनल अरबन हेल्थ मिशन में किया गया है। राज्य से अलग-अलग योजनाओं के तहत बजट की मांग की गई थी। जिसमें राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के तहत 1,31,63,00,000, अनुसूचित जातियों के लिए 25,77,00,000 और जनजातीय क्षेत्र के लिए 55,90,00,000 रुपए आवंटित किए गए है। अब राशि का उपयोग बेहतर इलाज के साथ क्षेत्र के लोगों के स्वास्थ्य में सुधार के लिए किया जाएगा।

## युवा दिवस पर यूथ आइकॉन अवार्ड व रन फॉर रांची का आयोजन



**राष्ट्रीय खबर**

**रांची :** जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन एवं युवा स्वाभिमान संघ के तत्वावधान में युवा दिवस के अवसर पर रन फॉर रांची और यूथ आइकॉन अवार्ड का आयोजन बापू वाटिका ,मोरबादी में आयोजित की गई । मुख्य अथितियों में विधायक सीपी सिंह, मेयर आशा लकड़ा ,भाजपा नेता योगेन्द्र प्रताप सिंह , रांची एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष मुनचुन राय , युवा स्वाभिमान संघ के अध्यक्ष निशांत यादव ,ज़िला एथलेटिक्स सचिव प्रभाकर वर्मा ,संयोजक प्रह्लाद ने सर्वप्रथम स्वामी विवेकानंद जी को पुष्प चढ़ाकर नमन किया तत्पश्चात झंडा दिखाकर दौड़ का शुभारंभ किया गया । इस मोके पर 2 150 किलोमीटर की दौड़ में पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान पर राजन कुमार ,द्वितीय स्थान पर पंकज राय और तृतीय स्थान पर प्रदीप कुमार रहे एवं बालिका वर्ग में प्रथम स्थान पर संघमित्रा द्वितीया में सुशांती कुमारी ,तृतीय स्थान पर सबिता टोप्पो रही। रांची ज़िला एथलेटिक्स संघ एवं युवा स्वाभिमान संघ के तत्वावधान में रांची सहित झारखंड के विभिन्न जिलों के योग , फुटबॉल, एथलेटिक्स ,कृषि ,समाजसेवा, स्वास्थ, पर्यावरण एवम शिक्षा प्रशिक्षक आदि के क्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन करने वालों को यूथ आइकॉन अवार्ड सह प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## ठंड में बढ़ रही है हर्ट के मरीजों की संख्या : डॉ नीरज

▶▶ मौसम में विशेष रूप से अपना ख्याल रखने की जरूरत

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची :** ठंड के मौसम में हार्ट के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। इनमें कई ऐसे भी है जिन की हालत नाजुक हो जाती है। ऐसे पेशेंट्स मरीजों को इस मौसम में विशेष रूप से अपना ख्याल रखने की जरूरत है। मेदांता रांची के एसोसिएट डायरेक्टर, कार्डियोलॉजी डॉक्टर नीरज प्रसाद का कहना है कि कड़ाके की ठंड में कुछ सावधानियां जरूर रखनी पड़ेगी ताकि हालात विपरीत न हो। डॉक्टर नीरज प्रसाद ने बताया कि कुछ ऐसे भी केस होते हैं। जिनको हल करना बहुत मुश्किल होता है। कार्डियोजेनिक शॉक वाले केस काफी चैलेंजिंग होते हैं। इनमें तीन ऐसे लिजन्स होते हैं, जिनके इलाज के दौरान काफी सावधानी रखनी होती है। इनमें एक नस होती है जिसकी शुरूआत मुंह से होती है और उसमें दो-तीन ब्रांच निकलते हैं। मुंह से निकलने वाली नस में जो बीमारी होती है और उसे खोला जाता है तो बीपी क्रैश करने का डर होता है। इस हालत में बहुत सावधानी और तेजी से इलाज करना पड़ता है। इसके अलावा सीटीओ क्रॉनिक टोटल ओकुलजन होता है। यह अगर पूरी तरीके से बंद हो तो भी मैं इसे खोल देता हूं।

डॉक्टर नीरज बताते हैं कि हर 3 महीने में कोई न कोई एक चैलेंजिंग केस आता है। कई केस ऐसे भी आए हैं जिन में मरीजों को 10 से ज्यादा ब्लॉकिज देखा गया। अभी तक मैंने 18 ब्लॉकिज को ठीक किया है। मेदांता रांची के डॉक्टर नीरज प्रसाद बताते हैं कि शीतकालीन मौसम में तीन तरह की दिक्कतें आती है। तापमान कम हो जाता है, तब हमारे शरीर की नसें सिकुड़ जाती है तो रक्त का प्रवाह तेज हो जाता है। जिसके कारण ब्लॉक टूट जाते हैं। इससे हार्ट अटैक की संभावना बढ़ जाती है। ठंड के वक्त 65 साल के ऊपर के लोगों को बहुत दिक्कत होती है।

## विद्या भारती झारखंड का दो दिवसीय सम्मेलन की तैयारी जोरों पर

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** वह ही विद्या है जो नितांत मुक्ति दिलाए को अपना आधार मानते हुए विद्या भारती निरंतर अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ रही है। इसको गति देने में समाज के प्रबुद्ध व्यक्तियों, विद्यालय प्रबंध कारिणी के माननीय पदाधिकारी एवं सदस्यों तथा पूर्व छात्रों की अहम भूमिका है ।

विद्या विकास समिति झारखंड के प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी ने बताया कि राष्ट्रीय चेतना के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य ,संस्कृति, सामाजिक समरसता शिक्षा का मूल भाव है उसे हम मजबूती प्रदान कर सकें इस दृष्टि से 18 और 19 जनवरी 2023 को आदित्य प्रकाश जालान टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज कुदलुम,रांची में दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ कृष्ण गोपाल जी सह सरकार्यवाह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ होंगे। इसमें पूरे झारखंड के ए और बी श्रेणी के सरस्वती शिशु विद्या मंदिरों के समिति के पदाधिकारियों एवं स्वावलंबी पूर्व छात्रों तथा प्रधानाचार्यों का सम्मेलन आहूत किया गया है। इस सम्मेलन के मध्यम से समाज में शिक्षा, संस्कृति तथा सामाजिक समरसता के दृष्टि से हम क्या कार्य कर रहे हैं और क्या करना बाकी है, विचार मंथन कर विद्या भारती आपने कार्य के माध्यम से राष्ट्रीय चेतना समाज में समाहित करने प्रयास करेगी। श्री तिवारी ने बताया कि इस सम्मेलन में समिति पदाधिकारियों, प्रधानाचार्य की संख्या लगभग 700 होगी तथा पूर्व छात्रों की संख्या 1000 से अधिक जिसका पंजीयन प्रारंभ कर दिया गया है इस को सफल बनाने में स्थानीय महाविद्यालय विद्यालय के सभी कार्यकर्ता तथा पूर्णकालिकों के बीच संच का बंटवारा कर कार्य किया जा रहा है ।

## विवेकानंद ने भारत को गौरवशाली देश बनाया : डॉ बी पी वर्मा

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची :** युवा सप्ताह एवं युवा दिवस के उपलक्ष्य पर एन एस एस एवं झारखंड सरकार संस्कृति मंत्रालय के संयुक्त तत्वधान में आयोजित स्वामी विवेकानंद जयंती व्याख्यान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ बी पी वर्मा की अध्यक्षता में हुयी। मुख्य अतिथि डा के सी प्रसाद, पूर्व संकायाध्यक्ष रांची विश्वविद्यालय रांची, विशिष्ट अतिथी चिराग परमार, विवेकानंद केंद्र रहे। कार्यक्रम का विधिवत उदघाटन स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया है।प्राचार्य डॉ वी पी वर्मा ने आगत अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा स्वामी विवेकानंद ने भारत को गौरवशाली देश बनाया। हम सबों को बनो और बनाओ के साथ साथ जागो और जगाओ के मंत्र को साधना होगा। युवाओं के आदर्श स्वामी विवेकानंद के जीवन और कृति आज भी जीवंत है। मुख्य अतिथि डॉ के सी प्रसाद ने कहा विवेकानंद का दर्शन था की हमें ज्यादा बोलकर नही बल्कि मैन टू मैन कानटेक्ट करके संभव है। उन्होंने विज्ञान से संबंधित उदाहरण देकर यह समझाने का प्रयास किया की वजन को परिभाषित करना कठिन है लेकिन हेविंग द सेम वेट को मानना ही मनुष्य को महान बनाता है। उन्होंने विवेकानंद के भिन्न भिन्न प्रकार के संस्मरण को बतलाया जिससे उनके स्वाभिमान, देश प्रेम, पारिवारिक भाव, भक्ति, शक्ति को प्रतिबिंबित करता है। उन्होंने विद्याथीर्यों को विवेकानंद के उस संदेश को बतलाया कि आप अपने लक्ष्य को देश प्रेम में बांध दीजिये क्योंकि सार्ट कट विल कट योर सॉट।




## भारतीय दर्शन एवं योग को प्रसारित करने में विवेकानन्द की महत्वपूर्ण भूमिका: राज्यपाल

▶▶ योग को प्रसारित करने में विवेकानन्द की महत्वपूर्ण भूमिका

▶▶ विश्वसनीयता एवं स्वीकार्यता का जीता-जागता प्रमाण

**राष्ट्रीय खबर**




**रांची:** राज्यपाल रमेश बैस ने कहा कि विश्वपटल पर देश को गरिमामय स्थान दिलाने में स्वामी विवेकानंद का नाम सदैव आदर व सम्मान से लिया जाता रहेगा। स्वामी विवेकानंद उन महापुरुषों में से एक हैं जो अपने दर्शन व विचारों एवं कर्मों से भारत माता को गौरवान्वित करते रहे। उनका व्यक्तित्व व उनके आदर्श देशवासियों को प्रेरित करते रहेंगे। राज्यपाल आज विकास भारती द्वारा आयोजित शिल्पी मेला -सह-प्रदशनी का समापन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यह एक सुखद संयोग है कि सामाजिक संस्था विकास भारती द्वारा आयोजित शिल्पी मेला -सह-प्रदशनी का समापन स्वामी विवेकानन्द की जयंती के अवसर पर हो रहा है और खुशी है कि इस प्रसिद्ध सामाजिक संस्था के स्थापना के 40 वर्ष पूर्ण होने जा रहे हैं। किसी भी सामाजिक संस्था का इतनी लम्बी अवधि तक क्रियाशील और प्रासंगिक रहना समाज के बीच उसकी विश्वसनीयता एवं स्वीकार्यता का जीता-जागता प्रमाण है। राज्यपाल ने कहा कि विवेकानंद जैसे महापुरुष मृत्यु के बाद भी जीवित रहते हैं और सदियों तक अपने विचारों और सोच से लोगों को प्रेरित करते रहते हैं। विश्व में भारतीय दर्शन एवं योग को प्रसारित करने में विवेकानन्द की महत्वपूर्ण भूमिका है। गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर ने कहा था, यदि आप भारत को जानना चाहते हैं तो स्वामी विवेकानन्द को पढ़िये। उनमें आप सब कुछ सकारात्मक ही पायेंगे। स्वामी विवेकानंद केवल संत ही नहीं थे बल्कि एक महान विचारक, देशभक्त एवं कुशल वक्ता भी थे। भारत के ही नहीं बल्कि विश्व के युवाओं के लिए भी उनके विचार प्रासंगिक एवं अनुकरणीय हैं।

राज्यपाल ने कहा कि खुशी की बात है कि विकास भारती गुमला जिला के बिशुनपुर को केन्द्र मानकर झारखंड के समस्त जनजातीय क्षेत्रों में विविध आयामों के साथ लगातार कार्य करते आ रही है। विकास भारती ने पद्मश्री अशोक भगत के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में इन 40 वर्षों के कालखण्ड में विभिन्न क्षेत्रों में जनमानस के लिए कार्य कर अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की है।

## शहर >> अपडेट

### युवा दिवस पर कंबल का वितरण

**बोकारो :** सेक्टर 12 स्थित बिरसा मुंडा निशुल्क विद्यालय में युवा दिवस के शुभ अवसर पर केपीएल कंपनी के मालिक बाबू आरपी सिंह के द्वारा सैकड़ों गरीब, असहाय, वृद्ध, पुरुष व महिलाओं के बीच का कंबल वितरण किया। स्कूल के संस्थापक परशुराम राम ने कहा कि गरीबों को कंबल का वितरण करना बहुत ही पुण्य का कार्य होता है।

## शॉट न्यूज अपडेट्स >>

### क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजन

**पाकुड :** स्वामी विवेकानंद जयंती के शुभ अवसर पर रेलवे कॉलोनी सिद्धार्थ नगर के बाघमारा माठ में नगर परिषद के अध्यक्ष श्रीमती संपा साह ने फीता काट कर एवं नारियल फोड़ कर क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। जिसमे शहर के विभिन्न हिस्सों से 8 टीमों ने भाग लिया है यह प्रतियोगिता दो दिवसीय है। जिसमे विजेता टीम को ट्रॉफी के साथ एक निश्चित राशि भी दी जाएगी।नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सम्पा साहा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष 12 जनवरी को युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है।

### नक्सली डोका मुंडा गिरफ्तार

**तमाड़ :** थाना क्षेत्र के किताडीह से कई कांड में शामिल पूर्व नक्सली डोका मुंडा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि डोका मुंडा अपने घर किताडीह में ठहरा हुआ है। सूचना के आधार पर ऑपरेशन कमांडर उप सेनानायक अनुराग सिंह के नेतृत्व में एस एस बी 26 वीं वाहनी जी समवाय और तमाड़ पुलिस की संयुक्त टीम गठन की गई। सूचना के आधार पर गठित टीम ने छापेमारी कर डोका मुंडा को बुधवार की देर रात को घर से गिरफ्तार कर लिया।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### सामाजिक कार्यों में एनएससी आगे रहेगा: नूतन

**चास :** एनएससी वेलफेयर ऑर्गेनाईजेशन के तत्वावधान में कड़ाके की ठंड को देखते हुए कंबल वितरण कार्यक्रम का दूसरा और तीसरा चरण संपन्न हुआ। उल्लेखनीय यह है कि अपने इस कार्यक्रम की शुरूआत एनएससी संस्थान ने खेदाडीह बस्ती, पिपराटांड में किया था, वहीं दूसरे चरण में निर्मल ग्राम में वृद्ध और असहाय लोगों एवं तीसरे चरण में बोकारो रेलवे स्टेशन में सफाई कर्मचारियों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस अवसर पर रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी सीपीटीएम एसए रहमान, क्षेत्रीय प्रबंधक बोकारो आयुष कुमार और रेल सुपरिटेंडेंट तथा डीटीआई की मौजूदगी रही। उन लोगों ने एनएससी के इस कदम की काफी सराहना की। इस अवसर पर संस्थान के निदेशिका नूतन श्रीवास्तव ने बताया कि ठिठुरते ठंड से बचने के लिए संस्थान की तरफ से यह छोटा प्रयास है।

### उपायुक्त ने बालू घाट का किया निरीक्षण

**महेशपुर :** पाकुड़ जिले के महेशपुर प्रखंड के रोला ग्राम पंचायत स्थित बांसलोई नदी से बालू उठाव की स्थिति एवं वैद्य चलान के बारे में जानकारी लिए
रोला ग्राम पंचायत स्थित बांसलोई नदी में बालू उठाव का वैद्य चालान मुखिया के द्वारा काटा जा रहा है। जहां चालान काटा जा रहा था। वहां जाकर चलान का जायजा लिया एवं अन्य जानकारी ली गई। उपायुक्त महोदय द्वारा बताया गया कि वैध चालान ही कांटा जाना चाहिए। ताकि सरकार का राजस्व का हानि ना हो सके एवं वैध चालान खनिज परिवहन के बारे में भी सलाह दिए। मौके पर विशेष कार्य पदाधिकारी श्री विकास कुमार त्रिवेदी, महेशपुर, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी समेत अन्य उपस्थित थे।

### मामला है दुर्घटना को हार्ट अटैक बताकर नियोजन देने पर आनाकानी करने का

# ईडी और सीजीएम के खिलाफ बोकारो कोर्ट में मामला दर्ज

**राष्ट्रीय खबर**




**बोकारो:** बीएसएल कोक ओवन में दो माह पूर्व हुई ठेका श्रमिक की मौत मामले में बीएसएल के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर (ईडी) वर्क्स और चीफ जनरल मैनेजर (सीजीएम) के खिलाफ बोकारो कोर्ट में मामला दर्ज कराया गया है। मामला है कि बीएसएल प्रबंधन ने ठेका श्रमिक के मौत का कारण हार्ट अटैक बताकर नियोजन नहीं दिया था।

लेकिन जांच में राज्य सरकार के कारखाना निरीक्षक ने पाया कि उसकी मौत सामान्य नहीं थी। बताते चलें कि 47 वर्षीय मृतक नंद कुमार मैसर्स फास्बेल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के ठेका श्रमिक थे। बीते वर्ष 15 अक्टूबर के दिन कोक ओवन बैट्री नंबर 2 में बी शिफ्ट में काम करने के दौरान रात करीब 9:45 में तबीयत खराब होने के कारण अचानक अचेत हो गए थे। वे ओवन टॉप पर ही गिर पड़े। गिरने के बाद सहकर्मी साथियों के द्वारा प्लांट मेडिकल ले जाया गया, वहां चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें बीजीएच रेफर कर दिया। वहां ईलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

इधर प्रबंधन दुर्घटना को हार्ट अटैक बताकर नियोजन देने पर आना कानी कर रही है। वहीं दुर्घटना के बाद मौत के कारणों के जांच उपरांत बोकारो अंचल के कारखाना निरीक्षक, धीरेंद्र सिंह मुंडा के द्वारा मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के न्यायालय में बीएसएल के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, वर्क्स और चीफ जनरल मैनेजर कोक ओवन बाई प्रोडक्ट प्लांट के खिलाफ आवेदन दायर किया गया है। कारखाना निरीक्षक ने पाया कि मृतक का नियमानुकूल स्वास्थ्य जांच जो हर 1 वर्ष में करवाना अनिवार्य था, वह नहीं हुआ था। बीएसएल प्रबंधन ने नंद कुमार की मौत को एक्सीडेंट न मानते हुए हार्ट अटैक कारण मान रहा था। पर बिना नियमित स्वास्थ्य जांच के और मेडिकल हिस्ट्री के यह स्थापित कर पाना की वह हृदय रोगी था और हार्ट अटैक से उसकी मौत हुई यह संभव नहीं था। कारखाना निरीक्षक ने अनुसंधान के क्रम में यह पाया कि मृतक नंद कुमार जिस जगह काम कर रहा था वहां तापमान अधिक था जिस कारण वह बेहोश होकर गिर गया। जिसके बाद इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गई विवेकानंद की जयंती



**राष्ट्रीय खबर**

**बोकारो:** सरस्वती विद्या मंदिर, सेक्टर 3 के प्रांगण में स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के पुरातन छात्रों का मिलन कार्यक्रम रखा गया था, जिसे पूर्व छात्र परिषद समागम का नाम दिया गया। यह कार्यक्रम विगत 3 वर्षों से कोरोना महामारी के कारण स्थगित हो रहा था किंतु इस वर्ष सभी पुराने छात्रों ने इस कार्यक्रम को फिर से आयोजित करने का सामर्थ्य दिखाया। कार्यक्रम में मंच संचालन पुरातन छात्र परिषद के लक्ष्मण सिंह और अर्चना ने किया। मुख्य रूप से मुख्य अतिथि डॉ. अरुण कुमार मिश्र, विशिष्ट अतिथि शिव कुमार सिंह, प्राचार्य रण सुमन सिंह, सचिव सिदेश नारायण दास उपस्थित रहे। सभी ने इस कार्यक्रम की भूरि भूरि प्रशंसा की। अध्ययनरत छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग प्रस्तुति की गयी। पुरातन छात्रों ने समिति का गठन किया, जिसमें लक्ष्मण सिंह को अध्यक्ष, सचिव अर्चना, कोषाध्यक्ष संजीव सिंह तथा सभ्यता पुष्प, संजय

## सक्षम ग्राम पंचायत पर कार्यशाला आयोजित

▶▶ पदाधिकारियों को दी जानकारी

**राष्ट्रीय खबर**



**बोकारो:** चास प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में सक्षम ग्राम पंचायत के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी मिथलेश कुमार ने की। जिसमें चयनित बासगोड़ा एवं घटियाली पंचायत के समग्र विकास को लेकर प्रखंड चिकित्सा प्रभारी पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, बाल विकास कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड संकुल साधन सेवी, क्लस्टर संकुल साधन सेवी, एएनएम, सहिया, सेविका, संबंधित पंचायत के कर्मी आदि के बीच नीति आयोग के इंडिकेटर शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण क्षेत्र में प्रखंड स्तर पर सुधार लाने हेतु किए जाने वाले कार्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। मौके पर पिरामल फाउंडेशन के डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम मैनेजर रोबिन राजहंस ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के आंकड़ों के अनुसार 5 करोड़ बच्चों के आधारभूत भाषा और गणित के ज्ञान में कमी आई है, जिससे उनके बुनियादी साक्षरता का स्तर कमजोर हुआ, जिसको वर्ष 2025-2026 तक संपूर्ण भारतवर्ष में एफएलएन थ्स्छ कार्यक्रम पर काम करते हुए मजबूत करना है।

## स्वामी विवेकानंद युवाओं के प्रेरणा का स्रोत रहे हैं: एसडीओ

**राष्ट्रीय खबर**



**बोकारो:** स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर रामरूद्र +2 हाई स्कूल चास बच्चों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभातफेरी को अनुमंडल पदाधिकारी चास दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसमें नेहरू युवा केंद्र के युवाओं, स्काउट एंड गाइड के युवा, एनसीसी के युवा एवं खेल विभाग के खिलाड़ी भाग लिये। प्रभात फेरी में लगभग 500 युवाओं ने भाग लिया। यह प्रभातफेरी रामरूद्र +2 हाई स्कूल से महावीर चौक होते हुए धर्मशाला चौक तक आया फिर वापस जाने के दरमियान तैयारी चल महावीर चौक होते हुए रामरूद्र +2 हाई स्कूल में जाकर समाप्त किया गया। उक्त कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी चास दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, जिला खेल पदाधिकारी मारकस हेमरोम, स्कूल के प्राचार्य, नेहरू युवा केंद्र के गौरव कुमार शामिल हुए। अनुमंडल पदाधिकारी चास श्री शेखावत ने बताया कि 1985 से प्रति वर्ष देश 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस मना रहा है। स्वामी विवेकानंद के संबोधन, उनकी शिक्षाएं और उनका ज्ञान हमेशा युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत रहे हैं। साथ ही स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को अपने जीवन में शामिल करने की बात कही। अनुमंडल पदाधिकारी चास ने उपस्थित बच्चों के साथ अपना अनुभव साझा करते हुए कहा की विवेकानंद ने जो शिक्षा दिया, उस शिक्षा को आत्मसात करके देश को आगे बढ़ाना और खुद को एक अच्छा नागरिक बनाना है। कार्यक्रम से पूर्व उपस्थित सभी अतिथियों द्वारा स्वामी विवेकानंद की चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान खेल शिक्षक डॉ रवि भूषण, कोच चौहान महतो सहित उपस्थित हुए।

## पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़



**राष्ट्रीय खबर**

**बुढ़मू :** रांची जिले के बुढ़मू थाना क्षेत्र के चैनगढ़ा के लुकैया जंगल में पुलिस और टीपीसी नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। हालांकि सुरक्षाबलों को भारी पड़ता देख नक्सली फरार हो गये हैं। टीम में झारखंड जगुआर, एसएसपी की स्पेशल दस्ता, बुढ़मू , ठाकुरगांव और पिठोरिया थाना कि पुलिस शामिल थे। मुठभेड़ में दो-तीन नक्सलियों के घायल होने की भी सूचना मिली है। फिलहाल सर्च अभियान जारी है। टीम में मौके पर पुलिस बल को नक्सलियों से जुड़े कई सामान बरामद हुए हैं। जिसमें हथियार, गोली, एक बैग, पानी के बोतल, दारू के बोतल, कपड़े और दैनिक उपयोग की सामान हैं। बताया जा रहा है की बुढ़मू, ठाकुरगांव पुलिस को कुछ हथियार लेकर लोग दिखे , जिसके बाद उन्हें सरेंडर करने को कहा गया, लेकिन पुलिस को देखते फायरिंग शुरू कर दी, जिसके बाद जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायरिंग की। जानकारी के मुताबिक जिन तीन उग्रवादियों को गोली लगी है उन्हें 4-5 किलोमीटर रेडियस पर सर्च किया जा रहा है। आस-पास के अस्पताल में अलर्ट जारी कर दिया गया है। कयास लगाए जा रहे हैं, कि आस-पास के इलाके में ही घायल नक्सली छिपे हैं।

**प्रतियोगिता** ▶ सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

## प्रतिभागियों को पुरस्कार से किया गया सम्मानित

**राष्ट्रीय खबर**



**जैनामोड़:** स्वामी विवेकानंद जयंती एवं युवा दिवस के अवसर पर जैनामोड सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसका गुरुवार को पुरस्कार वितरण किया गया।

स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर मुख्य अतिथि बेरमो के पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल, वनांचल शिक्षा समिति के प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री अर्जुन सिंह, वरिष्ठ समाजसेवी अग्रवाल समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, विद्यालय के सचिव टीका प्रसाद साहू, प्रधानाचार्य कुश जी पांडे ने प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। 100 मीटर दौड़ में प्रथम उपेंद्र हेमराम, द्वितीय रोहित कुमार, तृतीय मनजीत कुमार, बालिकाओं की 200 मीटर दौड़ में प्रथम दीपाली कुमारी, द्वितीय साक्षी पांडे, तृतीय सोनम कुमारी, लड़कों के 400 मीटर दौड़ में प्रथम अनिमेष कुमार, अमित कुमार, सुजीत राय, संगीत कुर्सी खेल में प्रथम दिया सोरेन, द्वितीय अदिति कुशवाहा, तृतीय अदिति मंडल, इसके अलावा खो-खो प्रतियोगिता कबड्डी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस आयोजन में विद्यालय के शिक्षकों की अहम भूमिका रहा। जिसमें मुख्य रुप से माधव झा, सुनील सिंह, दिनेश कुमार, कृष्णा नायक, बम शंकर सिंह, शंकर मंडल, उमेश कुमार सिंह, रामेश्वर महतो, भूदेव पांडे, अतिथियों में मुख्य रूप से लक्ष्मण कुमार, अरविंद कुमार ठाकुर, विक्रम गोस्वामी, सबदेव कुमार, अशोक मिश्रा, शिवनाथ रजवार, भास्कर अग्रवाल, उत्तम मिश्रा, मनोज महतो, राजेंद्र महतो आदि उपस्थित थे।

## न्यूज फटाफट

### विवेकानन्द जयंती पर निकला भव्य शोभा यात्रा

**चांडिल :** विवेकानन्द केन्द्र चांडिल द्वारा विवेकानन्द के जन्म जयंती के अबसर पर गुरुवार को चांडिल बाजार में भव्य शोभा यात्रा निकला गया। इस दौरान केंद्र परिसर में स्वामी जी के बेषभूषा प्रतियोगिता, चित्रांकन प्रतियोगिता, स्वामीजी की चित्र की स्वामीजी के जीवन पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित हुआ और विजेता प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार वितरण किया गया और खिचड़ी प्रसाद हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में राम कृष्ण कुंडू, बिहार झारखंड विवेकानंद केंद्र के प्रांत प्रमुख श्री मुकेश खीर उपस्थित थे। इस अबसर पर केंद्र का संयोजक विवेकानन्द दां, सम्पर्क प्रमुख ललन कुमार, राजू कुंडू, शीतल महतो, मनोज वर्मा, गणेश वर्मा, सुशील, एवं विभिन्न स्कूल के शिक्षक शिक्षिका व छात्र छात्राए उपस्थित थे।

### चांडिल मे मना स्वामी विवेकानंद जयंती

**चांडिल :** नौरंगराय सूर्या देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर चांडिल मे गुरुवार को विश्व भातृत्व का संदेश जन जन तक पहुंचाने वाले युग पुरुष युवाओं का पथ प्रदर्शक स्वामी विवेकानंद के जन्म जयंती धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के सचिव श्री शिशिर कुमार चटर्जी, प्राचार्य कुणाल कुमार, उप प्राचार्य सुब्रत चटर्जी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित एवं स्वामी विवेकानंद जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया। सुब्रत चटर्जी ने भारत के नव निर्माण में स्वामी विवेकानंद जी की भूमिका एवं उनके जीवन से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण बातें बताया और यह भी बताया गया कि आज के दिन को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर भैया बहनों के बीच विवेकानंद जी की जीवनी से संबंधित प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

### दिव्यांग को मिला ट्राई साईकिल

**खूंटी :** झालसा रांची के निर्देश के आलोक में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष खूंटी सत्य प्रकाश के मार्गदर्शन मेंकर्रा प्रखंड अंतर्गत कुदलूम पंचायत के सीखरटोली, सोनमेर निवासी दिव्यांग बिरसा हेरेंज, पिता स्व. रतना हेरेंज को डालसा, खूंटी एवं प्रखंड प्रशासन के सहयोग से ट्राई साईकिल दिया गया। साथ ही उनकी स्थिति को देखते हुए 05 हजार रुपये का चेक बतौर सहायता राशि दी गई। इसके अलावा उनके लाल राशन कार्ड को पीला कार्ड में परिवर्तित किया गया। उल्लेखनीय है कि बिरसा हेरेंज अपने परिवार एवं अपनी मां के साथ रहते हैं। वह सोनमेर के आसपास दुकानों में काम करके जीवन व्यापन करते हैं।

### विभिन्न दुकानों का औचक निरीक्षण

**खूंटी:** अभिहित अधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी के निदेशानुसार खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने आज मकर संक्राति पर्व को लेकर खूंटी के भगत सिंह चौक, नेताजी चौक एवं कर्रा रोड स्थित विभिन्न दुकानों का निरीक्षण किया। साथ ही दुकानों से तिलकुट के नमूने लिये गये। इन नमूनों को जांच के लिए स्टेट फुड लैब नामकुम भेजा जाएगा। जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषियों के विरुद्ध एफएसएसएआई एक्ट 2006 तहत कार्रवाई की जाएगी। मौके पर दुकानदारों को मिठाई एवं अन्य खाद्य सामग्री की गुणवता बनाये रखने का निर्देश दिया गया। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी द्वारा निरीक्षण के दौरान सभी दुकानदारों को खाद्य अनुज्ञप्ति/निबंधन लेकर दुकानों का संचालन करने का निर्देश दिया गया। दुकानदारों को चेतावनी दी गई कि औचक निरीक्षण के दौरान खाद्य पदार्थों में मिलावट पाये जाने पर संबंधित दुकानदार के विरुद्ध एफएसएसएआई एक्ट 2006 की सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### अभविप ने स्वामी जी के जयंती पर मनाया युवा दिवस

**चांडिल :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद चांडिल नगर इकाई द्वारा गुरुवार को सिंहभूम कॉलेज चांडिल परिसर में स्वामी विवेकानंद के जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया। वही चांडिल नगर इकाई द्वारा रघुनाथपुर में भी संगोष्ठी की आयोजन किया। कार्यक्रम की शुभारंभ नगर अध्यक्ष डॉ जे के सिंह, प्रदेश निजी विश्वविद्यालय संयोजक सनातन गोराई, प्रोकार्तिक महतो ने पुष्प अर्पित कर आरंभ किया। डॉ जे के सिंह ने कहा की युवाओं को स्वामी विवेकानन्द जी के विचारो पर चलने की आवश्यकता है। सनातन गोराई ने कहा की आज की युवा पीढ़ी को अध्यात्मिक ज्ञानओं की ओर जाने की आवश्यकता है। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रिया महली, कार्तिक महतो, समीर महतो, बिकास महतो, सुनीता महतो, चंडी प्रमाणिक, संगीता महतो, दीपाली, पूजा, आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष बने श्यामसुंदर जैन

**बोकारो/चास :** बोकारो जिला के मारवाड़ी सम्मेलन का चुनाव बुधवार को चास के मारवाड़ी पंचायत भवन में हुआ। चुनाव में श्यामसुंदर जैन अध्यक्ष बने। इस दौरान 261 मतदान हुआ, जिसमें 192 मतदान किया और 4 मतों की गिनती में रद्द कर दिया गया। वहीं श्यामसुंदर जैन को 120 मत प्राप्त हुए और फुसरो नवासी ओमप्रकाश अग्रवाल को 68 मत मिला। चुनाव को लेकर अग्रसेन भवन फुसरो और चास मारवाड़ी पंचायत भवन में बनाई गया था। चुनाव की सभी प्रक्रिया मुख्य चुनाव पदाधिकारी अनिल गोयल सहायक चुनाव पदाधिकारी जयप्रकाश तापड़िया और अमन सिंघानिया के देखरेख में कराया गया। चास में सुबह 11 बजे से 4 बजे तक मतदान किया गया। वहीं फुसरो में सुबह 11 बजे से 2 बजे तक यह प्रक्रिया चली। 2 घंटे के वक्त में सारी गिनती पूरी कर ली गई। इस मौके पर नवनियुक्त अध्यक्ष श्यामसुंदर जैन ने कहा कि यह जीत हमारे लोगों का है, जो हमें इस पद पर बैठाए हैं। अपने समाज को एकजुट कर और नव युवकों को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। और अपने समाज के प्रति और नए कार्यो को पूरा करने का काम करेंगे। इस मौके पर मुख्य रूप से विकास अग्रवाल, हनुमान पिलानिया, सुशील गर्ग समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### खुटरी आंगनबाड़ी केंद्रों मे बच्चों को मिला स्वेटर

**तुपकाडीह :** खुटरी पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र ठाकुरटांड में तीन से 6 वर्ष के 20 नन्हे मुने बच्चों को मुखिया लीलावती देवी, पंसस बंसती देवी, पंसस राजा राम सोरेन ने संयुक्त रुप से स्वेटर का वितरण किया। स्वेटर पहनकर बच्चे काफी खुश हुए। मुखिया लीलावती ने कहा कि कडाके की ठंड को देखते हुए सभी आंगनबाड़ी केंदों में स्वेटर का वितरण किया जा रहा है। कहा कि सरकार द्वारा मिलने वाली योजनाओं का लाभ आमला गाने तक पहुंचाना प्राथमिकता है। पंसस बसंती देवी ने बच्चों से कहा कि रोज समय पर स्कूल आए और मन लगाकर पढे। मौके पर उप मुखिया नागेश्वर हेंब्रम, वार्ड सदस्य रेखा देवी, सेविका अनिता देवी, प्रीति देवी, फुदिया देवी, सुलोचना देवी समेत बच्चों के अभिभावक मौजूद रहे।

### हरिश्वर धाम का स्थापना दिवस मनाया गया

**तुपकाडीह :** तुपकाडीह के तांतरी गांव में राधा कृष्ण मंदिर हरिश्वर धाम का 11वां स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। पुरोहित कृष्ण मुरारी पांडेय और बलराम पांडेय ने मुख्य यजमान निर्मल मिश्रा के हाथों विधि विधान के साथ पूजा अर्चना मूर्ति की। सेवा ससुरवा, वस्त्र भरण, हवन कुंड पूजन करने के बाद महाआरती के साथ ही लंगर के आयोजन में भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए और महाप्रसाद पाकर धन्य हुए। मौके पर आरबी मिश्रा विधायक प्रतिनिधि निरंजन मिश्रा मुखिया गिरिंद्र मिश्रा, पंसस माधुरी देवी, दयानंद, वेद प्रकाश, ओम प्रकाश आदि मौजूद थे।

### मनाई गई स्वामी विवेकानंद की जयंती

**जैनामोड़ :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जरीडीह इकाई द्वारा जैनामोड़ में स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई। अध्यक्षता सोनू सिंह एवं मंच संचालन रोशन जायसवाल ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर एवं स्वामी विवेकानंद के प्रतिमा में मालार्पण कर किया गया। जिसके बाद छात्रों के बीच निबंध, भाषण एवं चित्र लेखन प्रतियोगिता का कार्यक्रम हुआ। धनबाद विभाग संयोजक नवीन महतो ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी को हुआ।

## शहर >> अपडेट

### आवासीय कार्यालय में मना प्रियंका गांधी का जन्मदिन

**बेरमो:** बेरमो विधायक के आवासीय कार्यालय स्टाफ क्वार्टर मे प्रियंका गांधी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। मौके पर कांग्रेस यूथ इंटक राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रेहाना राज ने कहा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमिटी के महासचिव, महिला सशक्तिकरण की बुलंद आवाज श्रीमती प्रियंका गांधी जी को जन्मदिवस की बहुत-बहुत बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### 12 सूत्री मांग पर महाप्रबंधक से आजसू की सकारात्मक वार्ता

**वेस्ट बोकारो (घाटो) :** आजसू पार्टी की 12 सूत्री मांग पत्र पर द्विपक्षीय वार्ता चरही महाप्रबंधक कार्यालय में बुधवार को हुई। वार्ता की अध्यक्षता महाप्रबंधक नीरज कुमार सिन्हा ने किया। आजसू पार्टी ने झारखंड उत्खनन परियोजना प्रबंधन को 19 दिसंबर को सौंपे गए 12 सूत्री मांगपत्र चर्चा किया। सौंपे गए मांगपत्र में बिजली, पानी, सड़क, रोजगार, चिकित्सा सहित अन्य मांगे शामिल है। उपर्युक्त मांगो का निराकरण के लिए विभागीय अधिकारियों के साथ चर्चा हुई। वहीं प्रबंधन संभावित मांगो को तीन महीने के भीतर पहल करने का आश्वासन दिया। इस वार्ता में दोनों पक्षों में सहमति बनी। इस अवसर पर आजसू मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो ने कहा कि सीसीएल झारखंड उत्खनन परियोजना प्रबंधन को लइयो की विभिन्न समस्याओं को लेकर आजसू पार्टी ने जेओसीपी प्रबंधन को 12 सूत्री मांगपत्र सौंपा था। जिसे लेकर प्रबंधन अनदेखी कर पार्टी के गतिविधियों को दरकिनार किया गया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष मदन महतो, केंद्रीय सदस्य किशुन महतो, रमेश महतो, रूपलाल महतो, पंकज सहित पार्टी के अन्य सदस्यगण मौजूद थे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### सांसद चंद्रप्रकाश ने डोर टू डोर अभियान चलाया

**रजरप्पा :** रामगढ विधानसभा में होने वाले उप चुनाव को लेकर डोर टू डोर जनसम्पर्क अभियान चलाया गया। दुलमी प्रखंड के गांव बेयांग, कारो, उरबा पुत्रिडीह, कुल्ही, में गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने ग्रामीणों से मुलाकात कर सभी समस्याओं से रूबरू हुए। सांसद ने आने वाले उप चुनाव में फिर से आजसू पार्टी को समर्थन देने हेतु अपील की। ग्रामीणों से मुलाकात के दौरान सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा आपलोग के दु:ख सु:ख में हमेशा आजसू पार्टी साथ है। हमारे पार्टी द्वारा सभी गांव में पिछले 20 वर्षो से रामगढ़ क्षेत्र में पानी, बिजली, सड़क ,शिक्षा ,स्वास्थ सिंचाई आदि मूलभूत अनगिनत चहमुखी विकास किया गया है और आगे हमेशा करता रहूँगा।

### कैलाश सत्यार्थी के जन्मदिन को बच्चों ने मनाया

**पतरातु :** नोबेल पुरस्कार से सम्मानित विश्व प्रसिद्ध बाल अधिकार कार्यकर्ता कैलाश सत्यार्थी के जन्मदिन के अवसर पर रामगढ़ जिले के पतरातू प्रखंड अंतर्गत जयनगर मध्य विद्यालय में नन्हे बच्चों के साथ सुरक्षित बचपन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों के बीच खेल-कूद, आर्ट, कविता, लेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही बच्चों को बाल अधिकार व समाज के प्रति उनके कर्तव्यों के बारे में बताया गया। बच्चों ने इस विशेष अवसर का लुत्फ उठाते हुए नाच, गान के साथ आनंद उठाया। अंत में प्रतियोगिता में जिन बच्चों ने अव्वल स्थान प्राप्त किया उन्हें पुरस्कृत किया गया। देश के गौरव कैलाश सत्यार्थी के जन्मदिन पर देश के अलग-अलग राज्यों के अलग-अलग जिलों में स्थानीय गैर सरकारी संगठनों, स्वयं सेवकों, कार्यकताओं द्वारा बच्चों के साथ सुरक्षित बचपन दिवस मनाया गया। कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन बिहार झारखंड के 50 जिलों में लंबे समय से बाल संरक्षण के विषय मे जैसे बाल मजदूरी, बाल दुव्यापार, बाल विवाह, बाल यौन शोषण के मुद्दे पर सघन जागरूकता अभियान चला रही है।

---

**घटना** कुआं में शव तैरता हुआ देख ग्रामीणों ने रजरप्पा पुलिस को सूचना दी गई

# पति पत्नी का तैरता शव कुएं से बरामद

- पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा अस्पताल
- कुल्ही गांव तथा पास पड़ोस के लोग भारी संख्या में इकट्ठा हुआ
- रजरप्पा इंस्पेक्टर हरिनंदन प्रसाद सदल बल घटनास्थल पर पहुंचे
- उधर घटना से पूरा पंचायत वासी काफी शोकाकुल है

राष्ट्रीय खबर



**दुलमी:** दुलमी प्रखंड के कुल्ही के सबई गढ़ा के कुआं से कुल्ही निवासी कंचन नायक( 50 वर्षत्र पिता स्व महिलाल नायक का शव व कचंन नायक के पत्नी उमा देवी (45 वर्षीय) दोनों का लाश कुआ में तैरता मिला। ग्रामीणो ने बताया कि बारी तरफ जाने पर कुआं में लाश दिखा पति-पत्नी का लाश एक ही कुआं में तैरता हुआ देख ग्रामीणों द्वारा रजरप्पा पुलिस को सूचना दी गई।

मौके पर रजरप्पा इंस्पेक्टर हरिनंदन प्रसाद सदल बल घटनास्थल पर पहुंचे और घटना की जानकारी लेकर पास पड़ोस के ग्रामीणों से पूछताछ की और पंचनामा कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल भेज दिया गया। उधर घटना से पूरा पंचायत वासी काफी शोकाकुल है। एक ही परिवार के दोनों पति पत्नी कुआं में आखिर कैसे डूबे, विभिन्न तरह की चचाएं हो रही है कि आखिर पति पत्नी एक ही कुआं में कैसे डूब कर मर गए। घटना की जानकारी मिलते ही कुल्ही गांव तथा पास पड़ोस के लोग भारी संख्या में इकट्ठा हुआ और पुलिस की मदद से दोनों शव को निकाला गया और पति पत्नी केशव को पुलिस अपने में कब्जे कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। मौके पर स्थानीय ग्रामीणों सहित दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## स्वामी विवेकानंद जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर निकाली गई प्रभात फेरी



राष्ट्रीय खबर

**रामगढ़ :** अनुमण्डल कार्यालय परिस से स्वामी विवेकानन्द जयन्ती ह्यराष्ट्रीय युवा दिवसह्न के अवसर पर खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय से प्राप्त निर्देश के आलोक में जिला प्रशासन द्वारा प्रभात फेरीह्न का आयोजन किया गया। जिसमें डे-बोर्डिंग बालक फुटबॉल प्रशिक्षण केन्द्र, रामगढ़, विभिन्न विद्यालय, एन एस एस एवं एन सी सी, रामगढ़ से 15 से 29 वर्ष आयुवर्ग तक के लगभग 500 से अधिक युवा-युवतियों ने प्रभात फेरी में भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनुमण्डल पदाधिकारी, रामगढ़ मो० जावेद हुसैन के द्वारा दीप प्रज्जवलित करने एवं स्वामी विवेकानन्द की प्रतीमा पर मल्यार्पण करने के उपरांत राष्ट्रीय युवा दिवस पर युवक -युवतियों को संबोधित किया गया।

उनके द्वारा बताया गया कि जब भी राष्ट्र / देश या प्रांत के विकास की बात आती है तो सबसे पहले युवा ही आगे आते हैं, क्योंकि इस उम्र के युवाओं में ऐसी ताकत व जोश होता है जिससे वे अपना और देश का भविष्य बदल सकते हैं। युवाओं में इतनी प्रतिभा होती है कि चाहे वह पढ़ाई हो, खेल हो, आर्ट हो या फिर अन्य व्यवसाय हो क्षेत्र में देश का नाम रोशन कर सकते है। मौके पर अनुमण्डल पदाधिकारी, रामगढ़ के द्वारा हरी झण्डी दिखाकर सभी युवक एवं युवतियों को प्रभात फेरी के लिए रवाना किया गया, जो सुभाष चौक से होते हुए पुनः अनुमण्डल कार्यालय के प्रांगण में समाप्त हुई।

## स्वामी विवेकानंद जी की 160 वी जयंती स्मारक समिति द्वारा मनाई गई

राष्ट्रीय खबर



**पतरातू :** पतरातू पीटीपीएस स्वामी विवेकानंद स्मारक समिति के द्वारा स्वामी विवेकानन्द जी की 160 वी जयंती धुमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कटिया पंचायत के मुखिया सह समिति के अध्यक्ष किशोर कुमार महतो एवं संचालन सानिध्य संस्था के संयोजक अमित कुमार सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र के जिला पार्षद राजाराम प्रजापति ने भाग लिया। एवं उनके द्वारा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा गया कि स्वामी विवेकानंद जी बहुत कम उम्र में ही भारत को विश्व पटल पर ले जाने के लिए कमर कस लिए थे। एवं आज देश के युवा उनके मार्गदर्शन एवं आदर्शो पर चलकर देश का मान भी बढ़ा रहे है। स्वामी विवेकानन्द जी के आदर्शों के द्वारा देश को परम वैभव शिखर तक पहुँचने का अवसर भी प्राप्त किया गया था। स्वामी विवेकानन्द जयंती समारोह को आगे बढ़ाते हुए समिति के अध्यक्ष कटिया पंचायत के मुखिया किशोर कुमार महतो के द्वारा अपने संबोधन में कहा कि जिस प्रकार स्वामी विवेकानंद जी कम उम्र में ही देश के लिए, हिंदूधर्म और समाज के लिए बलिदान एवं कार्य किए हैं। वह अतुलनीय है। उनके द्वारा कहा गया कि स्वामी विवेकानन्द जी का जीवन आज के युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक है।

सम्बोधित करते हुए लोगो से उनके द्वारा कहा कि स्वामी विवेकानंद जी के आदर्श एवं वाणी से निराशा भी आशा में जाति है। स्वामी विवेकानंद के द्वारा बोले गए शब्द जो आज भी देश के युवाओं प्रेरणादायक शिद्द हो रहे हैं। ऐ मेरे देश के नव जवानो जागो उठो और लक्ष्य की प्राप्ति किए बिना रुको नहीं। स्वामी विवेकानंद जी बहुत कम उम्र में विश्व विख्यात प्रभावशाली आध्यात्मिक गुरु बन गए थे। 1893 में अमेरिका के शिकागो में हुए विश्व धार्मिक सम्मेलन में उन्होंने जब भारत और हिंदुत्व का प्रतिनिधित्व किया था। तो उनके विचारों से पूरी दुनिया उनकी ओर आकर्षित हुई एवं भारत देश को गौरव प्राप्त हुआ।स्वामी विवेकानंद जयंती और राष्ट्रीय युवा दिवस होने के साथ विश्व विख्यात प्रभावशाली आध्यात्मिक गुरु बन गए थे। स्वामी विवेकानंद जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में देश मनाता है। कार्यक्रम में एकल विद्यालय के आचार्य एवं बच्चों के द्वारा भी अच्छी संख्या में शामिल हुए।

## झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की बैठक उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी का होगा प्रत्याशी

राष्ट्रीय खबर



**रामगढ़ :** रांची रोड स्थित जिमखाना क्लब में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें नवगठित पॉलीटिकल अफेयर्स कमिटी की ओर से की गई बैठक की अध्यक्षता झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने किया। बैठक में रामगढ़ विधानसभा के उपचुनाव में कांग्रेस अपना प्रत्याशी मैदान में उतारेगी। इस बात की घोषणा किया गया साथी पार्टी नेताओं ने पूर्व निर्धारित 9 एजेंटों पर करीब 4 घंटे तक चर्चा की गई। इस दौरान प्रदेश नवनियुक्त पदाधिकारियों को जिम्मेदारी भी दी गई। आयोजित कांग्रेस पॉलीटिकल अफेयर्स की बैठक के बाद प्रदेश कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि रामगढ़ विधानसभा की सीट कांग्रेस की रही है। उपचुनाव में भी कांग्रेस की ओर से इस सीट पर सशक्त उम्मीदवार दिया जाएगा। पार्टी के तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता गण मिलकर इस सीट को दुबारा जीत दर्ज करेंगे। पार्टी की ओर से रामगढ़ सीट पर किसे टिकट दिया जाएगा इस सवाल का जवाब प्रदेश प्रभारी ने नहीं दिया। पत्रकारों से बात करते हुए अविनाश पांडे ने कहा कि विधायक ममता देवी को न्याय और रामगढ़ विधानसभा के प्रत्याशी को लेकर चर्चा हो रही है। बहुत जल्दी जनता के सामने आ जाएगी। बैठक में सरकार के कार्यों की समीक्षा भी की गई। इस बैठक में मुख्य रूप से कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी एवं राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडे, कांग्रेस विधायक दल के नेता सह मंत्री आलमगीर आलम, मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, मंत्री बादल पत्रलेख, बन्ना गुप्ता पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव भगत, सुबोधकांत सहाय, राजीव गांधी कार्यकारी अध्यक्ष पंकज तिवारी, राजकुमार यादव सहित रामगढ़ जिला के वरिष्ठ नेता गण एवं सभी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष व कार्यकर्तागण मुख्य रूप से उपस्थित रहें।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मनाई गई स्वामी विवेकानंद की जयंती



राष्ट्रीय खबर

**पतरातु :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पतरातु बाजार में स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई। बताते चले कि इस दिन को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में भी जाना जाता है। कार्यक्रम में विद्यालय के भैया बहनों के द्वारा स्वामी विवेकानंद को सम्मान दिया गया। इस कार्यक्रम में ममता सिंह तथा नूतन कुमारी के द्वारा भैया वाहनों को विवेकानंद जी की जीवनी पर प्रकाश डाला गया एवं उनके पद चिन्हों पर चलने की प्रेरणा दी गई। विद्यालय परिवार की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में प्रधानाचार्य चंद्र पांडे के साथ विद्यालय के सभी शिक्षक स्वामी विवेकानंद आदर्शों एवं उनके पदचिन्ह पर चलने की बात विद्यालय के सभी बच्चों को बताएं विद्यालय प्रांगण में बड़े सम्मान के साथ स्वामी विवेकानंद आदतों एवं उनके जीवनी पर प्रकाश डाला गया जिससे विद्यालय के बच्चों को स्वामी विवेकानंद के जीवन शैली एवं उनके आदतों से अवगत होने का अवसर प्राप्त हुआ।

**प्रतियोगिता** गंधोनिया धाम में 14 जनवरी को मकर सक्रांति के अवसर पर होगा टुसू प्रदर्शनी का आयोजन

# टुसू प्रदर्शनी, सफल प्रतिभागी होंगे पुरस्कृत

- प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को प्रोत्साहन राशि दी जाएगी
- केवल झारखंडी संस्कृति टुसु महत्व को दशार्ता हो

राष्ट्रीय खबर



**गिद्दी :** डाड़ी प्रखंड के कनकी पंचायत के गंधोनिया धाम में आगामी 14 जनवरी को मकर सक्रांति के अवसर पर टुसू प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा.इसमें रोयांग, चानो,होसिर, कनकी, बलसगरा, रबोध, सेनेगढ़ा आदि की टुसू टीम शामिल होंगी.आगामी 14जनवरी 2023को गंधोनिया धाम कनकी में टुसु से संबंधित प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को प्रोत्साहन राशि दी जाएगी. जो इस प्रकार है.प्रथम पुरस्कार 5000रुपया , द्वितीय पुरस्कार 3000, तृतीय पुरस्कार 2000 रुपया साथ हीसांत्वना पुरस्कार 500 रुपया दिया जाएगा. टुसु चोड़ल(झांकी) प्रतियोगिता की शर्तें निम्न हैं: इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को टुसु चोड़ल आकृति(झांकी) बनाकर लाना है।

जिसमें मुख्य विंदुओं के आधार पर प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा. टुसु चोड़ल मुख्य रूप से सनखाड़ी (कुदरूम) ,थेथर (भेंडरा) की लकड़ी से बनी हो। उक्त सामग्री न मिलने पर बांस का प्रयोग भी मान्य होगा। चोड़ल की आकृति न मंदिर की हो न मस्जिद की। केवल झारखंडी संस्कृति टुसु महत्व को दशार्ता हो। इसमें कागज से संबंधित तथ्यों का ही प्रयोग हों, प्लास्टिक का नहीं।यह प्रतियोगिता केवल बालिकाओं (महिलाओं)के लिए आयोजित की गयी है। टुसु चोड़ल झांकी प्रतियोगिता में जो प्रतिभागी भाग लेना चाहते हैं वो अपना नाम, पता के साथ गंधोनिया धाम मेला समिति कनकी को दे सकते हैं।

---

## न्यूज फटाफट

### स्वयं सेवी संस्था ऑपरेशन स्माइल ने लगाया निशुल्क ऑपरेशन शिविर

**पतरातु :** बलकुदरा पंचायत भवन में स्वयंसेवी संस्था ऑपरेशन स्माइल एवं पतरातू स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के संयुक्त तत्वाधान में जन्मजात कटे होंठ एवं तालु के शिशु एवं सभी उम्र के लोगों के लिए निशुल्क ऑपरेशन एवम परामर्श शिविर लगाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बल्कुदरा पंचायत के मुखिया विजय मुंडा के द्वारा शिविर का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस निशुल्क शिविर में ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया साथ ही साथ 5 लोगों ने ऑपरेशन के लिए रजिस्ट्रेशन भी करवाया। मौके पर स्थानीय मुखिया ने कहा आज के शिविर से समाज के बीच इस बीमारी का समुचित इलाज हो सकता है इस दिशा में निसंदेह जागरूकता लाएगी। कार्यक्रम मे स्वयंसेवी संस्था ऑपरेशन स्माइल की ओर से आकाश सामंतो, स्वयंसेवी संस्था पतरातू स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के तरफ से अभिषेक हजरा, अरुण कुमार एवं नागेंद्र उपस्थित रहे। बताते चलें कि पूर्व में भी पतरातू स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के द्वारा कई सामाजिक कार्यो का आयोजन होता आया है। गरीबों के बीच खाद्य सामग्री वस्त्र एवं बच्चों के लिए पाठ्य सामग्री का वितरण भी पूर्व में कई बार पतरातु स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के द्वारा किया जा चुका है।

### दुर्गा मंदिर नवनिर्माण हेतु हर समय मदद के लिए तैयार : चद्र प्रकाश चौधरी

**मगनपुर :** गोला के बरलगा में स्थित डीएबी पब्लिक स्कूल परिसर में मंदिर निर्माण हेतु समारोह आयोजित किया गया। समारोह में उपस्थित गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि हिंदू विचारधारा के लोग इस में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें और अपने सामर्थ्य अनुसार दुर्गा मंदिर निर्माण के लिए सहयोग जरूर करें। मंदिर निर्माण ट्रस्ट समिति के लोगों को सहयोग करे। इस मंदिर निर्माण के लिए समिति को मुझसे जो भी मदद की अपेक्षा होगा, मैं हर समय तैयार हूं। मौके पर मौजूद थे आजसू पूर्वी जोन के अध्यक्ष सरद त्रिपाठी, सचिव हरिबोल महतो, सरगडीह के मुखिया प्रभाष प्रकाश सिंह , बरलंगा पंचायत मुखिया कांति देवी , रामसेवक महतो उमेश महतो रविंद्र नाथ महतो बासुदेव महतो पशुपति बेदिया, लालधरी, गंगाराम महतो, पुलेश्वर भुनेसेर भीम महतो रबी महतो बीरबल महतो सुरेंद्र नाथ महतो हरिहर सिंह मुंडा, नारायण सिंह, पाण्डु सिंह, त्रिलोचन प्रजापति, उप मुखिया अनुज ललन बेदिया, धनंजय बेदिया, फलिंडर महतो, बिमला कुमारी मीडिया प्रभारी हिमांशु आधी सैकड़ों महिला पुरूष उपस्थित थे।

### डीएवी में मनाई गई स्वामी विवेकानंद की जयंती

गिद्दी :डीएवी गिद्दी ए में स्वामी विवेकानंद के 158वें जन्म दिवस पर राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम कि शुरूआत स्वामी जी के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सुपरवाइजरी हेड सुनील कुमार ने कहा कि यह अटल सत्य है कि स्वामी विवेकानंद के आदर्श और सिद्धांतों को देश की युवा पीढ़ी अपनाएं तो भारत का सार्वभौमिक विकास अपने चरमोत्कर्ष पर होगा। भारत सरकार ने इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए स्वामी जी के जन्मदिवस को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी। परिवार और शिक्षण संस्थान ही ऐसे स्थान हैं, जहां हमारे देश का भविष्य निर्माण अर्थात युवाओं का निर्माण होता है। आज भारत ही नहीं बल्कि विश्व के हजारों हजार युवा उनके बताए गए आदर्शो को अपनाकर सफलता के नए कार्तिमान स्थापित किए हैं। इस अवसर पर विद्यालय के दसवीं की छात्रा डॉली कुमारी को डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स में कराटे स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने के लिए सम्मानित किया गया।उन्होंने कहा कि डॉली ने ना सिर्फ विद्यालय का बल्कि पूरे कोयलांचल का नाम रौशन किया है।

### पंद्रह दिवसीय ग्रामीण खेलकूद शिविर का हुआ उद्घाटन

**रजरप्पा :** सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र द्वारा सीएसआर के तहत पंद्रह दिवसीय ग्रामीण खेलकूद शिविर 2023 का औपचारिक उद्घाटन महाप्रबंधक पी एन यादव के कर कमलों द्वारा किया गया। 05.01.2023 से 19.01.2023 तक चलने वाले इस कैम्प में रामगढ़ ज़िले के चितरपुर, गोला, दूलमी, रामगढ़ प्रखंड तथा बोकारो ज़िला के गोमिया प्रखंड के कुल 50 बच्चे कबड्डी तथा एथलेटिक्स का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इन सभी प्रतिभागियों के बीच ट्रैक सूट, जर्सी, किट बैग एवं अन्य सामग्रियों का वितरण किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक ने सभी प्रतिभागियों की हौसला आफजाई करते हुए कहा की, आप सब खेल की दुनिया में रजरप्पा एवं इस क्षेत्र का नाम रौशन कीजिए। स्टाफ अधिकारी (कार्मिक) एस के गोस्वामी ने भी सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ दी। कार्यक्रम का संचालन कर रहे नोडल अधिकारी (सीएसआर) आशीष झा ने बताया की यह 15-दिवसीय आवासीय शिविर रजरप्पा क्षेत्र द्वारा ग्रामीण खेलकूद को बढ़ावा देने का अनूठा पहल है जो की पहली बार आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन शिविर के कोच सी डी सिंह ने किया। इस मौके पर उप प्रबंधक (का०) आँचल श्रीवास्तव, सहायक प्रबंधक (का०) जयश्री चटर्जी, प्रबंधन प्रशिक्षु सिम्मी टोपो के अलावे विकास कच्छप, बिकास वर्मा, बिकास राय सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### किड्ज ए जूनियर स्कूल में मनाई गई स्वामी विवेकानंद की जयंती

**पतरातु :** किड्ज ए जूनियर स्कूल के प्रांगण में विवेकानंद की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक राकेश कुमार ने विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण , पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन कर कार्य का शुभारंभ किया। बच्चों ने स्वामी विवेकानंद से संबंधित भाषण, गीत प्रतियोगिता एवं बहनों ने नृत्य प्रस्तुत किया। विद्यालय के शिक्षकों के द्वारा इस अवसर पर बच्चों को मार्गदर्शन दिया गया। अंत में निदेशक महोदय के द्वारा बच्चों को पुरस्कृत किया गया और उन्होंने सबो से स्वामी विवेकानंद के पदचिन्हों पर चलने के लिए आवाह्न किया । इस अवसर पर अशोक कुमार सिन्हा , प्रभाती बक्शी, पूनम कुमारी ,आरती कुमारी सिंह, ममता कुमारी ,नैंसी कुमारी स्वाति कुमारी ,महारानी सेन,संजय महाराज ,अनु कुमारी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

### युवा राष्ट्रीय दिवस मनाया गया, प्रभात फेरी निकाली



**गोला :** युवा राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष में ज्ञान युवा चौपाल (युवा कैम्पस ) के तहत युवाओं को उठो जागो और तब तक मत रुको जब तक मंजिल प्राप्त ना हो जाए का नारा लगाते हुए उत्क्रमित उच्च विद्यालय बरियातू के छात्र छात्राएं, शिक्षक शिक्षिकाओ ने प्रभात फेरी निकाली। प्रभात फेरी के माध्यम से स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस पर युवा वर्ग को जगाने का कार्य किया गया। प्रभात फेरी में प्रभारी प्रधानाध्यापक जितेंद्र कुमार महतो, भागवत तिवारी, वरुण लाल, रूपलाल महतो, अजय कुमार मिश्रा, मनोहर कुमार, मुकेश कुमार यादव , आदित्य कुमार, लालमोहन वेदिया, सिल्विना लकड़ा, टेरेसा पुष्पीका टोप्पो, सरस्वती नायक , उषा रंजन विनोद बिहारी महतो बालेश्वर प्रसाद सिन्हा आनंद कुमार मिश्रा अभिषेक खत्री, रीता बाला रीता करमाली,दीप्ति रानी, मनोज चौधरी विनोद सोनी सुधीर चौधरी, राजेश कुमार सोनापत्ति, नरेश भगत, गंधारी राम, राधेश्याम साहू, कौशिक सामंतो, सऊद आलम , गणेश कुमार ,हाशिम ,ममता देवी, सुमित्रा देवी , भुनेश्वर महतो , आसिफ आदि सभी शिक्षक साथी उपस्थित रहे ।

संपादकीय

# लोकतंत्र के दो स्तंभों का टकराव आखिर क्यों

उपराष्ट्रपति धनखड़ ने फिर से यह सवाल उठा दिया है कि संसद द्वारा पारित नियमों पर सुप्रीम कोर्ट कैसे फैसला ले सकती है। जनता द्वारा चुने गये प्रतिनिधियों के बीच अगर किसी बात पर सहमति बनती है तो उस पर अदालत को क्या आपत्ति है। दरअसल काफी समय से न्यायपालिका और विधायिका के बीच जारी टकराव में यह बयान नये आयाम जोड़ रहा है। अजीब स्थिति यह है कि उनके बयान के तुरंत बाद खास तौर पर भाजपा आईटी सेल के लोग इसे प्रचारित करने में जुट गये हैं। ऐसे लोग इस पर अपनी जानकारी बयान कर रहे हैं जिन्हें शायद कानून, संविधान, न्यायपालिका और विधायिका की कार्यप्रणाली की पूरी जानकारी भी नहीं है। इससे साफ है कि इसका एक मकसद तो राजनीतिक है, जिसके झंडाबरदार अभी देश के कानून किरेण रिजिजू बने हुए हैं। उन्होंने पहले भी कई बार सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम पद्धति पर आपत्ति जतायी है। दूसरी तरफ भाजपा और केंद्र सरकार की यह भी बड़ी परेशानी है कि उनकी इच्छा के खिलाफ जाकर



सुप्रीम कोर्ट उन मामलों की भी सुनवाई कर रहे हैं, जो केंद्र सरकार को असहज स्थिति में डाल देते हैं। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को केशवानंद भारती मामले में उस ऐतिहासिक फैसले पर सवाल उठाया जिसने देश में संविधान के मूलभूत ढांचे का सिद्धांत दिया था। धनखड़ ने इस ऐतिहासिक फैसले पर सवाल उठाते हुए कहा कि न्यायपालिका, संसद की संप्रभुता से समझौता नहीं कर सकती। उपराष्ट्रपति ने कहा, यदि संसद के बनाए कानून को किसी भी आधार पर कोई भी संस्था अमान्य करती है तो प्रजातंत्र के लिए ठीक नहीं होगा, बल्कि यह कहना मुश्किल होगा क्या हम लोकतांत्रिक देश हैं। साथ ही उन्होंने उच्चतम न्यायालय द्वारा 2015 में राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (एनजेएसी) अधिनियम को निरस्त किए जाने पर कहा कि दुनिया में ऐसा कहीं नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के अस्तित्व के लिए संसदीय संप्रभुता और स्वायत्तता सर्वोपरि है और कार्यपालिका या न्यायपालिका को इससे समझौता करने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। धनखड़ राजस्थान विधानसभा में अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। संवैधानिक संस्थाओं के अपनी सीमाओं में रहकर काम करने की बात करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा, संविधान में संशोधन का संसद का अधिकार क्या किसी और संस्था पर निर्भर कर सकता है। क्या संविधान में कोई नयी संस्था है, जो कहेगी कि संसद ने जो कानून बनाया उस पर हमारी मुहर लगेगी तभी कानून होगा। उन्हौने कहा, 1973 में एक बहुत गलत परंपरा पड़ी। वर्ष 1973 में केशवानंद भारती के मामले में उच्चतम न्यायालय ने मूलभूत ढांचे का विचार रखा कि संसद, संविधान में संशोधन कर सकती है लेकिन मूलभूत ढांचे में नहीं। न्यायपालिका के प्रति सम्मान प्रकट करने के साथ, कहना चाहूंगा कि मैं इसे नहीं मान सकता। उन्होंने कहा, यदि संसद के बनाए गए कानून को किसी भी आधार पर कोई भी संस्था अमान्य करती है तो यह प्रजातंत्र के लिए ठीक नहीं होगा बल्कि यह कहना मुश्किल होगा क्या हम लोकतांत्रिक देश हैं। संसद द्वारा पारित एनजेएसी अधिनियम को उच्चतम न्यायालय द्वारा निरस्त किए जाने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, 2015 में राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग अधिनियम पारित किया गया। ऐसे कानून को उच्चतम न्यायालय ने निरस्त कर दिया।।दुनिया में ऐसा कहीं नहीं हुआ है। उपराष्ट्रपति ने कहा, कार्यपालिका को संसद से निकलने वाले संवैधानिक नुस्खे के अनुपालन के लिए नियुक्त किया गया है। यह एनजेएसी का पालन करने के लिए बाध्य है। न्यायिक फैसले इसे निरस्त नहीं कर सकते। उन्होंने आगे कहा, संसदीय संप्रभुता को कार्यपालिका या न्यायपालिका द्वारा कमजोर करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। उनका बयान न्यायपालिका में उच्च पदों पर नियुक्ति के मुद्दे पर जारी बहस के बीच आया है जिसमें सरकार वर्तमान कॉलेजियम प्रणाली पर सवाल उठा रही है और सर्वोच्च न्यायालय इसका बचाव कर रहा है।उन्होंने सम्मेलन में पीठासीन अधिकारियों से कहा कि लोगों की संप्रभुता की रक्षा करना संसद और विधायिकाओं का दायित्व है। इसके तुरंत बाद भाजपा का प्रचार तंत्र इसे लेकर सक्रिय हो गया है। वैसे इस विवाद के मूल में दोनों के कार्यक्षेत्रों का टकराव है अथवा केंद्र सरकार की एकाधिकार वाली सोच, इस पर विचार करने की जरूरत है। पेगासूस और नोटबंदी सहित कई ऐसे मामलों की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में हुई है, केंद्र सरकार जिनपर विचार के खिलाफ थी। इससे स्पष्ट है कि विवाद की जड़ कहीं और है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट में जजों की बहाली में सरकार की इच्छा सर्वोपरि की भावना को भी सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर विवाद को और बढ़ा दिया है। यह निश्चित रूप से एक व्यापक बहस का विषय है और इसका फैसला कमसे कम चौक चौराहों पर ज्ञान बांटने वाले तो नहीं कर सकते हैं।

# नेपाली पीएम पुष्प कमल दहल प्रचण्ड ने राजनीतिक में इतिहास रचा

भारत के पड़ोसी मित्र राष्ट्र नेपाल में नेकपा एमाले प्रमुख खड़्ग प्रसाद शर्मा ओली के विचारों से आहत और धोखा खाए प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचण्ड ने चुनावी गठबंधन के शेर बहादुर देउबा से हल्के मतभेद पर पुनः विगत कार्यकाल की भांति समझौता कर लिया और प्रधानमंत्री बन गए। अलबत्ता उन्होंने देखा कि केपी ओली ने नेपाल के विकास की गति को झूठ और निराधार कोरी घोषणा से किस प्रकार अवरुद्ध कर दिया। ओली की गतिविधियों से नेपाली जनता में भ्रम की स्थिति उत्पन्न हुई, उससे नेपाल की उत्तर सीमा असुरक्षित हो गई। शेर बहादुर देउबा ने देखा की केपी ओली फिर से प्रचण्ड पर अनावश्यक दबाव बनाकर नेपाल के विकास की गति अवरुद्ध नहीं करें, इसलिए एक नाटकीय घटनाक्रम में प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल ने मंगलवार को नेपाल की संसद में ऐतिहासिक विश्वास का मत प्राप्त किया। नेपाली गणतंत्र के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ कि संसद विपक्ष विहीन हो गया। वैसे नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी यूएमएल के समर्थन से प्रधानमंत्री बने पुष्प कमल दहल प्रचंड ने विपक्ष नेपाली कांग्रेस सहित अन्य दलों के समर्थन करने से भारी बहुमत से विश्वास मत प्राप्त किया। नेपाली कांग्रेस ने चुनावी गठबंधन को तोड़ कर ओली के समर्थन से सरकार बनाने वाले पुष्प कमल दहल प्रचंड ने विश्वास मत की पूर्व संध्या पर कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष तथा निवर्तमान प्रधानमंत्री शेरबहादुर देउवा से भेंट कर विश्वास व्यक्त करने का आग्रह किया। नेपाली कांग्रेस ने ऐतिहासिक निर्णय लिया और नेपाली सदन में मतदान से पूर्व प्रचंड सरकार के पक्ष में समर्थन का निर्णय लिया। नेपाली कांग्रेस प्रमुख देउबा के निर्णय से आवाक रह गए खड्ग प्रसाद शर्मा ओली ने अंततोगत्वा कहा कि कांग्रेस के इस फैसले पर केपी ओली ने कहा कि अब संसद विपक्ष विहीन है। वास्तविकता यह कि केपी ओली को विश्वास रहा होगा, अंत में प्रचण्ड उन्हे ढाई वर्ष के लिए प्रधानमंत्री बनाएंगे। वे भूल गए कि इसके पूर्व संसद भंग करने और राजतंत्र की वकालत की भाषा बोलने वाले ओली पर कितना विश्वास किया जा सकता है, यह प्रचण्ड नहीं भूले होंगे। विश्वास मत के क्रम में देउवा, ओली और प्रचण्ड में संसद विघटन मुद्दा पर एक दूसरे पर कटाक्ष भी किया। अलबत्ता 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में पुष्प कमल दहल प्रचण्ड प्रधानमंत्री के पक्ष में 272 सांसदों ने विश्वास व्यक्त किया। नेपाल प्रतिनिधि सभा के एक कांग्रेस सांसद निलंबित हैं उनके अतिरिक्त केवल दो सांसदों ने प्रचण्ड सरकार के विपक्ष में मतदान किया है। फिलहाल 275 सदस्यों वाली नेपाली संसद के प्रतिनिधिसभा में नेपाली कांग्रेस के 89, यूएमएल के 79, सीपीएन (माओवादी सेंटर) के 32, सीपीएन (एकीकृत समाजवादी) के 10, राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के पास 20, जनमत पार्टी के 06, लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के 04 और नागरिक उन्मुक्ति पार्टी के 03 सदस्य हैं।



**अवधेश कुमार शर्मा**
स्तंभकार

**प्रश्न यह कि केपी ओली संग क्यों गए पीकेडी प्रचण्ड**

नेपाल में प्रतिनिधि सभा चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद पुष्प कमल दहल प्रचण्ड हालाकि तीसरे नंबर की पार्टी प्रमुख रहे, अलबत्ता स्वयं को प्रधानमंत्री बनने के प्रयास में रहे। पिछली सरकार में उन्होंने नेपाली कांग्रेस के शेर बहादुर देउबा को प्रधानमंत्री पद के लिए समर्थन दिया, ऐसे देउबा से उन्हें अपेक्षा रही, नेपाली कांग्रेस के आनाकानी और राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी के दावा पेश करने की डेडलाइन के दृष्टिगत पुष्प कमल दहल प्रचण्ड ने ओली संग सरकार बनाने का दावा पेश किया। उसके बाद केपी ओली पुरानी रणनीति पर आ गई, ओली के दूसरे आधे कार्यकाल के लिए प्रधानमंत्री बनने पर सहमति बनी। उल्लेखनीय है कि पिछले चुनाव के बाद भी ओली की पार्टी ने प्रचंड के साथ यही वादा किया और पहले प्रधानमंत्री बनने के बाद प्रचण्ड को दूसरा कार्यकाल नहीं सौंप वादाखिलाफी किया, जिससे नेपाल में राजनीतिक संकट भी उत्पन्न हुआ, सर्वोच्च न्यायालय में जाना पड़ा। पीकेडी प्रचण्ड और एसबी देउबा को पिछले सभी घटनाक्रम एकबारगी दिखाई दिए, उसके बाद प्रचण्ड और देउबा की विश्वासमत पूर्व की भेंट सफल सिद्ध हुई। केपी ओली को कोई अवसर नहीं मिला और पुष्प कमल दहल प्रचण्ड नेपाल राजनीति के ऐतिहासिक प्रधानमंत्री बन गए। यूं कहें कि राजनीति घटनाक्रम में यह न भूतो न भविष्यति वाली स्थिति बन गई।

**पीकेडी प्रचण्ड को एसबी देउबा का समर्थन, केपी ओली को झटका**

नेपाली कांग्रेस ने बहुमत परीक्षण से पहले प्रचंड का समर्थन कर पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की उम्मीदों पर पानी फेर दिया । ऐसी संभावनाएं व्यक्त की जा रही थी कि बहुमत परीक्षण के क्रम में केपी ओली शतरंज वाली चाल चल, पीएकडी प्रचण्ड को सत्ता से दूर कर स्वयं प्रधानमंत्री न बने और प्रचण्ड की पार्टी से कुछ कम्युनिस्ट सांसद को साथ लेकर सरकार बनाएं। इधर उन्होंने मधेश और पहाड़ की कई छोटी पार्टियों को अपने साथ जोड़ने की कवायद में जुटे रहे। लेकिन, शेर बहादुर देउबा ने खड्ग प्रसाद शर्मा ओली के प्रधानमंत्री बनने की आशा पर पानी फेर दिया। कांग्रेस के प्रचण्ड को समर्थन से ओली आवाक हैं। नेपाल की राजनीति में देउबा - प्रचण्ड और ओली कौन सा प्रगतिशील कार्य करते हैं और नेपाली युवाओं को कैसे रोजगार देकर नेपाल को समृद्ध बनाते हैं।

**प्रचण्ड किसे शामिल करेंगे सरकार में,रोचक बना राजनीतिक परिदृश्य**

नेपाल में सत्ता शक्ति परीक्षण उपरांत अब पुष्प कमल दहल प्रचण्ड राजनीति के चौराहे पर खड़े हैं। उनके लिए बड़ी चुनौती है कि सरकार में किसे शामिल किया जाए। चुनावी गठबंधन के साथी देउबा या सत्ता के लिए समझौता वादी ओली को शामिल किया जाए। नेपाल की विपक्ष विहीन राजनीति में परिदृश्य व्यापक दृष्टिकोण वाला बन गया है। वैसे आशा है कि प्रचण्ड ओली से अधिक देउबा पर विश्वास कर सकते हैं, क्योंकि ओली ने एक ही बार में धोखा दे दिया, जबकि देउबा ने दूरदर्शिता का परिचय दिया और पुनः प्रचण्ड के साथ आकर नेपाली राजनीति में इतिहास रच दिया, जिससे केपी ओली आवाक रह गए। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि प्रचण्ड शेर बहादुर देउबा के अनुभव का लाभ उठाकर नेपाल के विकास को गति प्रदान करने में सफल होंगे। भारत के बिहार की राजनीति से तुलना की जाए तो नेपाल की स्थिति कुछ अलग है। बिहार में पहले स्थान पर राजद दूसरे स्थान पर भाजपा और तीसरे स्थान पर जदयू है, जिसके हाथ में सत्ता है। नेपाल में देखे तो प्रतिनिधि सभा में पहले स्थान पर कांग्रेस, दूसरे स्थान पर नेकपा एमाले और तीसरे स्थान पर माओवादी कम्युनिस्ट सेंटर है। सत्ता की चाबी माओवादी कम्युनिस्ट सेंटर के हाथ में है।

# हर समाज में मिलती है लोहड़ी पर्व की झांकी

सूर्य हमारे जीवन का आधार है। सूर्य उपासना के आयाम कई रूपो में सामने है। कही पर पोंगल के रूप में है तो कई पर लोहड़ी के रूप में है। सूर्य के साथ ही ॠतू पर्व का आनन्द इन दिनों पर्वो में मिलता है। लोहड़ी का पर्व मस्ती और उमंग का पर्व है। इस पर्व को सभी मिलकर मनाते है। लोहड़ी जलाई जाती है ।सूर्य को भगवान विष्णु ने योग का मौलिक उपदेश दिया है ।सूर्य का तेज केवल उनके लिए नही है ।बल्कि मानव समाज के लिए है। पोष माह में सूर्य शीत को जड़ता से कम करता है। और मकर राशि मे प्रवेश करते है तो लोहड़ी की धूम मच जाती है। यह पर्व परम्पराओ के हिसाब से अलग अलग भले ही मनाया जाता हो,लेकिन इसके नाम अलग अलग है। असम में माघ बिहू,दक्षिण में पोंगल,पंजाब में लोहड़ी,बंगाल में



सक्रांति और समस्त उतर भारत मे मकर सक्रांति के नाम से जाना जाता है। राजस्थान में मकर सक्रांति तो गुजरात मे उत्तरायण के नाम से प्रसिद्ध है। वेदों में भी सूर्य को वशिष्ट महत्व दिया गया है। सूर्य सभी राशियों में किसी न किसी रूप में प्रभावित करते है ।लेकिन कर्क और मकर में सूर्य का आना विशेष महत्व रखता है ।यह क्रिया छह छह माह में होती है ।मकर सक्रांति से ठीक फहले लोहड़ी का पर्व विभिन्न संस्कृति का परिचायक है। लोहड़ी पर्व आनन्द और उल्लास का पर्व है। किसी न किसी रूप में नई संस्कृति की झलक इसमें चूपी होती है ।रात को लोहड़ी जलाकर भंगड़ा और डांस,बच्चो को आशीष और बुजुर्गो का आशीर्वाद लेने की परंपरा जीवन के उदात्त क्षणों को अभिव्यक्त करती है ।लोहड़ी भले ही पंजाबी समुदाय का विशेष पर्व त्योहार है,लेकिन इसकी झांकी हर समाज मे मिलती है। सभी लोग इसमें शामिल होते है। मुख्य रूप से लोहड़ी का पर्व भी सूर्य का ही पर्व है ।लोहड़ी के बाद से ही दिन बड़े और राते छोटी होने लगती है। दक्षिणायन रहने से रात्रि बड़ी और दिन छोटे होते है। **....जारी**

साहित्य

# देश का आधारस्तंभ युवा शक्ति लक्ष्य से भटक न जाए

प्रत्येक देश की दशा-दिशा वहां के युवा शक्ति पर निर्भर करती है। आज के बच्चें कल देश के शिल्पकार कहलायेंगे। बचपन से युवावस्था तक के काल में शिक्षा, संस्कार, पालन-पोषण, स्वास्थ्य सुविधा, अवसर, आस-पड़ोस, संगत, व्यवहार, वातावरण का सीधा असर व्यक्ति के जीवन पर होता है, उनका पूरा भविष्य इन्ही बातों पर निर्भर करता है। जिसके जीवन में बचपन से ही योग्य मार्गदर्शन, अच्छे संस्कार, शिक्षा, पर्याप्त पोषण, बेहतर अवसर, और दुगुर्णों से दुरी होती है, वही युवा सुजान नागरिक बनकर देश के विकास में अनमोल भूमिका निभाते है। जिस देश में युवा शक्ति को उत्कृष्ट शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार की असीम संभावनाएं है विश्व में वही देश विकसित होते है और जिस देश में गरीबी, आर्थिक असमानताएं, महंगाई, बेरोजगारी, बेहतर शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव, भ्रष्टाचार, भेदभाव, बढ़ता आपराधिक ग्राफ जैसी समस्याएं है, जो समाज को विघटित कर देश के विकास में बाधायें उत्पन्न करते है। 181 देशों में युवाओं की स्थिति को मापने वाले वैश्विक युवा विकास सूचकांक में भारत देश 122 वें नंबर पर है। भारत 2021 के गैलप लॉ एंड ऑर्डर इंडेक्स में 121 देशों में 80 स्कोर के साथ 60वें स्थान पर है, जबकि 82 अंकों के साथ पाकिस्तान, न्यूजीलैंड सूची में एक साथ 48 वें स्थान पर है। विश्व आर्थिक मंच के अनुसार, देश में प्रत्येक चार प्रबंधन पेशेवरों में से केवल एक, पांच इंजीनियरों में से एक और 10 स्नातकों में से एक उमेदवार ही रोजगार योग्य कुशल है। सीएमआईई अनुसार, दिसंबर 2022 में भारत में बेरोजगारी दर 16 महीने के उच्च स्तर 8.3 प्रतिशत पर पहुंच गई थी।



**डॉ. प्रितम भि. गेडाम**
स्तंभकार

> **181 देशों में युवाओं की स्थिति को मापने वाले वैश्विक युवा विकास सूचकांक में भारत देश 122 वें नंबर पर है। भारत 2021 के गैलप लॉ एंड ऑर्डर इंडेक्स में 121 देशों में 80 स्कोर के साथ 60वें स्थान पर है।**

**बढ़ती अपराध वृत्ति :** एनसीआरबी के आंकड़ों अनुसार दिल्ली में 2021 में पकड़े गए 3287 आपराधिक किशोरों में से 1387 शिक्षा के मामले में दसवीं पास भी नहीं थे। 2538 अपने माता-पिता के साथ और 535 अभिभावकों के साथ रह रहे थे, उनमें से 214 बेघर थे। 2021 में, दिल्ली में किशोरों के खिलाफ आपराधिक मामलों में 44% की वृद्धि हुई। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, नाबालिगों के खिलाफ लगभग 60% अपराध 16 और 18 वर्ष की आयु के युवाओं द्वारा किए जाते हैं। यह भारतीय दंड संहिता के तहत नाबालिगों के खिलाफ दर्ज 43,506 अपराधों में से 28,830 के लिए जिम्मेदार है। किशोरों द्वारा बलात्कार के मामलों में 60% की वृद्धि के रूप में आंकड़े भयावह हैं। आईटी एक्ट के तहत गिरफ्तार किए गए 324 लोगों में से 215 ये 18-30 साल की उम्र के थे, साइबर अपराध में 53.5% की वृद्धि हुई। 2021 के दौरान दर्ज बच्चों के खिलाफ अपराध के 1.49 लाख से अधिक मामले यह 2020 (1.28 लाख मामलों) की तुलना में 16.2% की तीव्र वृद्धि को दशार्ता है।

**बढ़ती नशाखोरी :** हर खुशी-गम, त्यौहार, समारोह, कार्यक्रम में लोगों नशा करने का बहाना चाहिए। आये दिन अखबारों और न्यूज चैनल द्वारा मादक पदार्थों के तस्करी, नकली शराब से मौत की खबरें मिलती है। संयुक्त राष्ट्र के एक शीर्ष अधिकारी अनुसार, भारत में नशीली दवाओं और मादक द्रव्यों के सेवन में शामिल लगभग 13.1 प्रतिशत लोग 20 साल से कम उम्र के हैं। वर्ल्ड ड्रग रिपोर्ट 2022 का अनुमान है कि दुनिया भर में लगभग 284 मिलियन लोग ड्रग्स का उपयोग करते हैं, रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि भारत दुनिया के सबसे बड़े अफीम बाजारों में से एक है। भारत में, युवा इस खतरे से सबसे अधिक प्रभावित हैं। अधिकांश नशेड़ी 15 से 35 वर्ष की आयु वर्ग के हैं और कई बेरोजगार हैं।

जानकारी

# खुली हवाओं में नए साल का जश्न

इस फेस्टिवल का दुनियाभर के लोगों में अलग ही क्रेज देखने को मिलता है। इस फेस्टिवल की एडवांस टिकट की बिक्री पिछले साल जून में ही शुरू हो जाती है, इसलिए पहले ही इसे हासिल करने की कोशिश करें। अगर टिकट बुक नहीं की है तो आप साइट पर जाकर देख सकते हैं, टिकट उपलब्ध है तो बुक कर लें। लॉस एंजिल्स अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से कोचेला के लिए आधे घंटे की ड्राइव है। इसके अलावा आप ट्रेवल एजेंसी के जरिए भी अपना पैकेज बुक करा सकते हैं। बर्निंग मैन फेस्टिवल, उत्तरी नेवादा के ब्लैक रॉक डेजर्ट में हर साल आयोजित किया जाता है। यह फेस्टिवल लगभग दो हफ़्तों के लिए चलता है, जिसमें लोग अपने बर्नर (अलग-अलग शेप के बर्नर, जिनमें से आग निकलती है) को प्रदर्शित करते हैं। रात के अँधेरे में बर्नर से आग निकालकर लोग अपनी आंतरिक



रचनात्मकता, कल्पना और समुदाय का जश्न मनाते हैं। इसके अलावा डांस, गाने और आतिशबाजियां भी है, जो फेस्टिवल को और भी खूबसरत बनाती हैं। हर साल कम से कम 70 हजार लोग दुनियाभर से हिस्सा लेने पहुंचते हैं। ब्लैक रॉक डेजर्ट के सबसे करीब रेनो-ताहो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पड़ता है। यहाँ से आप ड्राइव या बस से ब्लैक रॉक सिटी पहुंच सकते है। खाने, पानी से लेकर कपड़ों तक सभी रहने की जरुरी चीजें अपने साथ लेकर जाएं।

# Samsung Galaxy F04 फोन की पहली सेल

नई दिल्ली: Samsung Galaxy F04 को हाल ही में लॉन्च किया गया है। अब इसको पहली बार सेल के लिए उपलब्ध करवाया जाएगा, ये कंपनी का बजट स्मार्टफोन है। इसमें 4GB रैम के साथ HD+ स्क्रीन दी गई है। इसका कैमरा 13-मेगापिक्सल का है। फोन में 5000mAh की बैटरी दी गई है। Samsung Galaxy F04 की कीमत भारत में 9,499 रुपये रखी गई है। इस फोन को खरीदने पर 1000 रुपये का डिस्काउंट दिया जाएगा। इसके अलावा बायर्स 1000 रुपये का एडिशनल डिस्काउंट ICICI बैंक क्रेडिट कार्ड ट्रांजैक्शन पर ले सकते हैं। ऐसे में आप इस फोन को 7,499 रुपये में खरीद सकते हैं। Samsung Galaxy F04 की सेल की बात करें तो इसकी बिक्री यानी 12 जनवरी को दोपहर 12 बजे से शुरू की। इस फोन को ई-कॉमर्स साइट फ्लिपकार्ट के जरिए




साइबर दुनिया

सेल किया जाएगा। इस फोन को Opal Green और Jade Purple कलर ऑप्शन में खरीदा जा सकता है। Samsung Galaxy F04 में 6.5-इंच की LCD स्क्रीन HD+ रेज्योलूशन के साथ दी गई है। ये फोन MediaTek Helio P35 चिपसेट के साथ आता है। इसमें इंटीग्रेटेड IMG PowerVR GE8320 GPU दिया गया है। ये फोन 4GB तक के रैम के साथ आता है। हालांकि, इसको रैम प्लस फीचर से वर्चुअल 4GB और बढ़ाया जा सकता है। इसमें Android 12 बेस्ड डल्लीवक4.1 दिया गया है। कंपनी इसमें दो एंड्रॉयड अपग्रेड देने का भी वादा कर रही है। फोटोग्राफी की बात करें तो इसके रियर में डुअल कैमरा सेटअप दिया गया है। इसका प्राइमरी कैमरा 13-मेगापिक्सल का है। इसके साथ 2-मेगापिक्सल का डेप्थ सेंसर LED फ्लैश के साथ दिया गया है। सेल्फी और वीडियो कॉल के लिए इसमें 5-मेगापिक्सल का कैमरा दिया गया है।

टॉप ट्वीट

बहुत सारी खबरें सामने आ रही हैं कि मुझे फिल्म से रिप्लेस कर दिया गया है। लेकिन ऐसा नहीं है, मैं फिल्म की शूटिंग स्टार्ट करने के वाकई बेहद एक्साइटेड हूं।

**रश्मिका मंदाना**
बॉलीवुड अभिनेत्री





शरीर में शक्ति होगी, तभी कोई बड़ा काम कर सकोगे। स्वस्थ शरीर के लिए योग और व्यायाम जरूरी हैं। इसके माध्यम से ही महान लक्ष्यों की प्राप्ति संभव है। उन्होंने बच्चों को संकल्प दिलाया कि वे प्रतिदिन योग करेंगे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे।

**शिवराज सिंह चौहान**
मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री

संपादक के नाम पत्र

# संथाल आदिवासियों ने पारसनाथ पहाड़ी पर हक जताया

केंद्र सरकार और झारखंड मुक्ती मोर्चा सरकार ने जैनधर्मावलम्बियों के पवित्र स्थल पारसनाथ पहाड़ी के विवाद को हवा दी है ।पारसनाथ पहाड़ी गिरिडीह की यह सबसे ऊंची चोटी नही है ।यह हिमालय की सबसे ऊँची चोटी है ।इस स्थान पर 20 तीर्थंकरों ने मोक्ष प्राप्त किया है ।यह जैनधर्मावलम्बियों के प्राण समान जैन पारसनाथ मन्दिर है ।जिसका निर्णाण दो हजार से पहले बनाया गया था ।जिस तरह से आदिवासियों की वोट बैंक की हिस्सेदारी में सरकार ने इस पूरी मुहिम को हवा दी है ।केंद्र सरकार और राज्य सरकार ने मरांग बुरु पर जैनियो को कब्जे दिलाने की बात कही गई है तो आदिवासियों को सड़कों पर उतरने के लिए कौन बाध्य करता है। इस तरह विवाद को जन्म देकर सरकार अपना उल्लू सीधा करना चाहती है ।संथाल आदिवासियों ने दावा ठोका है ।वह बेबुनियाद है ।क्योंकि दो हजार से भी ज्यादा समय से जैनियों का अधिपत्य स्थापित है। जैनियों ने देशव्यापी मौन जुलूस निकाल कर सरकार से मांग कर इको टूरिज्म को खत्म करने की अपील की गई ।उसके बाद आदिवासियों को पारसनाथ पहाड़ी पर आदिवासियों का विरोध का स्वर गूंजना समझ के बाहर है। सरकार आदिवासियों को उकसाकर वोटबैंक की राजनीति तो नही कर रही है? क्योकि अमित शाह ने रांची की सभा मे आदिवासियों की बात कर हेमंत सोरेन सरकार पर आदिवासियों के साथ सौतेले व्यवहार का आरोप लगाकर घेरा था। पारसनाथ में संथाल आदिवासी लोग निवास करते है। यह ठीक है लेकिन जिस पहाड़ी पर सदियों से भगवान पारसनाथ का मंदिर है और जैनधर्मावलम्बियों के लिए आत्मा समान मन्दिर की पहाड़ियों पर आदिवासियों के कब्जे की बात करना गलत है।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

**कृषि कार्य दुरुस्त करने के लिए प्रबंधक को लिखा पत्र**

**इचाक** : इचाक कृषि प्रधान प्रखंड है लेकिन यहां पर 80% लोगों का जीवन आपन कृषि पर आधारित है। सरकार के महत्वाकांक्षी योजना , किसानों की आय दोगुनी हो एवं कृषि लागत कम करने के लिए सरकार के द्वारा सिंचाई के लिए सभी गांव में अलग से विद्युत की व्यवस्था की मांग इचाक पूर्वी जिला परिषद सदस्या रेनू देवी ने की। ईंधन महंगा होने के कारण कृषि में 25% की वृद्धि हो गई।

## सिटी अपडेट्स >>

**स्वामी विवेकानंद जी की 160 वीं जयंती मनाई गई**

**हजारीबाग** : राष्ट्रीय युवा दिवस और युग पुरुष स्वामी विवेकानंद जी की 160 वीं जयंती के अवसर पर गुरुवार की सुबह स्वयंसेवी संस्था जिला ग्रामीण विकास समिति, हजारीबाग द्वारा स्थानीय झील परिसर स्थित कैफेटेरिया गेट के समीप स्वामी विवेकानंद जयंती समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सदर विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी विशिष्ट प्रमोद कुमार सिन्हा सेवानिवृत्त सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी हजारीबाग सपत्नी शामिल हुए और सभी ने स्वामी जी के तस्वीर पर तिलक- चंदन लगाकर, पुष्पमाला पहना कर उन्हें नमन किया।

**पतंजलि योगपीठ के कार्यसमिति ने किया बैठक**

**इचाक** : इचाक पतंजलि योग पीठ, भारत स्वाभिमान एवं स्वास्थ्य संगठन की बैठक बुढिया माता मंदिर प्रांगण में की गई इस बैठक की अध्यक्षता इचाक प्रखंड प्रभारी पतंजलि योग पीठ, भारत स्वाभिमान डा कौशल कुमार मेहता राज्य प्रभारी रामजीवन पांडेय,से संदीप सोनी, महेश वैध विभिन्न पंचायत के मुखिया तथा जन प्रतिनिधि, समाज सेवी ग्रामीण चिकित्सक उपस्थित हुए। इस बैठक में में मुख्य रुप से योग को घर घर तक पहुंचा के कैसे निरोग रहा जाए इस पर विशेष जानकारी राज्य प्रभारी के द्वारा दिया गया।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

**जीएम कॉलेज, इचाक में मनाई गई युवा दिवस**

**इचाक** : इचाक जीएम कॉलेज, इचाक में मनाई गई युवा दिवस सर्व प्रथम स्वामी विवेकानंद जी के तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। महाविद्यालय प्रभारी पंकज कुमार स्वामी विवेकानंद ख्याति जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अपने विचारों और आर्दशों के लिए मशहूर स्वामी विवेकानंद धर्म, दर्शन, इतिहास, कला, सामाजिक विज्ञान, साहित्य सभी के ज्ञाता थे। इतना ही नहीं भारतीय संगीत के ज्ञानी होने के साथ ही एक बेहद अच्छे खिलाड़ी भी थे। उनकी इन्हीं खूबियों की वजह से उनका व्यक्तित्व सभी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत रहा है। उन्होंने कई मौकों पर युवाओं के लिए अपने अनमोल विचार भी साझा किए। ऐसे में इस दिवस को इस मसकद से मनाया जाता है कि युवा इस खास मौके पर यह सोच सकें कि वह देश और समाज के लिए क्या कर सकते हैं। साथ ही यह दिन उन्हें यह सोचने का भी अवसर देता है कि वह देश के विकास और प्रगति में कैसे अपना योगदान दे सकते हैं।

**विश्वभर के लोगों को भाईचारे का संदेश दिया**

**बड़कागांव** : कर्णपुरा महाविद्यालय बड़कागांव में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा कार्य एवं खेल मंत्रालय झारखंड निदेशालय के तत्वाधान में स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य ज्योति जलधर उपस्थित हुए। मौके पर उन्होंने कहा की उठो जागो और तब तक रुको नहीं जब तक कि तुम अपना लक्ष्य प्राप्त नहीं कर लेते। 1893 ई0 में अमेरिका के शिकागो शहर में हुए विश्व धार्मिक सम्मेलन में उन्होंने भारत और हिंदुत्व का प्रतिनिधित्व किया था। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो0 सुरेश महतो ने अपने संचालिए भाषण में कहा कि स्वामी विवेकानंद ने रामकृष्ण मठ, रामकृष्ण मिशन और वेदांत सोसाइटी की नींव रखी।

**मांग** गारमेंट फैक्ट्री में कार्य कर रहे वर्करों ने कंपनी के खिलाफ हल्ला बोला

# कंपनी अपने मन मुताबिक ना बनाए नियम : अम्बा प्रसाद

▶▶ सभी की भूमि खनन कार्य हेतु अधिग्रहित हो गई ह

▶▶ वर्करों के साथ शोषण हो रहा है जो कतई बर्दाश्त युक्त नहीं है



राष्ट्रीय खबर

**बड़कागांव** : बड़कागांव त्रिवेणी कंपनी के सीकरी स्थित त्रिवेणी अपैरल्स गारमेंट फैक्ट्री में कार्य कर रहे वर्करों ने कंपनी के खिलाफ हल्ला बोला। कंपनी द्वारा वर्करों के साथ किए जा रहे शोषण तथा पूर्व किए वादे पर अमल नहीं करने के मामले पर स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद से मदद की गुहार लगाई। इसी कड़ी में दिन बृहस्पतिवार को लंगातू में गारमेंट वर्करो ने स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद को बुलाकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया । विधायक ने मजदूरों के समस्या की गंभीरता को देखते हुए त्रिवेणी कंपनी के अधिकारियों को बैठक स्थल पर बुला नाराजगी व्यक्त की एवं मजदूरों की समस्याओं से अवगत कराते हुए यथाशीघ्र समाधान निकालने को कहा । त्रिवेणी अपैरल्स गारमेंट फैक्ट्री में कार्यरत वर्करों ने बताया कि हम सभी की भूमि खनन कार्य हेतु अधिग्रहित हो गई है एवं कंपनी द्वारा पूर्व में ही यह वादा किया गया था कि जब तक खनन एरिया में नौकरी नहीं दी जाती है तब तक जीविकोपार्जन के लिए गारमेंट फैक्ट्री में लोग काम करें और जब तक गारमेंट फैक्ट्री में काम करेंगे तब तक उन्हें माइनिंग एरिया के समान सुविधाएं दी जाएगी। कंपनी के लोगों ने यह भी कहा था कि गारमेंट फैक्ट्री एवं खनन एरिया में कार्य करने वाले वर्करों को एक समान वेतन व अन्य सुविधाएं दी जाएगी लेकिन कंपनी द्वारा इस पर पहल नहीं की जा रही है एवं इस संदर्भ में कंपनी प्रबंधन और वर्करों के बीच काफी बार वार्ता भी हुई लेकिन आज भी बहुत कम वेतन में हम लोग कार्य करने को विवश हैं। वर्करों को विधायक अंबा प्रसाद ने संबोधित करते हुए कहा कि कंपनी अपने मन मुताबिक नियम बना रही है एवं वर्करों के साथ शोषण हो रहा है जो कतई बर्दाश्त युक्त नहीं है। अंबा प्रसाद ने कहा कि अगर कंपनी अपने रवैया को नहीं सुधारती है और स्थानीय को 75% रोजगार नहीं उपलब्ध कराती है तो आने वाले दिनों में पुरजोर विरोध कंपनी प्रबंधन को झेलना होगा ।

## सोहराय पर्व को लेकर प्रखंड क्षेत्र में उत्साह का माहौल



राष्ट्रीय खबर

**कुंडहित (जामताड़ा)**: आदिवासी समाज का महापर्व वंदना- सोहराय को लेकर गांव टोले में पिछले दो दिनों से खुशियों की बारिश होने लगी है। दूरदराज क्षेत्र में रहने वाले लोग भी इस पर्व के दौरान निश्चित रूप से अपने जन्मभूमि पहुंच जाते हैं जहां अपने बिरादरी-पड़ोसी के साथ सोहराय के रंग में डूब कर भरपूर लुत्फ उठाते हैं। इसी कड़ी में खजूरी पंचायत अंतर्गत बेनीगंज में आदिवासी समाज के लोगों द्वारा गाय का जगाव किया गया गौरतलब है कि धान की फसल घर खलिहान में पहुंचने के बाद इस पर्व को श्रद्धा पूर्वक मनाया जाता है। जिसमें मेहनतकश मवेशी की भी श्रद्धा भक्ति के साथ पूजा की जाती है। और गाय बैल को आकर्षक तरीके से सजाकर पारंपरिक विधि से पूजा-वंदना किए जाने के फलस्वरूप ही क्षेत्र में बंदना, बांधना आदि नाम भी सार्थक माना जाता है। गोहाल पूजा, गड टंडी में मवेशी का सज-धज कर प्रदर्शन करना तथा माला-सिंदूर से सजाकर गोधन के चारों और नृत्य करना ही बंदना का प्रतीक है। यही वजह है कि इस पर्व में मानव समाज के साथ साथ मवेशी भी सोहराय की खुशी में शामिल होते हैं । ध्यान देने योग्य बात यह भी है कि इस पर्व के दौरान मारांग बूरु, जाहेर एरा, गुसाईं एरा, मोड़ेको, तुरूईको, बूढ़ा-बूढ़ी आदि देवी-देवताओं की पूजा अर्चना के दौरान घरेलू परिवेश में तैयार किए गए दारू चढ़ाया जाता है । इसे बतौर प्रसाद के रूप में वयस्कों द्वारा ग्रहण किया जाता है। पूजा-पाठ के दौरान बलि प्रथा भी प्रचलित है। प्रत्येक अनुष्ठान में पारंपरिक गीत संगीत भी अभिन्न अंग माना जाता हैं।

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर स्टेडियम से निकाली गई प्रभात फेरी



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग** : युवा कार्य एवं खेलकूद निदेशालय झारखंड के निर्देश पर स्वामी विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर हजारीबाग स्टेडियम स्थित जिला खेल पदाधिकारी के कार्यालय से विनोबा भावे विश्वविद्यालय अंतर्गत मार्खम कॉलेज, यूनिवर्सिटी लॉ कॉलेज, गौतम बुद्धा टीचर ट्रेनिंग कॉलेज, अन्नदा कॉलेज के एनएसएस के स्वयंसेवकों समेत एनसीसी के कैडेट्स, नेहरू युवा केंद्र, राजकीय बालिका उच्च विद्यालय, हिंदू प्लस टू उच्च विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स उपस्थित थे। समारोह की शुरूआत स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर मार्खम कॉलेज के प्रोग्राम ऑफिसर सह जिला नोडल पदाधिकारी भोला नाथ सिंह, नेहरू युवा केंद्र के समन्वयक रूद्र शेखर एवं जिला खेल पदाधिकारी कार्यालय के शेखर कुमार ने माल्यार्पण एवं श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया।

नव झारखंड फाउंडेशन के बैनर तले

## अवैध चुंगी टैक्स वसूली करने एक दिवसीय धरना पर बैठे सचिव : महेंद्र



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग** : हजारीबाग में इन दिनों चुंगी टैक्स को लेकर आक्रोश है, जिसे लेकर नव झारखंड फाउंडेशन के जिला सचिव महेन्द्र ठाकुर के अध्यक्षता में एक दिवसिय धरना , धरना स्थल पर किया गया। तथा संचालन वरिष्ट समाजसेवी विपिन कुमार सिन्हा ने किया महेन्द्र ठाकुर ने कहा यह अन्याय हम नही होने देंगे। यह तो हद हो गया, नगर निगम का राजस्व वसूली का यह कैसा नया सोच है, टैक्स वसूली में अंग्रेजों को भी फेल कर देंगे यह लोग। पहले होल्डिंग टैक्स में वृद्धि और अन्य यह चूँगी। हर मोर्चे पर वसूली में हजारीबाग को अव्वल बनाने की ओर, जिसमे अब मालवाहक से चुंगी वसूली शुरू। लाठी - डंडे से शहर के हर नाके पर पन्द्रहं- बीस युवा वसूली के धंधे में। इसके अनुसार छोटे मालवाहक से 20 रुपया , बड़े से 40, ट्रेक्टर से , से और ट्रक से 100, छह चक्का के ऊपर के वाहन से 140 रुपया तय किया गया है। प्रविल मेहता ने कहा निगम बिना ट्रांसपोर्ट विभाग से समन्वय स्थापित के इस तरह का कर लगाया है। अपने लोगों को इस तरह परेशान होने नही देंगे। फाउंडेशन के केन्द्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा के आवाहन पर उनके समर्थकों ने धरना दिया ।

## मुक्तहस्त वेलफेयर सोसाइटी ने किया गरीब बच्चों के संग वनभोज कार्यक्रम



राष्ट्रीय खबर

**कुंडहित (जामताड़ा)**: गुरुवार को कुंडहित प्रखंड के बेनियाडांगाल मैदान में स्वामी विवेकानंद के 161 वां जन्म दिवस के शुभ अवसर एवं सोहराय त्योहार पर पश्चिम बंगाल के मुक्तहस्त वेलफेयर सोसायटी की ओर से आयोजन किया गया। जिसमें कुण्डहित के समाज सेवी राजु राय के अगुवाई में हजारों आदिवासी समुदाय के बीच वनभोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद अध्यक्ष राधारानी सोरेन , विशिष्ट अतिथि जिला परिषद भाग संख्या 14 के सदस्य बंदना खां, कुण्डहित के पुर्व जिला परिषद भजहरी मंडल, गौतम खां , कुंडहित मुखिया बिमला हांसदा, बनकाटी मुखिया भीम हैम्ब्रम , भाजपा कुंडहित मंडल अध्यक्ष सजल दास आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान आदिवासी नृत्य के साथ साथ आदिवासी बच्चों के बीच विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी के बीच पुरस्कार बितरण किया गया। सोसाइटी के अध्यक्ष देवदास दास सचिव सुब्रत साहा ने बताया कि सोसाइटी की ओर से गरीब एंव असहाय लोगों के बीच समय समय पर सहायता प्रदान करते हैं। साथ ही गरीब लोगों के बीच शीत में गर्म वस्त्र प्रदान करना तथा गरीब परिवार के बच्चों को पुस्तक वितरण के साथ कोरोना महामारी के समय लोगों के बीच सहायता प्रदान किया गया। उन्होंने कहा यह सोसाइटी वर्ष 2018 से शुरू होकर विभिन्न क्षेत्र में अपने महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किया है। आज सोसाइटी की ओर से शिक्षा ,स्वास्थ्य के साथ विभिन्न क्षेत्र में कार्य कर आपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किया। मौके पर मौके पर चितरंजन दास सुमन सहा, हीरालाल दास, तापस दास, राजश्री सिंहा राय, सव्यसाची राय चौधरी, राजु चट्टराज, अभिजीत बारिक, शुशील सोरेन, रक्षा नायक सहित काफी संख्या में आदिवासी समुदाय के लोग उपस्थित थे।

**जागरूक** 17 जनवरी तक जिले में मनाया जा रहा है सड़क सुरक्षा सप्ताह

# सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को किया जाएगा जागरूक : उपायुक्त

▶▶ जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया

▶▶ ध्यान पूर्वक ड्राइविंग करना आदि के प्रति जानकारियां दी जाएगी

▶▶ जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी आए




राष्ट्रीय खबर

**साहिबगंज** : जिले भर में सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत 11 जनवरी से 17 जनवरी तक सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जाएगा। इसी क्रम में उपायुक्त राम निवास यादव द्वारा सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से समाहरणालय परिसर से एलईडी जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों के बच्चों द्वारा प्रभात फेरी भी निकाली जाएगी एवं आम जनता को यातायात के नियम बताया जाएगा। इस क्रम में यातायात के नियमों के विभिन्न पहलुओं जैसे हेलमेट का उपयोग, गाड़ी चलाते समय सीट बेल्ट लगाना, गति सीमा के नियमों का पालन करना, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल से बचने, शराब पीकर या नशे में गाड़ी ना चलाना, वाहन की फिटनेस के प्रति सचेत रहना और ध्यान पूर्वक ड्राइविंग करना आदि के प्रति जानकारियां दी जाएगी। जागरूकता रथ को हरी झंडी देते हुए उपायुक्त ने कहा कि सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाने का मुख्य उद्देश्य है कि जिलेवासी यातायात के नियमों से अवगत रहें और जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी आए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन एवं परिवहन विभाग आशा करता है कि जिले वासी अपनी सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए नागरिक कर्तव्य अपनाएं जिससे वह दुर्घटना से बचें और अपने परिवार जन के साथ खुशहाली से जीवन व्यतीत करें।इस दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष गर्ग डीसीएलआर जयवर्धन कुमार, रोड सेफ्टी मैनेजर एवं अन्य उपस्थित थे।

## न्यूज फटाफट

**पारसनाथ मकर संक्रांति मेला की तैयारी जोरों पर**

**पीरटांड़** : पारसनाथ मकर संक्रांति मेला समिति मधुबन का एक बैठक गुरुवार को मेला मैदान सह फुटबॉल मैदान मधुबन में आयोजित की गई। जिसमें समिति के सभी सदस्यों के अलावे कई प्रमुख लोग उपस्थित थे। यहां यह बता दें की मधुबन पारसनाथ पर्वत मे मकर संक्रांति खिचडी मेला वर्षों से लग रहा है। मेला को सफल बनाने के लिए समिति के सदस्यों की लगातार बैठक जारी है। वही बताते चलें कि मकर संक्रांति खिचड़ी पर्व में मधुबन स्थित पारसनाथ पर्वत पर लगने वाले मेला की तैयारी शुरू हो गई है। मेला मैदान में दुकानें सजने लगी है और कई प्रकार के झूला भी लग के तैयार है। शुरूआती दिनों में यह मेला सिर्फ खिचड़ी पर्व के दिन ही रहता था लेकिन आज के समय में मकर संक्रांति मेला 5 दिनों तक चलता है इसमें स्थाई युवाओं का बड़ा योगदान है। मेले को लेकर जिला प्रशासन के अलावा मधुबन थाना भी अलर्ट है किसी प्रकार की अनहोनी से निपटने के लिए प्रशासन मुस्तैदी से जुटी हुई है।

**गावों में घूम-घूम कर परिवार नियोजन के संबंध में प्रचार**

**गिरिडीह** : सदर अस्पताल परिसर से सिविल सर्जन डॉ शिव प्रसाद मिश्रा ने मिशन परिवार विकास अभियान- II के तहत जागरूकता रथ (सारथी ऑन व्हील) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर मीडिया को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह (सारथी ऑन व्हील) रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों/पंचायतों व गावों में घूम-घूम कर परिवार नियोजन के संबंध में प्रचार-प्रसार करने का कार्य करेगा। मिशन परिवार विकास अभियान- II का आयोजन 11 जनवरी से 31 मार्च 2023 तक किया जाना प्रस्तावित है। मिशन परिवार विकास अभियान के सफल संचालन हेतु सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है। मिशन परिवार विकास मद, क्र सं46 में प्रत्येक प्रखंड के लिए 50000 रू० ह्यसारथी ऑन व्हील के माध्यम से परिवार नियोजन के प्रचार-प्रसार दिया गया है योग्य दम्पति (महिला एवं पुरूष) को परिवार नियोजन के विभिन्न विधियों से लाभान्वित कर शत-प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त करना सुनिश्चित करेगें। इसके अलावा सिविल सर्जन ने कहा कि प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी विशेष रूप से एमपीडब्ल्यू, बीईई सहिया एवं एएनएम के माध्यम से समुदाय स्तर पर जागरूकता रथ के माध्यम से योग्य दम्पति को परिवार नियोजन अपनाने हेतु उत्प्रेरित कर सेवाएं मुहैया करायेगें। ज्ञातव्य हो कि वित्तीय वर्ष 2022-23 उपरोक्त मद अन्तर्गत दो मिशन परिवार विकास अभियान के लिए प्रत्येक प्रखंड को रू० 1 लाख का अनुमोदन प्राप्त है। सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी उक्त मद अन्तर्गत सम्पूर्ण राशि का समुचित उपयोग करना सुनिश्चित करेगें। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी बजट अनुरूप सारथी ऑन व्हील का रूट चार्ट बनाकर माईकिंग के माध्यम से गाँव-गाँव में प्रचार-प्रसार का कार्य करेंगे।



**केंद्रीय शिक्षा मंत्री से मिल प्रखंड की समस्याओं से अवगत कराया**

**इचाक** : इचाक प्रखंड भाजपा के दोनों मंडल के नेताओं ने केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह कोडरमा क्षेत्र के सांसद अन्नपूर्णा देवी से कोडरमा स्थित आवास में मिलकर प्रखंड में व्याप्त समस्याओं जैसे प्रखंड अंचल शिक्षा स्वास्थ्य बिजली समेत अन्य विभाग के क्षेत्र में उत्पन्न समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट कराया। इसके अलावे प्रखंड में विकास योजनाओं समेत इको सेंसेटिव जोन पर भी चर्चा परिचर्चा की गई। साथ ही साथ संगठन की मजबूती पर भी सभी लोगों ने अपना-अपना विचार रखा। सभी मुद्दों पर सांसद अन्नपूर्णा देवी ने कहीं की प्रखंड में सभी विभागों की समस्या को दूर करने का प्रयास करूंगी इको सेंसेटिव जोन के मामला में उन्होंने बताएं कि हम इस मामले में पूरी तरह से प्रयासरत हूं और इस पर मैं पहल कर रही हूं। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्वी मंडल अध्यक्ष जयनंदन मेहता पश्चिमी मंडल अध्यक्ष सुभाष सोनी जिला सांसद प्रतिनिधि सुनील कुमार मेहता प्रखंड सांसद प्रतिनिधि भागवत मेहता पूर्व 20 सूत्री अध्यक्ष गौतम, नारायण सिंह, हरिहर मेहता, ओम प्रकाश मेहता, रजनी शर्मा, मुकेश उपाध्याय, महेश साव, सुनील तलवार एवं अशोक प्रसाद कुशवाहा शामिल थे।

**स्वामी विवेकानंद जयंती पर कार्यक्रम आयोजित**

**पीरटांड़** : प्रखंड मुख्यालय स्थित शिक्षा निकेतन विधालय मे गुरूवार को स्वामी विवेकानंद जी की 160 जंयती पूरे हर्षोल्लास के साथ आयोजित कि गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधादय के निदेशक अमित कुमार ने की, जबकि संचालन विधादय के उपाचार्य पल्लव श्रीवास्तव ने किया।



कार्यक्रम में उपस्थित विधादय परिवार के लोगों ने उनके आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। एवं उनके द्वारा बताए मार्ग पर चलने का संकल्प दिलाया। एवं उनके जीवन चरित्रों पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। मौके पर मुख्य रूप से प्रतिक मोदी, अजय कुमार, अंकित कुमार, किशन मांझी, जान डोरलेक, रोहित लिण्डा, प्रिंस दराद, प्रियंका कुमारी, नेहा बेंग, चंदन कुमार, सोनाली राज, संजना दास, पवन मोदी, अजीत कुमार, प्रभा बाडा, धर्मवीर कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

**अदाणी फाउंडेशन ने जरूरतमंदों के बीच बांटे 250 कंबल**

**हजारीबाग** : हजारीबाग जिले के बड़कागांव प्रखंड गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फाउंडेशन ने गुरुवार को ग्रामीणों के बीच कंबल का वितरण किया। ठंड के इस मौसम में कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर फाउंडेशन की ओर से गोंदलपुरा, गाली, बलोदर और रुदी गांव के करीब ढाई सौ ग्रामीणों को कंबल प्रदान किया गया। मौके पर परियोजना प्रमुख धर्मेंद्र दूबे ने कहा कि अदाणी फॉउंडेशन इस क्षेत्र में अपने सामाजिक दायित्वों के तहत लगातार जनकल्याण के कार्यो के लिए अग्रसर है। आने वाले समय में भी फॉउंडेशन की ओर से जरूरतमंदों के लिए विभिन्न कार्य करने की योजना है। कार्यक्रम में गोंदलपुरा के मुखिया वासुदेव यादव, गंगा कॉपरेटिव सोसायटी की अध्यक्ष प्रभा देवी, डीजीएम संजय कुमार, सेवानिवृत डीएसपी सूर्य कुमार सिंह आदि मौजूद थे।



**सड़क निर्माण में मेटल के जगह मिट्टी का किया जा रहा है प्रयोग**

**इचाक** : भाजपा पूर्वी मंडल के मीडिया प्रभारी राहुल कुमार राणा द्वारा इचाक डाढा भाया खैरा पथ का निर्माण का निरीक्षण करने के लिए पहुंचा कुर्थिया टांड़ । जांच के उपरांत पाया कि जो सड़क का निर्माण अभी करोड़ों रुपया की राशि से किया जा रहा है उसके साइड-साइड से जो मिट्टी खोढकर चौड़ीकरण किया जा रहा है और उसी मिट्टी को डस्ट में मिलाकर मेटल के रूप में उपयोग किया जा रहा है । इस बात की जानकारी खुद अपने साथियों के साथ जाकर उन्होंने कुर्थिया टांड जाकर जानकारी ईकट्ठा किया तो उन्होंने पाया कि सही में यह घटना घटित हो रही है। इस सड़क कार्य निर्माण में संवेदक अपनी कार्यशैली को सुधार नहीं करती है तो विभाग को सूचित करते हुए उच्च स्तरीय पदाधिकारी को कार्रवाई करने का मांग किया जाएगा। मौके पर उपस्थित भाजपा कार्य सदस्य पंकज मेहता मनोज मेहता, सुबोध राणा, पिंटू राणा समेत कई लोग उपस्थित थे।



राष्ट्रीय खबर हमारी नजर प्रदेश
web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

## प्रदेश >> अपडेट

### श्यामसुंदर जैन के अध्यक्ष बनने पर बांटी मिठाईयां

**बेरमो** : बुधवार को बोकारो जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संपन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष पद से श्याम सुंदर जैन की जीत पर फुसरो में व्यवसाई दीपक अग्रवाल के द्वारा मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया गया। व्यवसायी दीपक अग्रवाल ने बताया कि संस्कार की जीत हुई है।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### सीएसआर मद से बांटे गए 50 कम्बल

**बेरमो/जारंगडीह:** आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत बृहस्पतिवार को जारंगडीह उत्तरी पंचायत भवन में जरूरतमंदों और गरीबों के बीच सीसीएल कथारा क्षेत्र द्वारा सीएसआर मद से 50 कंबल का वितरण किया गया। मौके पर उत्तरी पंचायत के मुखिया फिरोज खातून उप मुखिया रूबी देवी पंचायत समिति अरूणा कुमारी सांसद प्रतिनिधि सचिन कुमार, चंदन कुमार वार्ड सदस्य उमेश मुखी रोशन कुमार, मनीष कुमार, डोली देवी, पूजा मुर्मू आदि लोग उपस्थित थे।

### पार्षद सरयू चौहान ने बच्चों के बीच किया स्वेटर का वितरण

**बेरमो** : ठंड के मौसम में जरुरतमंद बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया जा रहा ताकि ठंड में उन्हें राहत मिल सके। फुसरो नगर परिषद के वार्ड 9 के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र 183,184,और185 मे वार्ड पार्षद सरयू चौहान ने बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया। जिसके बाद बच्चे और उनके परिजन काफी खुश हुए। इस दौरान पार्षद सरयू चौहान ने कहा कि ठंड को देखते हुए बच्चों के बीच स्वेटर बांटा गया है। मौके पर सेविका श्रीमती सरिता रानी, श्रीमती ममता देवी, श्रीमती बेबी देवी एवं तीनों केंद्र की सहायिका के अलावा धर्मेन्द्र चौहान, गुलाब चंद महतो एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### ट्रक से कार टकराने से तीन लोगों की मौत

**हमीरपुर:** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले के जरिया क्षेत्र में कल देर एक कार सड़क किनारे खड़े ट्रक के नीचे घुसने से तीन लोगों की मौत हो गयी। पीड़ति तीनों चित्रकूट से दर्शन कर घर वापस लौट रहे थे। पुलिस ने आज यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक राकेश (53), जितेंद्र (35) निवासी माधौगढ़ जिला जालौन और शरीफ (50) निवासी जालौन तीनों ही कल देर रात चित्रकूट से दर्शन कर वापस जालौन जा रहे थे। तभी इटैलियावाजा गांव के पास सड़क किनारे खड़े ट्रक से कार टकरा गयी। जिससे कार में आग लग गयी और तीनों लोगों की मौके पर जल कर मौत हो गयी। इस घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस और एसडीएम सरीला वसीओ मौके पर पहुचे और दमकल की गाड़ी बुलाकर आग बुझायी गयी तब तक तीनों शव जल कर खाक हो गएथे। ट्रक बीकानेर राजस्थान का बताया जा रहा है। पुलिस ने दोनो शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

### मां, दो मासूम बेटी की आग लगने से संदिग्ध मौत

**हमीरपुर:** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में बुधवार देर रात कुरारा क्षेत्र में रूम हीटर से लगी आग से मां और दो मासूम बेटियों की जलकर मौत हो गयी है। पुलिस ने बताया कि कमरे के बाहर से ताला बंद होने और मृतका का भाई गायब होने से पुलिस जांच पड़ताल में जुट गयी है। मौके पर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन कर रहे हैं। पुलिस के मुताबिक क्षेत्र के जल्ला गांव निवासी राजू पाल दिल्ली में काम करता है, गांव में उसकी पत्नी अनीता पाल (28) दो मासूम बच्चों के साथ अकेले रहती थी। कल देर रात उनके कमरे में तेज धुंआ देखकर पड़ोसी ने शोर मचाया और आसपास के लोग एकत्र हो गये कमरे में बाहर से ताला बंद होने के कारण लोगो ने उसे तोड़ा तब तक अनीता और उसकी छह साल की बच्ची मोहिनी तथा तीन साल की पुत्री रोहिणी जिंदा जल गये थे।

---

जागरूकता > 11 से 17 जनवरी तक जिले में मनाया जायेगा सड़क सुरक्षा सप्ताह

# जागरूकता रथ के माध्यम से लोगों को किया जायेगा जागरूक : डीटीओ

**▸▸ उपायुक्त ने हरी झंडी दिखाकर रथ को किया रवाना**



**राष्ट्रीय खबर**

**मेदिनीनगर (पलामू):** सड़क सुरक्षा अभियान के तहत बुधवार को जिले के उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे,पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा व जिला परिवहन पदाधिकारी अनवर हुसैन ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर एलईडी युक्त सड़क जागरूकता रथ को समाहरणालय परिसर से रवाना किया। मौके पर सदर एसडीपीओ भी उपस्थित रहे। ज्ञातव्य है कि जिले में 11 से 17 जनवरी तक सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है जिसके तहत यह रथ जिले के सभी प्रखंडों का भ्रमण कर ऑडियो-वीडियो के माध्यम से लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करेगा।

**वाहन चलाते समय यातायात नियमों का करें पालन : उपायुक्त**

उपायुक्त श्री दोड्डे ने लोगों से अपील की है कि वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन आवश्यक रूप से करें.जिला मुख्यालय में जागरूकता वाहन को रवाना करने के बाद उन्होंने कहा कि यातायात नियमों के पालन से सड़क पर सुरक्षा बनी रहती है। विशेषकर युवा वर्ग से अपील करते हुए उपायुक्त ने कहा कि जब भी दो पहिया वाहन का प्रयोग करें तो हेलमेट अवश्य पहनें और पूरी सावधानी बरतें।

**जीवन अनमोल है : एसपी**

इस मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिंहा ने कहा कि जीवन अनमोल है। यह हम सबको समझना होगा। सड़क पर वाहन चलाते समय सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने से हम खुद को सुरक्षित रख सकते हैं, साथ ही बेवजह फाइन से भी छुटकारा पाया जा सकता है। इसी तरह सदर एसडीपीओ ने भी सड़क सुरक्षा संबंधित विषयों पर प्रकाश डाला। इस मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी अनवर हुसैन ने कहा कि जागरूकता रथ के माध्यम से आम जनों को सड़क सुरक्षा से संबंधित जागरूक किया जायेगा।

यह रथ 17 जनवरी तक पलामू जिले के विभिन्न प्रखंडों में जाकर लोगों को विभिन्न माध्यमों से सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करेगा। उन्होंने कहा कि इस रथ के माध्यम से जिले के प्रमुख चौक -चौराहों पर यातायात नियमों के पालन हेलमेट और सीट बेल्ट के फायदे से संबंधित ऑडियो क्लिप लोगों को सुनाये जायेंगे। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने हेतु कई अन्य तरह के कार्यक्रम का भी आयोजन किया जायेगा।

---

## मिशन परिवार विकास अभियान-II का जागरूकता रथ को हरी झंडी



**राष्ट्रीय खबर**

**गिरिडीह :** सदर अस्पताल परिसर से सिविल सर्जन डॉ शिव प्रसाद मिश्रा ने मिशन परिवार विकास अभियान-II के तहत जागरूकता रथ (सारथी ऑन व्हील) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर मीडिया को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह (सारथी ऑन व्हील) रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों/पंचायतों व गावों में घूम-घूम कर परिवार नियोजन के संबंध में प्रचार-प्रसार करने का कार्य करेगा। मिशन परिवार विकास अभियान-II का आयोजन 11 जनवरी से 31 मार्च 2023 तक किया जाना प्रस्तावित है। मिशन परिवार विकास अभियान के सफल संचालन हेतु सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है।

मिशन परिवार विकास मद, क्र सं46 में प्रत्येक प्रखंड के लिए 50000 रू० ह्यसारथी ऑन व्हील के माध्यम से परिवार नियोजन के प्रचार-प्रसार दिया गया है योग्य दम्पति (महिला एवं पुरूष) को परिवार नियोजन के विभिन्न विधियों से लाभान्वित कर शत-प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त करना सुनिश्चित करेगें।

इसके अलावा सिविल सर्जन ने कहा कि प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी विशेष रूप से एमपीडब्ल्यू, बीईई सहिया एवं एएनएम के माध्यम से समुदाय स्तर पर जागरूकता रथ के माध्यम से योग्य दम्पति को परिवार नियोजन अपनाने हेतु उत्प्रेरित कर सेवाएं मुहैया करायेगें।

---

## राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी समाज के सभी वर्गों के लिए काम करती है :: नवीन

**राष्ट्रीय खबर**

**डालटनगंज:** प्रकाश चंद जैन सेवा सदन में भर्ती नौ माह के छोटे बच्चे को ए निगेटिव रक्त की आवश्यकता होने पर सामाजिक कार्यकर्ता धीरज मिश्रा के आग्रह पर हुसैनाबाद निवासी किशोर सिंह ने रक्तदान कर बच्चे के इलाज में सहयोग कर जान बचाई।मालूम हो कि छतरपुर से डालटनगंज इलाज कराने डालटनगंज आए हुए नौ माह के बच्चे को ए निगेटिव बल्ड उपलब्ध नहीं हो पाने के कारण बच्चे के पिता भरत यादव द्वारा बच्चे को रांची रेफर किए जाने की जानकारी देने और रक्त उपलब्ध कराने का आग्रह पर राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के प्रदेश कोर कमेटी के सदस्य नवीन तिवारी ने पलामू प्रमंडल में रक्तदान महादान जागरूकता अभियान चला कर लोगों को रक्तदान के लिए जागरूक और



प्रेरित करने का कार्य कर रहे सामाजिक कार्यकर्ता धीरज मिश्रा से संपर्क कर बच्चे को रक्त उपलब्ध कराने का आग्रह किया।सामाजिक संस्था इंसानियत का रिश्ता के संचालक धीरज मिश्रा ने संस्था के सक्रिय सदस्य हुसैनाबाद निवासी किशोर सिंह से रक्तदान कराकर मरीज को रक्त उपलब्ध कराया।इस दौरान श्री मिश्रा ने बताया कि रक्तदान महादान को लेकर जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने के परिणाम स्वरुप अब लोग जागरूक होकर रक्तदान कर लोगों की जान बचाने का सराहनीय कार्य कर रहे हैं।

राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के प्रदेश कोर कमेटी सदस्य नवीन तिवारी ने रक्तदान महादान के प्रति सराहनीय कार्य को लेकर श्री मिश्रा को आभार प्रकट करते हुए कहा कि राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी सामाजिक कार्यों में हर संभव अपना सहयोग प्रदान करेगी।

---

उपायुक्त ने किया जिला आधार निगरानी समिति का समीक्षात्मक बैठक

## 0 से पांच वर्ष तक के बच्चों के आधार पंजीकरण में तीव्रता लाने का दिया निर्देश

**▸▸ आधार केंद्रों के माध्यम से अपलोड करने का निर्देश**

**राष्ट्रीय खबर**

**मेदिनीनगर (पलामू):** जिला आधार निगरानी समिति का समीक्षात्मक बैठक उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में आयोजित किया गया. बैठक में उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने जिला परियोजना पदाधिकारी को शून्य से पांच वर्ष के बच्चों के आधार पंजीकरण में तीव्रता लाने हेतु निर्देशित किया और 10 वर्ष पूर्व पंजीकृत आधार में सभी नागरिकों को पता एवं पहचान से संबंधित दस्तावेजों को भी ऑनलाइन या आधार केंद्रों के माध्यम से अपलोड करने का निर्देश सबंधित विभाग को दिया। साथ ही उन्होंने पंचायतवार आधार अपडेट करने हेतु शिविर का आयोजन करने और इसके लिए व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार करने का भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी आधार ऑपरेटर आम जनों का आधार केंद्र में बच्चों का नया आधार पंजीकरण एवं आधार से मोबाइल नंबर अपडेट करने का कार्य करें। आधार कार्ड या पंजीकरण रसीद खो जाने के समस्या के समाधान हेतु जिला स्तर पर एक एडवांस सर्च आईडी उपलब्ध कराने के लिए विभाग से पत्राचार करने का निर्देश संबंधित विभाग को दिया।

**बंद पड़े आधार केंद्रों को पुनः चालू किया जाएगा**

बैठक में उपायुक्त ने शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग, बैंक और पोस्ट ऑफिस जैसे कार्यालयों में बंद पड़े आधार केंद्रों को पुनः चालू करने का निर्देश सबंधित विभाग को दिया. साथ ही जिला आधार निगरानी समिति को आधार से जुड़ी फ्रॉड साइलेंट गतिविधियों की निगरानी करने और विभिन्न योजनाओं से जुड़ी कार्यो में आधार का उपयोग करने पर जोर दिया।

बैठक में उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे, कार्यपालक दंडाधिकारी सहसंयोजक, सिविल सर्जन पलामू, जिला शिक्षा पदाधिकारी पलामू, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी पलामू, अग्रणी बैंक प्रबंधक पलामू, डाक अधीक्षक प्रधान डाकघर मेदनीनगर, इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक प्रबंधक पलामू, प्रोजेक्ट सहायक प्रबंधक यूआईडी क्षेत्रीय कार्यालय रांची, जिला परियोजना पदाधिकारी यूआईडी पलामू, सीएससी प्रबंधक,पलामू समेत अन्य उपस्थित थे।

---

## 13 जनवरी को होगा संपूर्ण ब्राह्मण समाज का मिलन समारोह

**राष्ट्रीय खबर**

**बेरमो :** संपूर्ण ब्राह्मण समाज का स्थापना दिवस 13 जनवरी को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। संपूर्ण ब्राह्मण समाज के बारी को-ऑपरेटिव केंद्रीय कार्यालय में यह निर्णय 2 जनवरी को लिया गया। उक्त निर्णय के आलोक में संस्था के केंद्रीय अध्यक्ष जितेंद्र दुबे ने कहा कि भंडारीदह नया पुल के समीप दामोदर तक पर स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में ब्राह्मण समाज के लोगों का मिलन होगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी संस्था का स्थापना दिवस 13 जनवरी को भंडारीदह नया पुल दामोदर तट पर मनाया जाएगा। उन्होंने संस्था के सदस्यों से एकजुट रहने की अपील करते हुए कहा कि संस्था को सशक्त बनाने के लिए एकजुट रहना आवश्यक है। स्थापना दिवस धूमधाम से मनाने की तैयारी पूरी कर ली गई है। संस्था वृहद सोच और कार्य क्षमता के साथ सभी को संगठित रखने दिशा में



अग्रसर है। ब्राह्मण समाज के सभी लोग इस अवसर पर आमंत्रित हैं। संस्था की विगत वर्षों के कार्यों समाज के लोगों के साथ साझा करना मिलन समारोह का मुख्य उद्देश्य है। स्थापना से लेकर अबतक लगातार संस्था के पदाधिकारी संस्था को नया रूप देने में संघर्षरत रहे हैं। संस्था ने आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक, दायित्व एवं कर्तव्यों पूरा करने की दिशा में जो कदम उठाए हैं उस पर चर्चा की जाएगी। संपूर्ण ब्राह्मण समाज संपूर्णता के साथ समाज के सभी वर्गों की सेवा को प्रतिबद्ध है। मौके पर केंद्रीय महामंत्री अशोक कुमार पांडेय, केंद्रीय कोषाध्यक्ष विवेक चतुवेर्दी, केंद्रीय मिडिया प्रभारी अनिल पाठक सहित केंद्रीय, राज्य व विभिन्न जिले के पदाधिकारी मौजूद थे।

---

समारोह > मकर संक्रांति के दिन तिलकुट खाने और दान करने की पौराणिक परंपरा

# तिलकुट से गुलजार हुआ गया का बाजार

**▸▸ तिलकुट की दुकानें सजी हुई हैं**

**▸▸ गया शहर में तिलकुट का कारोबार परवान पर होता है**

**एजेंसियां**

**गया :** मकर संक्रांति को लेकर बिहार में गया का बाजार तिलकुट से गुलजार हो गया है। मुख्य रूप से शहर के रमना रोड और टिकारी रोड में तिलकुट की दुकानें सजी हुई हैं, जहां लोग बड़े पैमाने पर खरीददारी कर रहे हैं। वैसे तो गया शहर में सालों भर तिलकुट का



व्यवसाय होता है लेकिन मकर संक्रांति के दिन तिलकुट खाने और दान करने की पौराणिक परंपरा है। इसे लेकर शहरवासी बड़े पैमाने पर तिलकुट की खरीददारी कर रहे हैं। टिकारी रोड और रमना रोड मुहल्ला स्थित तिलकुट की दुकानों पर खरीददारों की भीड़ लगातार बढ़ती जा रही है। वहीं, तिलकुट की बिक्री भी बड़े पैमाने पर हो रही है, हालांकि महंगाई के कारण तिलकुट की बिक्री पर इसका खासा असर पड़ा है। खोया का तिलकुट 400 रुपये प्रति किलो, गुड़ का तिलकुट 320 रुपये प्रति किलो एवं अन्य तरह के तिलकुट की बिक्री 300 रुपये प्रति किलो की दर से हो रही है। इसके बावजूद लोग बढ़-चढ़कर तिलकुट की खरीददारी कर रहे हैं। चारों ओर तिलकुट कूटने की धम-धम की आवाज और तिल भूंजने की सोंधी महक से गया शहर का खुशबूदार हो गया है। नवंबर से लेकर फरवरी के बसंत पंचमी तक गया शहर में तिलकुट का कारोबार परवान पर होता है। एक आंकड़े के अनुसार नवंबर से फरवरी तक इन चार महीनों में तिलकुट का व्यापार लगभग 50 करोड़ रुपए का होता है। तिलकुट बनाने वाले दुकानदार श्रीनंदन कुमार गुप्ता ने बताया की गया की जलवायु तिलकुट निर्माण के लिए उपयुक्त मानी जाती है। यही वजह है कि गया में निर्मित तिलकुट का स्वाद अन्य जगहों पर बनने वाले तिलकुट से अलग होता है।

---

## न्यूज फटाफट

### इंदू सिंह ने जरुरतमंदों के बीच कंबल का किया वितरण

**डाल्टनगंज:** नगर निगम वार्ड नंबर 16 निवासी समाजसेवी इंदू सिंह ने जरुरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया।मालूम हो कि पलामू का पारा काफी नीचे आ गया है और यहाँ कड़ाके की ठंड पड़ रही है ऐसे में गरीब लोगों का जीना मुहाल हो गया है गरीब लोगों की मदद के लिए कड़ाके की ठंड से थोड़ी राहत देने की सोच के साथ गुरुवार को समाजसेवी इंदू सिंह ने 150 पीस कंबल जरुरतमंदों के बीच वितरित किया। इस अवसर पर सोनू सिंह ने कहा के वार्ड नंबर 16 के सभी लोगों को उचित मान सम्मान देते हुए उनकी भावनाओं का ख्याल रखा जायेगा। वार्ड 16 की जनता के सुख दुख में हमेशा सहयोग के लिए वो सदैव तत्पर रहेंगे।इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता नवीन तिवारी,समाजसेवी खुदी सिंह,बब्लू सिंह,बब्लू पांडेय,सतीश तिवारी व यशविन्द्र सिंह सहित वार्ड के दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की मनाया जन्मदिन

**बेरमो :** जरीडीह प्रखंड के बेलडीह में बुधवार को डॉ रवींद्र उषा सिंह चैरिटेबल फाउंडेशन के द्वारा झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। यहां उपस्थित ग्रामीणों के समक्ष जरूरत मंद महिलाओं व बुजुर्गो के बीच कम्बल बच्चों के बीच मिठाई, बिस्कुट, टॉफी वितरण किया गया। फाउंडेशन के चेयरमैन डॉ उषा सिंह ने कहा कि मरांडी जी एक सम्मानित अभिभावक है, आज उनका जन्मदिन है मां भगवती उन्हें लंबी उम्र दे ताकि झारखंड के विकास हो। कहा कि फाउंडेशन द्वारा हमेशा कई समाजिक कार्य किये जा रहे हैं। मौके पर भाजपा एसटी मोर्चा महामंत्री गोविंद टुडु, प्रखंड महामंत्री जितेंद्र नारायण मुर्मु, मुखिया प्रतिनिधि भोला सोरेन, उर्मिला देवी, अभय विश्वकर्मा, वार्ड सदस्य उर्मिला देवी, लक्ष्मण मिश्रा, रंजन सिंह, रंजीत साह, जवाहर साह, सुमिर सिंह आदि लोग मौजूद थे।

### महायज्ञ के लिए प्रचार वाहन का शुभारंभ

**बेरमो :** हनुमत प्राण प्रतिष्ठा व लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सफल आयोजन हेतु साथ ही लोगों के बीच संदेश को लेकर 4 नंबर दुर्गा मंडप के प्रांगण से राम रथ की रवानगी शुरू की गई। प्रचार वाहन में सवार राम भक्तों के द्वारा लोगों के बीच संदेश देने का कार्य होगा, वहीं अगर श्रद्धालु और भक्त जिस भी प्रकार का सहयोग प्रदान करेंगे राम भक्त उसे ग्रहण करेंगे। लंबे अंतराल के बाद क्षेत्र में महायज्ञ के आयोजन को लेकर लोगों में काफी उमंग और उत्साह है। इसके परिणाम स्वरूप 10 जनवरी को पूरे क्षेत्र में संदेश यात्रा बाइक जुलूस के शक्ल में निकाला गया था जो जुलूस 25 किलोमीटर भ्रमण कर ग्रामीण क्षेत्र व शहरी क्षेत्रों में महायज्ञ का प्रचार प्रसार किया गया था। वही आज से पूरे बेरमो अनुमंडल में महायज्ञ को लेकर प्रचार वाहन शुरू किया गया है। इस अवसर पर मंदिर समिति के सचिव अजय कुमार सिंह, मंदिर के पुजारी रवि कुमार पांडे समिति के उपाध्यक्ष एमएन सिंह शामिल हुए, वहीं प्रचार वाहन में विक्की यादव, कमल यादव, अनिल रजवार, विजय रजवार, रवि रजवार, दीपक यादव, और लालू महतो शामिल हुए।

### छात्र छात्राओं ने अंबेडकर पार्क से निकाली आक्रोश रैली

**मेदिनीनगर:** पलामू छात्रवृत्ति में हो रही कटौती और कल्याण विभाग के मनमाने रवैए के खिलाफअइसा के सैकड़ों छात्र छात्राओं ने अंबेडकर पार्क से निकाली आक्रोश रैली जो पलामू समाहरणालय गेट के समक्ष आइसा के सैकड़ो छात्र और छात्राओं ने ई कल्याण पोर्टल वेब साइट खोलने को लेकर और साइकिल वितरण को लेकर धरना दिया। सभी छात्रों ने कहा कि लगातार छात्रों के भविष्य को अंधाकर मे डाल रही है। बीते वर्ष का भी अभी भी छात्रवृत्ति नहीं मिला है बल्कि छात्रवृत्ति में कटौती की जा रही है। अभी तक साइकिल का भी वितरण नहीं हुआ है। छात्र विभाग का चक्कर लगा लगा के थक गए हैं। बिजली विभाग की लापरवाही के कारण छात्र का भविष्य अंधकार में समय पर पोर्टल खोला जाए, साइकिल का वितरण कर छात्रों को दिया जाए यदि नहीं होंगी तो इससे भी उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

### शहीद निर्मल महतो चौक को असमाजिक तत्वों के द्वारा किया क्षतिग्रस्त, तनाव

**बेरमो :** बेरमो अनुमंडलीय अस्पताल फुसरो तथा बेरमो से चंद कदम की दुरी पर स्थित शहीद निर्मल महतो चौक को बीते रात तोड़फोड़ किया गया। जिससे चौक में बने चित्र को नुकसान पहुँचा। आजसू पार्टी के जिला उपाध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि महेंद्र चौधरी ने कहा कि जानबूझ कर चौक को तोड़ा गया जो शर्मनाक व निंदनीय है। कहा कि सोची समझी रणनीति के तहत शहीद निर्मल चौक को तोड़ा गया। बेरमो में एक घिनौना राजनीति हो रही है। वही युवा नेता दीपक महतो ने कहा कि आए दिन शहीद निर्मल महतो चौक पर ऐसी घटनाएं होती रहती है। कभी झंडा का पाइप उखाड़ ले जाते हैं। आज निर्मल महतो के चित्र को तोड़ दिया गया। बेरमो प्रशासन से मांग करता हूं कि शरारती तत्वों के द्वारा जो भी किया गया है उस पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए नहीं तो हम लोग रोड जाम कर देंगे। वही एक घंटे तक जैनामोड़ डुमरी मुख्य मार्ग जाम रहा। मौके पर बेरमो थाना प्रभारी रविंद्र सिंह ने कहा सीसीटीवी फुटेज जांच कर जो भी व्यक्ति होगा उस पर सख्त-सख्त कार्रवाई की जाएगी। उसके बाद मुख्य मार्ग को जाम से राहत मिली। मौके पर संतोष महतो, महेंद्र चौधरी, महेश देशमुख, विक्की महतो, पप्पू सिंह, दीपक महतो, गोपी महतो, कमलेश महतो के अलावे बड़ी संख्या में आजसू कार्यकर्ता मौजूद थे। ज्ञात हो कि इस चौक के निर्माण के समय भी काफी अड़चने देखने को मिली है। जबकि यह मार्ग और खास कर यह चौक इतना व्यस्त हैं और भारी वाहनों का इतना अधिक आवागमन है कि माना जा रहा है कि कोई भारी वाहन रात के अंधेरे में इस चौक को अपने जद मे ले लिया होगा जिस कारण यह घटना घटी। बहरहाल फुसरो का पुरा क्षेत्र ही सीसीटीवी कैमरे से लैश है और कंट्रोल रुम भी बेरमो थाना मे ही स्थिति है इस लिए चौक व शहीद निर्मल महतो की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने वाले तत्वों का खुलासा होना कोई मुश्किल नहीं होगा मगर इस घटना से फुसरो में आजसू नेताओं और कार्यकताओं में भारी आक्रोश देखा जा रहा है।

### रुचिर कुमार तिवारी ने पीड़ित परिवार के साथ रेडमा चौक जाम स्थल पर पहुंचा

**मेदिनीनगर:** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सा राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने पीड़ित परिवार के साथ रेडमा चौक जाम स्थल पर पहुंचा और परिवार को ढांढस बंधाया और उन्होंने कहा कि पीसीआर वाहन के चालक के द्वारा बहुत ही तेज गति से एवं लापरवाही से गाड़ी चलाया जा रहा था और उसी दरमियान धक्का लगने से कचरवा निवासी व्यक्ति की मृत्यु हो गई आए दिनों जिला प्रशासन पीसीआर वैन के साथ बालू के पैसा का उगाही करने कोयला तस्करों विभाग के माफियाओं से पैसा उगाही करने के लिए बहुत ही तेज गति से पीसीआर वाहन चला करके उसका पीछा कर रहे हैं और उसी का नतीजा यह कचरा की घटना है पीड़ित परिवार के मात्र कमाने वाला वह सदस्य जिसकी मृत्यु हो गई उसकी पीछे चार पुत्री मां और पत्नी भरा पूरा परिवार है जिसका रो रो कर बुरा हाल है ऐसी परिस्थिति में मैं जिला प्रशासन से मांग करता हूं कि पीड़ित परिवार को 20 लाल मुआवजा एवं एक सरकारी नौकरी दिया जाय साथ ही पीसीआर वैन के ड्राइवर पर गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज होना चाहिए।

### मकोली आंगनबाडी केंद्र में बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण

**बेरमो :** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के सभी वार्ड के आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के बीच कडाके की ठंढ को देखते हुए स्वेटर का वितरण किया गया। नप अध्यक्ष छेदी नोनिया और वार्ड पार्षद आजाद चौहान ने मकोली ऊपर घौड़ा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 255 में 22 बच्चों के बीच 44 स्वेटर का वितरण किया। इस अवसर नप उपाध्यक्ष छेदी नोनिया ने कहा कि सरकार द्वारा आम जनता को देने वाले तमाम सुविधाओ को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। मौके पर सेविका रीना देवी, सहायिका भाग्यश्री देवी, समाजसेवी राकेश कुमार, ओम प्रकाश चौहान, बवन सिंह सहित दर्जनों महिला पुरुष मौजूद थे।

## शहर >> अपडेट

### दो वाहनों की टक्कर में एक घायल

**पेटरवार :** पेटरवार एन एच 23 पेटरवार- बोकारो पथ पर बुधवार की रात्रि दो वाहनों के बीच हुई टक्कर में एक व्यक्ति गम्भीररूप से घायल हो गया। घायलों को पुलिस ने पीसीआर वैन से उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पेटरवार में भर्ती कराया गया जहां प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कुंदन राज ने प्राथमिक उपचार कर सदर अस्पताल बोकारो भेज दिया।

## सिटी अपडेट्स >>

### शिविर में 101 मामलों का निपटारा

**मरकच्चो:** बैंक ऑफ इंडिया जामु के समीप बुधवार कों लगाए गए लोक अदालत शिविर में 101 मामलों का निपटारा किया गया। बैंक ऑफ इंडिया जामु शाखा के शाखा प्रबंधक प्रभाकर साहू ने बताया कि शिविर में लगभग एक सौ एक मामले का निपटारा किया गया इसमें लगभग 53 लाख की वसूली की गई। इस दौरान खाताधारकों को भुगतान में भारी छूट दी गयी। शिविर में एरिया मैनेजर विमल कांत झा के द्वारा नो ड्यूज सर्टिफिमेट दी गयी। शाखा प्रबंधक प्रभाकर साहू ने कहा कि एक बार इस तरह की शाखा फिर लगायी जाएगी।

### डीसी को ज्ञापन

**कोडरमा:** पूर्वनियोजित कार्यक्रम के तहत झारखण्ड अनुबंधित पारा चिकित्सा कर्मियों ने अपनी मांग को लेकर कोडरमा डीसी को एक ज्ञापन दिया है। ज्ञापन में कहा गया है कि अपनी मांगो को लेकर 16 जनवरी को मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया जायेगा उसके बाद भी मांग पूरी नहीं होने के सूरत में संघ के द्वारा 17 जनवरी से अनिश्चित कालीन धरना दिया जायेगा। आवेदन में यह भी कहा गया है कि उसके बाद भी अगर हमारी मांगे पूरी नहीं होती है तो अनिश्चित कालीन आमरण अनशन किया जायेगा।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### बच्चों के बीच स्वेटर वितरण

**पेटरवार :** पेटरवार प्रखंड के चरगी पंचायत अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र एटके मे गुरुवार को एक कार्यक्रम कर आंगनबाड़ी केंद्रीय में शिक्षा प्राप्त करने वाले बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया गया। आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 718 में प्रारंभिक शिक्षा पा रहे 3 से 6 वर्ष के बच्चों के बीच स्वेटर, गर्भवती महिला, धातृ महिला को पोषाहार सामग्री ओर 7 माह से 3 वर्ष के बच्चों का टी एच आर केंद्र की सेविका रेखा देवी की ओर से किया गया। जबकि केंद्र में प्रारंभिक शिक्षा पा रहे 30 बच्चों के बीच ग्राम पंचायत सदस्य मालती देवी की ओर से स्वेटर का वितरण किया गया।

### स्वामी विवेकानंद की जयंती मनी

**पेटरवार :** पेटरवार तेनुचौक स्थित समाधान कार्यालय में गुरुवार को प्रखंड महान आध्यात्मिक गुरु, विचारक, युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई। उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर सुधीर कुमार सिन्हा, शिव शंकर सहाय , रवि शंकर जायसवाल , अनिल स्वर्णकार, पंकज कुमार सिन्हा, पवन अग्रवाल सहित अन्य मौजूद रहे।

### भाजपा नेताओं ने कड़ी निंदा की

**पेटरवार :** पेटरवार गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो को जान से मारने की नियत से आए हमलावर को अभिलंब गिरफ्तार करने की मांग भाजपा नेताओं ने जिला प्रशासन से किया। इस तरह के अपराधी तत्वों को किसी भी तरह से बख्शा नही जाए ताकि क्षेत्र मेंअमन चैन बनी रहे। कहा कि अगर सांसद विधायक सुरक्षित नहीं रहेंगे फिर आम नागरिक का क्या होगा। भाजपा इस कांड की कड़ी निंदा करती है।

**आरोप** जरगा पंचायत की महिलाओं ने कोडरमा एसपी को दिया आवेदन

# बिहार पुलिस मारपीट का आरोप

राष्ट्रयी खबर

**कोडरमा:** जिले के तिलैया थाना अंतर्गत जरगा पंचायत स्थित विशुनपुर गांव की महिलाओ ने बिहार पुलिस पर घर में घुसकर मारपीट और अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया है। इस बाबत गुरुवार को काफी संख्या में कोडरमा पहुंची महिलाओं ने कोडरमा एसपी को आवेदन भी दिया है। आवेदन में कहा गया है कि हमलोगो का कसूर सिर्फ इतना कि हमलोग का घर जंगल में है ओर यहां रहकर रोजी - रोजगार के लिए ढिबरा चुनते है।

बीती रात करीब 11-12 बजे कई वाहनों में पुलिस की वर्दी में आकर पूरे गांव को घेर कर महिलाओ के साथ अभद्र व्यवहार, बच्चों ओर पुरुषों के साथ भी इस दौरान मारपीट किया तथा घरों में तोड़फोड़ भी किया। आवेदन में पंचायत की पूर्व



मुखिया शीला देवी ने कहा कि इस घटना में कई महिलाओ का हाथ, पैर टूट गया, कई महिलाओ को इतना मारा गया कि चलने फिरने लायक नहीं है। साथ ही कई लोगों को अपने साथ ले गई। उन्होंने आवेदन में कहा कि ऐसा लग रहा था कि गांव वाले बहुत बड़ा अपराध किया ओर हमलोग मुजरिम है। आवेदन में उनके अलावे मिना देवी, रीता देवी, धनवा देवी, मीना देवी, अनीता देवी, ललिता देवी आदि के नाम है। इन्होंने यह भी कहा कि मां सम्मान नहीं बचा तो हमलोग आत्महत्या कर लेंगे। ज्ञात हो कि रात्रि में ही वन विभाग की टीम पर बिहार के बॉडर इलाके में हमला हुआ था। घटना में वन विभाग के तीन अधिकारी समेत 8 लोग घायल हो गए थे। हमले में गाड़ी पूरी तरह क्षतिग्रस्त होने की बात कही जा रही है। इसके बाद देर रात में विशेष छापेमारी कर 17 लोगों को हिरासत में लिया गया है। सभी लोगों से पूछताछ भी की जा रही है। हमले की जानकारी बिहार नवादा पुलिस को मिलते ही रजौली से थानाध्यक्ष दरबारी चौधरी दलबल के साथ नक्सल प्रभावित इलाके खतरी गांव पहुंचे और वन विभाग की क्षतिग्रस्त गाड़ी को कब्जे में लेकर थाना लाए। यह भी बताया जाता है कि बिहार पुलिस ने इसी मामले में कोडरमा जिले के विशुनपुर गांव में उक्त कार्यवायी की। हांलाकि इसकी सूचना झारखंड पुलिस या तिलैया थाना को भी नहीं दी गयी।

# प्रभात फेरी एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चला

राष्ट्रयी खबर

**गुमला :** सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत एस एस +2 उच्च विद्यालय गुमला के छात्र एवं छात्राओ ने भारी संख्या में प्रभात फेरी निकाली जहां स्कूली छात्र आम जन मानस को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। सड़क सुरक्षा सप्ताह 11 जनवरी से शुरू हुआ यह अभियान 17 जनवरी तक चलेगा, इसके तहत एस०एस +2 उच्च विद्यालय गुमला के छात्रों ने प्रभात फेरी का आयोजन किया गया, रैली मे छात्रों ने हाथो मे सड़क सुरक्षा से जुड़े स्लोगन लिखे बैनर पोस्टर लेकर रैली मे शामिल हुए, इन्होने सभी को सड़क सुरक्षा के नियमों को पालन करने के प्रति जागरूक किया ताकि सड़क दुर्घटनाओं मे कमी हो सक। प्रभात फेरी के दौरान बच्चों द्वारा आम लोगों के बीच नारा दिया गया। कदम बढ़ाए हाथ मिलाए, झारखंड को सुरक्षित राज्य बनाए।



स्कूलों में जागरूकता अभियान के दौरान 600 से 700 विद्यार्थियों को बताया गया कि वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट जैसे सुरक्षित उपकरणों के इस्तेमाल से कैसे सड़क पर होने वाले दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है और अपनी व यातायात का उपयोग कर रहे अन्य व्यक्तियों के जान की रक्षा की जा सकती है। सड़क सुरक्षा के सदस्यों ने वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग करना कितना खतरनाक हो सकता है, के बारे में जानकारी दी। साथ ही उन्होंने अपील किया कि वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग ना करें और सीट बेल्ट का प्रयोग करने हेतु परिवार एवं विद्यार्थियों को प्रेरित करें। जागरूकता अभियान के क्रम में यातायात नियम का कड़ाई से पालन करने के लिए सभी विद्यार्थियों के बीच शपथ ग्रहण करवाया गया।

सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के दौरान सड़क सुरक्षा के टीम द्वारा विद्यार्थियों को आए दिन हो रहे सड़क दुर्घटनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए सड़क दुर्घटनाओं से कैसे बचा जाए और दुसरों को बचाया जाये इस संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं को किस प्रकार कम किया जाए इस पर भी विद्यार्थियों से विचार-विमर्श किया गया।

# परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में हुआ प्रभात फेरी का आयोजन



राष्ट्रयी खबर

**गुमला:** खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय एवं जिला प्रशासन गुमला के संयुक्त तत्वाधान में स्वामी विवेकानंद जी के जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम गुमला से प्रभात फेरी का अयोजन किया गया। स्वामी विवेकानन्द जयंती के अवसर पर आयोजित इस पद यात्रा का उद्घाटन करते हुए ज़िला खेल पदाधिकारी हेमलता बुन ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द युवाओं के लिए ना केवल आदर्श बल्कि प्रेरणाश्रोत रहे। आज उनकी जन्मतिथि पर संपूर्ण राष्ट्र उनका स्मरण कर नतमस्तक है। हम उनके सिद्धांतों को अनुसरण कर-के ही विकास के मार्ग पर अग्रसर हो सकते हैं।

उक्त पदयात्रा में लगभग 270 युवा वर्ग जिसमें एन. वाई. के , एनएसएस एवं जिले के आवासीय एवं डेबोडिंग केंद्र के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

इस अवसर पर परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम गुमला से एक पद यात्रा का शुभारंभ किया गया, जो की गुमला शहर के विभिन्न मार्गो से गुजर कर इनडोर स्टेडियम गुमला में संपन्न हुआ।

# उपायुक्त ने सदर अस्पताल का किया औचक निरीक्षण



राष्ट्रयी खबर

**कोडरमा:** उपायुक्त आदित्य रंजन ने गुरुवार को सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सिविल सर्जन से सदर अस्पताल से मौजूदा व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी ली। उपायुक्त ने अस्पताल के विभिन्न वार्ड का जायजा लेते हुए वहां की सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने ओपीडी, एक्स रे रूम, इमरजेंसी, अल्ट्रासाउंड, लेबर रूम, लैब, डीसीएचसी समेत कई वार्डो का निरीक्षण किया। उन्होंने सिविल सर्जन को निर्देश दिया कि अस्पताल में छोटी छोटी त्रुटियों को दुरुस्त करें। अस्पताल के जगह जगह पर साइन बोर्ड लगाने का निर्देश डीपीएम को दिया। इस दौरान उन्होंने आये मरीजों से बात चीत की, और चिकित्सकों द्वारा किये इलाज की भी जानकारी ली। मौके पर उप विकास आयुक्त ऋतुराज, सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार, गोपनीय प्रभारी जयपाल सोय, उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉ मनोज व अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

# संस्कार युक्त शिक्षा के द्वारा ही राष्ट्र का निर्माण होता है: डॉक्टर टी साहू

- विवेकानंद की जयंती के अवसर पर अभिभावक गोष्ठी का हुआ आयोजन
- संस्कार का नाम ही जीवन है इसी काअनुसरण करते हुए समाज में ज्ञान की ज्योति को जलाएं राहुल गुप्ता

राष्ट्रयी खबर

**कुडू :** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस के रूप में आयोजित की गई इस अवसर पर लोहरदगा के प्रसिद्ध दंत चिकित्सक एवं समाजसेवी मुख्य अतिथि के रूप में डॉ टी साहू ने के साथ-साथ अभिभावक प्रतिनिधि के रूप में पूर्व छात्र नीरज कुमार मिश्र तथा अभिभावकों की प्रतिनिधि के रूप में श्रीमती प्रतिमा शुक्ला जी एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य ने संयुक्त



रूप से स्वामी जी के चित्र तथा मां सरस्वती ओम भारत माता के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्चन कर के कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे ने अतिथियों का परिचय एवं आचार्य एवं अभिभावक गोष्ठी के उद्देश्य को बताया इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शिशुओं के समय एवं सर्वांगीण विकास ही हमारा लक्ष्य है तथा इस लक्ष्य की प्राप्ति में आचार्य अभिभावक एवं समाज के पूर्ण सहयोग से ही संभव है ।डॉक्टर टी साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज युवा दिवस है और स्वामी विवेकानंद जी के आदर्श को जीवन में अपनाएं साथ ही सभी शिशु को सम्यक संस्कार सम्यक भोजन एवं संस्कारित व्यवहार की आवश्यकता है। साथ ही स्वच्छता को जीवन का अभिन्न अंग बनाएं शिक्षा के द्वारा ही राष्ट्र का निर्माण संभव है अतः संस्कारित शिक्षा की ओर हम अपने कदम को सतत आगे बढ़ाएं ।श्री राहुल कुमार गुप्ता ने कहा कि हम अपने इस प्रकार के विद्यालयों में भैया बहनों का नामांकन संस्कार के विकास हेतु ही कराते हैं उन्होंने कहा संस्कार ही जीवन है।

**अभियान** जागरूकता अभियान के तहत यातायात नियम का पालन करने लिया शपथ

# सड़क सुरक्षा को लेकर वाहनों में लगाया रिफ्लेक्टिव टेप

राष्ट्रयी खबर

**गुमला:** गुरुवार को सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाए जा रहे के दूसरे दिन आमजनों को जागरूक करने के उद्देश्य से करमडीपा जगह पर जो जो वाहनों में रिफ्लेक्टिव टेप नहीं लगाया गया था , उस वाहनों को रोकर रिफ्लेक्टिव टेप लगाया गया। ताकी दुर्घटना में कमी लाई जा सके।

उसके साथ सड़क सुरक्षा के नियमो के अनुपालन तथा ड्राइविंग टेस्ट में आये 50-65 लोगो को यातायात नियमो के प्रति जागरूक करने को लेकर सड़क-सुरक्षा के



टीम के द्वारा रोड सेफ्टी काउंसलिंग किया गया ।इस दोरान ड्राइविंग टेस्ट में आये लोगो को यातायात नियमो एवं वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट जैसे सुरक्षित उपकरणों के इस्तेमाल से कैसे सड़क पर होने वाले दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है और अपनी व यातायात का उपयोग कर रहे अन्य व्यक्तियों के जान की रक्षा की जा सकती है। सड़क सुरक्षा के सदस्यों ने वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग करना कितना खतरनाक हो सकता है, के बारे में जानकारी दी। साथ ही उन्होंने अपील किया कि वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग ना करें और सीट बेल्ट का प्रयोग करने हेतु परिवार एवं लोगो को प्रेरित करें। जागरूकता अभियान के क्रम में यातायात नियम का कड़ाई से पालन करने के लिए लर्निंग में आये लोगो को यातायात शपथ ग्रहण करवाया गया।

सड़क दुर्घटनाओं से कैसे बचा जाए और दुसरों को बचाया जाये इस संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई ।उन्होंने बताया दुर्घटना में ज्यादातर मृत्यु एवं दुर्घटना बाइक से हो रही है, इससे पता चलता है कि बाइक के गतिसीमा से अधिक रफ्तार से वाहन चलाने और लापरवाही से वाहन चलाने के अतिरिक्त बिना हेलमेट/सीट बेल्ट आदि सुरक्षा उपकरण के इस्तेमाल के बिना गाड़ी ड्राइव करने से एवं उन्होंने कहा ऐसी गलती न करें और कड़ा रुख अपना कर अपने परिवार को भी सुरक्षा का पाठ पढ़ाये। साथ ही उन्हें भविष्य में सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया।

## न्यूज फटाफट

### बच्चों के लिए तकनीकी कार्यशाला का आयोजन

**कोडरमा:** तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्यालय में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर उत्क्रमित मध्य विद्यालय, तिलैया डैम के बच्चों के लिए तकनिकी कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमे उत्क्रमित मध्य विद्यालय के बच्चों ने अपने शिक्षकों के साथ भाग लिया। बच्चों को ग्रिजली विद्यालय के रोबोटिक्स शिक्षक कुणाल अम्बष्ठ के द्वारा आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस, टेलिस्कोप, 3डी प्रिंटर आदि की जानकारी दी गयी जिसे पाकर उत्क्रमित मध्य विद्यालय के छात्र काफी लाभान्वित हुए। इस अवसर पर विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता ने राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यशाला में शामिल बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा की तकनीकी ज्ञान सफलता का मार्ग प्रशस्त करती है। वही विद्यालय की प्राचार्या अपर्णा सिन्हा ने कहा की इस तरह के कार्यशाला का आयोजन करके हम अपनी आने वाली पीढ़ी को तकनिकी रूप से और मजबूत कर सकते है। इस अवसर पर उत्क्रमित मध्य विद्यालय के शिक्षक प्रकाश कुमार, कृष्णा कुमार आदि उपस्तिथ थे।

### आदित्य एवं सत्यम ने विद्यालय का नाम किया रोशन

**पेटरवार :** लीला जानकी पब्लिक स्कूल रघुनाथ पुरम पेटरवार को 25 वें चाइल्ड राइट कांग्रेस 2023 में स्टेट लेबल पर ग्यारहवें स्थान प्राप्त करने पर गुरुवार को विद्यालय में प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। प्रतिभागी छात्र आदित्य किशोर, सत्यम कुमार ने शिक्षक उज्जवल चक्रवर्ती के मार्गदर्शन में यह उपलब्धि हासिल की। जिन्हें गुरुवार को प्रार्थना सभा में विद्यालय के प्रबंधक नीरज सिन्हा व प्राचार्य अमर प्रसाद की ओर से सम्मानित किया गया। सुरक्षा सप्ताह व स्वामी विवेकानंद के जन्म जयंती के अवसर पर सभी छात्र छात्राओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी गई। 25 वें चाइल्ड राइट कांग्रेस 2023 में आदित्य किशोर को 7 ओर 8 जनवरी को गुमला में चयनीत छात्रो के साथ उपस्थित हो कर अपने विषय से संबंधित अभिविन्यास में भाग लिए थे।

### राज इंटरनेशनल स्कूल में राष्ट्रीय युवा दिवस मना

**कोडरमा:** राज इंटरनेशनल स्कूल कोडरमा के तत्वाधान में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाई गई। मौके पर सभी शिक्षक, शिक्षिकायें और बच्चे मौजूद थे। प्राचार्य संजीव कुमार मिश्रा ने स्वामी विवेकानंद जी की जीवनी पर प्रकाश डाला और सबको उनके बताए गए रास्ते पर चलने की आदत डालने को कहा। एकेडमिक एडवाइजर अशोक लाल ने शिकागो में दिए उनके भाषण के बारे में बताया। शिक्षक कृष्ण कांत पाठक ने उनके जीवन की कुछ सच्ची घटनाओं पर प्रकाश डाला।

### स्वामी विवेकानंद का जन्मदिन मना

**डोमचांच:** जीएस पब्लिक स्कूल डोमचांच के प्रांगण में स्वामी विवेकानंद का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने स्वामी विवेकानंद के तस्वीर पर माल्यार्पण किया। निदेशक नितेश कुमार सिंह, उपनिदेशक नीरज कुमार सिंह ने बच्चों को अपना आशीर्वचन दिया। कार्यक्रम में कोऑर्डिनेटर सोनी चंदन, अकाउंटेंट गुलाबचंद शाह मौजूद थे। मंच का संचालन छात्रा रानी कुमारी तथा शिक्षक नेहा पंडित के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक शिक्षकों में आशीष मोदी, राजीव रंजन, शिवकुमार, मोहम्मद इलियास, रामलखन कुमार, निरंजन कुमार, शुभम कुमार, रविकांत कुमार, सना परवीन, सबा परवीन, नेहा कुमारी, दीपक कुमार, नेहा गुप्ता,आयुषी कुमारी, प्रीति प्रिया, काजल कुमारी, नीरज कुमार, रिंकी कुमारी, अमरदीप कुमार, सुभ्रा कुमारी व अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए।

### एसआई का तबादला होने पर विदायी समारोह

**मरकच्चो:** मरकच्चो थाना के एसआई कुंदन कुमार का कोडरमा थाना तबादला होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। दरअसल कोडरमा पुलिस कप्तान की ओर से कोडरमा की कानून, शांति और सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए जिले के कई थानेदारों व एसआई का स्थानांतरण करते हुए उन्हें इधर से उधर भेजा गया है। ट्रांसफर पाने वाले में मरकच्चो एसआई कुंदन कुमार भी शामिल हैं।

### वाणी कंप्यूटर सेंटर में विवेकानन्द की जयंती मनी

**कोडरमा:** वाणी कंप्यूटर सेंटर कोडरमा में स्वामी विवेकानन्द की जयंती मनायी गयी। संस्थान के निदेशक सतीश कुमार यादव ने स्वामी विवेकानन्द के तस्वीर पर माल्यार्पण कर उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। इस दौरान शिक्षिका मीना कुमारी, छात्र छात्राओं में रवी कुमार, संदीप कुमार, राहुल कुमार, रंजीत कुमार, हर्ष कुमार वर्मा, चांदनी कुमारी, सिद्धार्थ कुमार, संदीप यादव इत्यादि मौजूद थे।

### हाईवा की चपेट में आने से युवक की मौत

**मरकच्चो :** गुरुवार को नवलसाही थाना अंतर्गत पहाड़पुर के पास हाइवा की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान मो साबिर अंसारी (28, पिता शमसूल, ग्राम नवलशाही) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार दिन के लगभग 3.30 बजे युवक अपनी मोटरसाइकिल से बाजार की तरफ जा रहा था। इसी दौरान पहाड़पुर के पास हाईवा ने अपनी चपेट में ले लिया। मोटरसाइकिल सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसकी सदर अस्पताल लाने के दौरान रास्ते में ही मौत हो गई। सदर अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। इसकी सूचना कोडरमा पुलिस को मिलने के बाद शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

### योजनाओं में भयंकर गड़बड़ी: महादेव राम

**कोडरमा:** भाकपा जिला परिषद कोडरमा की बैठक साहू धर्मशाला झुमरी तिलैया में भाकपा जिला कार्यकारिणी सदस्य एवं पूर्व उप प्रमुख वीरेंद्र यादव की अध्यक्षता में की गई। सीपीआई जिला मंत्री प्रकाश रजक ने विगत कार्यक्रमों का कार्य रिपोर्ट प्रस्तुत किया। भाकपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य महादेव राम ने कहा कि कोडरमा जिले में आरईओ के द्वारा पीएमजीएसवाई एवं राज्य संपोषित योजनाओं में भयंकर गड़बड़ी हो रही है। प्राक्कलन के आधार पर काम नहीं हो रहा है जिसके कारण 2 साल में ही सड़क टूट जाता है। करोड़ों रुपए जनता की गाढ़ी कमाई का पैसा लूट हो जाता है। सीपीआई जिला मंत्री प्रकाश रजक ने कहा कि कोडरमा जिले में अवैध पत्थर का खदान बड़े पैमाने पर चल रहा है जिसके कारण कई मजदूरों की जान खदान में दबके हो गई है जिसका मुआवजा तक भी नहीं मिल पाता है।

### चार माह से पोषाहार की राशि नहीं मिली: सरिता

**कोडरमा:** जिला सेविका सहायिका संघ कोडरमा इकाई की बैठक गुरुवार को जयनगर के ग्राम सांथ आंगनबाड़ी केंद्र में प्रेमा देवी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विगत कार्यक्रमों का कार्य रिपोर्ट संघ की जिलाध्यक्ष सरिता रानी ने पेश किया। सरिता रानी ने कहा कि अनुसूचित जाति आंगनबाड़ी केंद्र जो केंद्र सरकार विशेष केंद्र है, अनुसूचित जाति के बच्चों को कुपोषण मुक्त किया जाता है। दुर्भाग्य है कि सेविका उन केंद्रों में कर्ज लेकर पोषाहार बच्चों को दी है लेकिन लेकिन 4 माह से पोषाहार की राशि नहीं मिली है। अगर राशि का भुगतान नहीं हुआ तो संघ तो बहुत जल्द ही संघर्ष करेगा।

### दूसरे दिन भी नहीं निकल सका युवक का शव

**डोमचांच:** थाना क्षेत्र अंतर्गत गुहदर गाँव के समीप बंद पड़े पत्थर खदान में डूबने से बुधवार को एक युवक की मृत्यु हो गई। घटना के दूसरे दिन भी एनडीआरएफ की टीम घटना स्थल पर नही पहुंची। युवक की पहचान रविंद्र कुमार मेहता उर्फ कारू (उम्र 35 वर्ष पिता बाबूलाल मेहता डोमचांच क्षेत्र कालीमंडा निवासी के रूप में हुई है। गुरुवार को कोडरमा की पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने घटना स्थल का जायजा लिया और पीड़ित परिवार से मिली।

## न्यूज फटाफट

### वर्ल्ड कप के लिए दो नई विशेष ट्रेन चलाएगा पूर्व तट रेलवे



**भुवनेश्वर :** भारत और स्पेन के बीच राउरकेला के बिरसा मुंडा स्टेडियम में शुक्रवार को होने वाले पुरुष हॉकी विश्व कप के पहले मैच से एक दिन पहले पूर्व तट रेलवे ने यहां ओडिशा की राजधानी और राउरकेला के बीच विशेष ट्रेन चलाने की घोषणा की। आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार यहां कलिंगा स्टेडियम और राउरकेला के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में 13 से 29 जनवरी तक होने वाले एफआईएच हॉकी पुरुष विश्व कप के दौरान लोगों की अतिरिक्त आवाजाही को ध्यान में रखते हुए इस संदर्भ में फैसला किया गया।यात्रियों विशेषकर हॉकी प्रेमियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पूर्व तट रेलवे ने कहा कि भुवनेश्वर-राउरकेला विशेष रेल 15 से 31 जनवरी तक भुवनेश्वर से प्रत्येक सोमवार, बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार और रविवार को रात आठ बजकर 25 मिनट पर रवाना होगी। राउरकेला की तरफ से यह ट्रेन 15 से 31 जनवरी तक प्रत्येक मंगलवार, गुरुवार, शुक्रवार और रविवार रात 11 बजकर 25 मिनट पर रवना होगी। इस ट्रेन में एक एसी-टू टीयर, तीन एसी-थ्री टीयर, आठ स्लीपर, चार सेकेंड क्लास सिटिंग और दो गार्ड सह सामान डब्बे होंगे।

### कैमरोन नौरी ऑकलैंड एटीपी सेमीफाइनल में



**ऑकलैंड :** कैमरोन नौरी ने गुरूवार को यहां एएसबी क्लासिक एटीपी टूर टेनिस टूनार्मेंट के क्वार्टरफाइनल में अमेरिका के मार्कोस गिरोन को 6-1, 6-7, 6-2 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। सेंटर कोर्ट पर हुआ मैच बारिश के कारण ढाई घंटे की देरी से शुरू हुआ। दक्षिण अफ्रीका में जन्में और ऑकलैंड में बड़े हुए नौरी एटीपी टूनार्मेंट में नियमित दर्शक हुआ करते थे जिसके बाद उनका परिवार ब्रिटेन बस गया। कोर्ट पर दर्शकों ने उनका तालियों से स्वागत किया। नौरी ने कहा, टूनार्मेंट एक तरह से मेरे लिये दूसरे घर की तरह है। मैं यहां बड़ा हुआ हूं और यहां वापस आना अच्छा है। यहां खेलना बहुत विशेष है। मैं इस टूनार्मेंट का प्रशंसक था इसलिये इस कोर्ट पर खेलना शानदार है। बुधवार को शीर्ष वरीय कैस्पर रूड को दूसरे दौर में हार का सामना करना पड़ा था। अब नौरी टूनार्मेंट में एकमात्र वरीय खिलाड़ी बचे हैं।

### लगातार रन बनाने के बाद भी टीम इंडिया में क्यों नहीं आ पा रहे पृथ्वी शॉ ?



**नई दिल्ली :** पृथ्वी शॉ ने मैच में 383 गेंदों पर ताबड़तोड़ पारी खेलते हुए 379 रन बनाए। अपनी इस पारी में इस ओपनर ने 4 छक्के और 49 चौके जमाए। उनका स्ट्राइक रेट भी 98.96 का रहा. इस पारी के बाद से ही सोशल मीडिया पर पृथ्वी शॉ ट्रेंड में आ गए हैं। भारतीय टीम से लगातार बाहर चल रहे स्टार युवा ओपनर पृथ्वी शॉ सुर्खियों में बने हुए हैं। 23 साल के पृथ्वी शॉ ने रणजी ट्रॉफी 2022-23 सीजन में बड़ा रिकॉर्ड बनाया है। मुंबई के लिए खेलते हुए पृथ्वी शॉ ने असम के खिलाफ 379 रनों की पारी खेलकर बीसीसीआई सेलेक्टर्स को भी मुंहतोड़ जवाब दिया है।

**विश्व-कप** आज यहां कलिंगा स्टेडियम में अर्जेंटीना और दक्षिण अफ्रीका के बीच मुकाबले के साथ होगा शुरूआत

# भुवनेश्वर में शुरू होगा हॉकी का महाकुंभ

- पाकिस्तान ने सबसे ज्यादा बार विश्व कप के खिताब जीते हैं
- अगर भारत अपने पूल में शीर्ष पर रहता है तो वह सीधा क्वार्टरफाइनल के लिये क्वालीफाई करेगा



**एजेंसियां**

**भुवनेश्वर:** हॉकी जगत के शीर्ष आयोजन एफआईएच ओडिशा पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 का आगाज शुक्रवार को यहां कलिंगा स्टेडियम में अर्जेंटीना और दक्षिण अफ्रीका के बीच मुकाबले के साथ होगा। भारत चौथी बार और लगातार दूसरी बार इस टूर्नामेंट का आयोजन कर रहा है।

साल 2018 में जब 16 टीमें भुवनेश्वर में खिताब के लिये भिड़ी थीं तब बेल्जियम और नीदरलैंड ने सभी चुनौतियों को पार करते हुए फाइनल में जगह बनायी थी, जबकि बेल्जियम ने खिताबी मुकाबला जीतकर विश्व कप अपने नाम किया था। इस बार विश्व कप में मेज़बान भारत, वेल्स, इंग्लैंड, स्पेन, दक्षिण अफ्रीका, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, चिली, मलेशिया, जर्मनी, न्यूजीलैंड, कोरिया, जापान, गत उपविजेता नीदरलैंड और गत विजेता बेल्जियम सहित 16 टीमें हिस्सा ले रही हैं। पाकिस्तान ने सबसे ज्यादा बार विश्व कप के खिताब जीते हैं, हालांकि इस बार टूर्नामेंट के लिये क्वालीफाई नहीं कर सका। ऑस्ट्रेलिया और नीदरलैंड दो-दो बार विश्व चैंपियन बने हैं, जबकि जर्मनी ने दो बार ट्रॉफी उठाई है। भारत और गत चैंपियन बेल्जियम ने सिर्फ एक-एक बार विश्व कप जीता है। भुवनेश्वर का कलिंगा स्टेडियम एक बार फिर विश्व कप मुकाबलों का साक्षी बनेगा। ओडिशा के सबसे पुराने अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम की नींव तत्कालीन मुख्यमंत्री बीजू पटनायक ने 1978 में रखी थी और यह 16,000 लोगों की क्षमता रखता है।

विश्व कप 2023 के क्वार्टरफाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले इस ऐतिहासिक स्टेडियम में ही खेले जायेंगे। मेज़बान ओडिशा ने विश्व कप के लिये कलिंगा स्टेडियम के अलावा राउरकेला में बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम भी तैयार किया है। एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 के प्रारूप के अनुसार अगर भारत अपने पूल में शीर्ष पर रहता है तो वह सीधा क्वार्टरफाइनल के लिये क्वालीफाई करेगा। यदि भारत दूसरे या तीसरे स्थान पर रहता है तो उसे पूल-सी की किसी टीम के खिलाफ 'क्रॉसओवर' मुकाबला जीतकर क्वार्टरफाइनल में जगह बनानी होगी। इस टूर्नामेंट के दौरान भारतीय हॉकी प्रेमियों की निगाहें कप्तान और ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत पर टिकी होंगी। हरमनप्रीत राष्ट्रमंडल खेलों में भारत के लिये सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी रहे थे और यहां भी उनकी ड्रैग फ्लिक से भारत को कई उम्मीदें होंगी। हरमनप्रीत के अलावा गोलकीपर पीआर श्रीजेश भी भारत के लिये महत्वपूर्ण होंगे। टोक्यो ओलंपिक में भारत की कांस्य पदक जीत में श्रीजेश ने अहम भूमिका निभाई थी और अपने चौथे विश्व कप में वह उस कारनामे को दोहराकर भारत को जिताने के इच्छुक होंगे। विश्व कप 2018 में भारत छठे स्थान पर रहा था। हरमनप्रीत की टीम इस बार तस्वीर बदलकर दूसरी बार विश्व चैंपियन बनना चाहेगी।

### बिरसा मुंडा के नाम पर बनाया गया यह मैदान दुनिया का सबसे बड़ा फील्ड हॉकी स्टेडियम हैं

प्रसिद्ध आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा के नाम पर बनाया गया यह मैदान दुनिया का सबसे बड़ा फील्ड हॉकी स्टेडियम है। आधिकारिक रूप से एक सप्ताह पहले खुले इस स्टेडियम के निर्माण में कुल 260 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं और इसमें 20,000 लोग बैठकर हॉकी का आनंद ले सकते हैं। भारत अपने हॉकी विश्व कप अभियान की शुरुआत इसी स्टेडियम में शुक्रवार को शाम सात बजे स्पेन के खिलाफ करेगा। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया और फ्रांस अपराह्न तीन बजे के मुकाबले में आमने-सामने होंगे, जबकि दिन का तीसरा मुकाबला इंग्लैंड और वेल्स के बीच शाम पांच बजे होगा। भारत और स्पेन इससे पूर्व 30 मैचों में आमने-सामने आये हैं। भारत ने इसमें से 13 मुकाबले जीते हैं, जबकि 11 मुकाबले स्पेन के पक्ष में गये हैं। छह मुकाबले ड्रॉ रहे हैं। एफआईएच हॉकी प्रो लीग में पिछले साल दोनों देश दो बार आमने-सामने आये जिसमें एक मुकाबला ड्रॉ रहा जबकि दूसरा स्पेन ने एक गोल के अंतर से जीता। टोक्यो ओलंपिक 2020 में हालांकि भारत ने स्पेन को 3-0 से परास्त किया था। भारत को ग्रुप-डी में स्पेन के बाद इंग्लैंड (15 जनवरी) और वेल्स (19 जनवरी) का सामना करना है। भारत ने पिछले साल जुलाई-अगस्त में हुए बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में इंग्लैंड के साथ 4-4 से ड्रॉ खेला था, जबकि वेल्स को उसने 4-1 से मात दी थी। घरेलू परिस्थितियों में भारत अपने पूल की सभी टीमों से मजबूत है और वह तीनों मुकाबले जीतकर पूल-डी में शीर्ष पर रहना चाहेगी।

तालिबान के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया ने खोला मोर्चा

# रद्द की दोनों देशों के बीच खेली जाने वाली सीरीज

**एजेंसियां**

**सिडनी:** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम ने संयुक्त अरब अमीरात में अफगानिस्तान के खिलाफ अपनी तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला रद्द करने का फैसला किया है। इस सीरीज को रद्द करने के पीछे कारण है हाल ही में महिलाओं को लेकर तालिबान का नया फरमान। तालिबान ने महिलाओं की शिक्षा को रोक दिया है और नौकरी करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसी के विरोध में अफगानिस्तान की महिलाओं के अधिकारों को



समर्थन देने के लिए ऑस्ट्रेलिया ने अफगानिस्तान के साथ अपनी मैच सीरीज को रद्द कर दिया है। तालिबान के इस फैसले से इस्लामिक देश भी नाराज है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने महिलाओं और लड़कियों की शिक्षा और रोजगार पर प्रतिबंधों के बारे में तालिबान की नवीनतम घोषणा के बाद यह सीरीज रद्द करने फैसला किया है। श्रृंखला मार्च के अंत में खेलने के लिए निर्धारित थी। क्ळउ डउ्क्र सुपर लीग अंक श्रृंखला में प्रस्ताव पर थे, लेकिन अब सभी 30 अंक अफगानिस्तान में जाएंगे, क्योंकि उअ ने श्रृंखला को रद्द करने का निर्णय लिया है।ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम ने संयुक्त अरब अमीरात में अफगानिस्तान के खिलाफ अपनी तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला रद्द करने का फैसला किया है।

# श्रीलंका ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया

**एजेंसियां**

**कोलकाता:** श्रीलंका के कप्तान दसुन शनाका ने भारत के खिलाफ दूसरे वनडे में गुरुवार को टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। शनाका ने टॉस के बाद कहा, ''हम पहले बल्लेबाजी करेंगे। यह पहले बल्लेबाजी करने के लिये अच्छा विकेट है, और इस मैदान के आंकड़े भी यही बताते हैं। रन बनाना, शांत रहना और अपना स्वाभाविक खेल खेलना महत्वपूर्ण है। टीम में दो बदलाव हैं, (दिलशान) मदुशंका और पथुम निसांका बाहर रहेंगे, नुवानिदु फर्नांडो पदार्पण करेंगे और लाहिरू कुमार टीम में वापस आयेंगे।'' भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा, ''मेरे मन में दोनों विचार थे। हमने पिछले मैच में जिस तरह बल्लेबाजी की उसे ध्यान में रखते हुए पहले बल्लेबाजी करना चाहता था, लेकिन मैदान को देखते हुए पहले गेंदबाजी करने का विचार था। कुल मिलाकर हमें एक टीम के रूप में बेहतर होना है। जो हम पहले कर चुके हैं वह अतीत है। अब हमें





आगे देखना है और बेहतर करना है।'' ईडन गार्डन पर अपना पहला दोहरा शतक जड़ने वाले रोहित ने कहा, ''मुझे यहां खेलना पसंद है। दर्शक हमेशा ऊर्जा से भरे रहते हैं जिससे मुझे संबल मिलता है। वह हालांकि बीत चुका है और मुझे नयी शुरुआत करनी है। टीम में एक बदलाव है। पिछले मैच में फील्डिंग करते हुए चहल को चोट लगी थी और वह अभी फिट नहीं हुए हैं, इसलिये कुलदीप यादव टीम में आये हैं।''

# उर्वशी रौतेला को देख लगे ऋषभ पंत के नारे



**एजेंसियां**

**मुंबई:** उर्वशी रौतेला फिर ट्रोल हो रही हैं। प्रमोशनल इवेंट में वे जैसे ही स्टेज पर आती हैं, लोग ऋषभ पंत चिल्लाने लगते हैं। लोगों के जोर- जोर से पंत- पंत चिल्लाने की वजह से उर्वशी अपनी स्पीच देते हुए बार-बार रुक जाती हैं। उर्वशी अपनी स्पीच दे रही हैं और लोग ऋषभ के नारे लगाना बंद नहीं कर रहे हैं।एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला फिर सुर्खियों में हैं। वजह फिर वही हैं ऋषभ पंत। उर्वशी रौतेला इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म Waltair Veerayaa के प्रमोशन में बिजी इसके लिए वे विशाखापट्टनम गई थीं। प्रमोशनल इवेंट का एक्ट्रेस ने वीडियो शेयर किया है जिसमें साफ सुना जा सकता है कैसे इवेंट में एक्ट्रेस को देख लोगों को उर्वशी को देख लोग चिल्लाने लगे ऋषभ पंत का नाम। उर्वशी रौतेला जैसे ही स्टेज पर आती हैं, वहां मौजूद लोग ऋषभ पंत चिल्लाने लगते हैं। लोगों के जोर- जोर से पंत- पंत चिल्लाने की वजह से उर्वशी रौतेला अपनी स्पीच देते हुए बार-बार रुक जाती हैं। उर्वशी अपनी स्पीच दे रही हैं और पीछे से लोग ऋषभ के नारे लगाना बंदनहीं कर रहे हैं। फिर भी एक्ट्रेस को जो कहना होता है वे शोर के बीच अपनी बात कहती हैं। वीडियो में देखा जा सकता है उर्वशी मेगा स्टार चिरंजीवी की तारीफों के पुल बांध रही हैं।

वैसे उर्वशी को देखकर लोगों का ऋषभ पंत के नारे लगाना नई बात नहीं है। पहले भी एक्ट्रेस के साथ ऐसा हो चुका है। बाद में उर्वशी रौतेला ने इंस्टा स्टोरी शेयर कर इसपर नाराजगी भी जताई थी। उर्वशी रौतेला के सामने लोग क्रिकेटर का नाम लेने से नहीं चूकते हैं। एक्ट्रेस ने वीडियो के कैप्शन में लिखा- यही वो प्यार है जो मुझे आगे लेकर जा रहा है। उर्वशी के इस वीडियो पर लोगों के मजेदार रिएक्शन आ रहे हैं। एक यूजर ने लिखा- मुझे क्यों ऋषभ-ऋषभ सुनने आ रहा है। दूसरा कहता है- भीड़ ऋषभ पंत के नारे लगा रही है। वैसे ट्रोलिंग से इतर एक्ट्रेस प्रमोशनल इवेंट में रेड साड़ी पहनकर पहुंचीं। इस आउटफिट में वे वे स्टनिंग लगीं। रिलीज हो रही है। फिल्म में चिरंजीवी, रवि तेजा और श्रुति हासन लीड रोल में हैं। फिल्म में उर्वशी रौतेला का आइटम सॉन्ग है जिसे लोगों ने काफी पसंद भी किया।इस गाने में उर्वशी रौतेला मेगा स्टार चिरंजीवी संग थिरकती नजर आ रही हैं। उर्वशी रौतेला ने इस गाने में शानदार डांस किया है। एक्ट्रेस अपने काम से कम और ऋषभ पंत की वजह से ज्यादा लाइमलाइट में रहती हैं। वैसे क्रिकेटर अभी मुंबई के अस्पताल में एडमिट हैं। बीते दिनों उनका एक्सीडेंट हुआ था।

## 'शहजादा' बनकर फैमिली को बचाते दिखे कार्तिक आर्यन, एक्शन-कॉमेडी से भरपूर है ट्रेलर



**एजेंसियां**

**मुंबई:** फिल्म के टाइटल से पता चल रहा है कि 'शहजादा' में कार्तिक आर्यन प्रिंस की भूमिका में दिख सकते हैं। वहीं अब ट्रेलर रिलीज होने के बाद ये बात कंफर्म हो गई कि फिल्म में कार्तिक एक रॉयल फैमिली के शहजादे के रोल में दिखेंगे। फिल्म के ट्रेलर में कार्तिक एक्शन और कॉमेडी करते नजर आए।इन दिनों कार्तिक आर्यन अपनी अपकमिंग फिल्म ह्यशहजादाह्न को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। कार्तिक लगातार सोशल मीडिया पर 'शहजादा' का प्रमोशन करते देखे जाते हैं। कार्तिक ने 11 जनवरी को ट्रेलर रिलीज होने की गुड न्यूज भी शेयर की थी। इंतजार खत्म हुआ। कार्तिक की फिल्म 'शहजादा' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। फिल्म के टाइटल से अंदाजा लग रहा था कि 'शहजादा' में कार्तिक आर्यन प्रिंस की भूमिका में दिख सकते हैं। वहीं अब ट्रेलर रिलीज होने के बाद ये बात कंफर्म हो कि फिल्म में कार्तिक एक रॉयल फैमिली के शहजादे के रोल में नजर आने वाले हैं। ट्रेलर में कार्तिक के एक नहीं, बल्कि कई शेड्स देखने को मिले। कभी उन्हें फैम ली के लिए लड़ते देखा गया, कभी वो कॉमेडी करते दिख रहे हैं, तो वहीं किसी टाइम पर कार्तिक, कृति सेनन संग फ्लर्ट करते नजर आए।

फिल्म में कार्तिक जिंदल परिवार के शाहजादे (रणदीप) बनकर एक्शन और कॉमेडी करके एंटरटेन करने वाले हैं। 'शहजादा' का ट्रेलर कॉमेडी, एक्शन और दामदार डायलॉग्स से भरपूर है। जैसे ट्रेलर की शुरूआत में कार्तिक कहते हैं, जब बात फैमिली पर आए, तो डिसकशन नहीं करते, सीधा एक्शन करते हैं।

## शादी के बाद राखी सावंत ने अपनाया इस्लाम, बदलकर रखा अपना ये नाम



**एजेंसियां**

**मुंबई:** बॉलीवुड की विवादित हस्ती राखी सावंत ने अपने लॉन्ग टाइम ब्वॉयफ्रेंड आदिल खान दुरार्नी के साथ एक लो-की कोर्ट मैरिज की। 11 जनवरी को सोशल मीडिया पर उनके निजी विवाह समारोह की तस्वीरें व्यापक रूप से साझा किए जाने के बाद युगल की शादी की खबरें तेजी से फैलने लगीं।

राखी सावंत और आदिल दुरार्नी की तथाकथित गुपचुप कोर्ट मैरिज की तस्वीरें इंटरनेट पर वायरल हो गईं। तस्वीरें वायरल होने के बाद अब राखी सावंत ने भी शादी की बात को कंफर्म कर दिया है और बताया है कि दोनों ने साल 2022 में शादी की थी। राखी सावंत ने शादी के बाद इस्लाम भी कबूल किया है। मीडिया रिपोर्टों ने सुझाव दिया कि राखी और आदिल ने मीडिया और सार्वजनिक चकाचौंध से दूरअदालत में शादी की थी लेकिन जिस बात ने हमारा ध्यान खींचा वह यह है कि स्टार ने अपना नाम भी बदल लिया है। लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड आदिल खान दुरार्नी के साथ निकाह के दौरान राखी सावंत ने अपना नाम भी बदल लिया है। टेली टॉक द्वारा प्राप्त अनन्य विवाह प्रमाण पत्र के अनुसार, राखी अब राखी सावंत फातिमा है। हालाँकि, 11 जनवरी पहले, आदिल खान के साथ दुल्हन के लिबास में राखी की एक तस्वीर वायरल हुई थी। दोनों को एक विवाह प्रमाणपत्र के साथ देखा जा सकता है, आगे अभिनेत्री ने पुष्टि की कि ऐसा लगता है कि वे शादी के बंधन में बंध गए हैं। उसने उसी पर अपनी चुप्पी तोड़ी है और रियलिटी टीवी स्टार ने पुष्टि की है कि वह वास्तव में एक विवाहित महिला है और यहां तक कि इसे साबित करने के लिए रसीदें भी हैं, जिसमें विवाह प्रमाण पत्र भी शामिल है। ब्वॉयफ्रेंड आदिल से शादी की बात करते-करते वह फूट-फूट कर रो पड़ीं। इसके विपरीत, राखी सावंत और आदिल दुरार्नी पिछले कुछ समय से सुर्खियों में हैं। रितेश से अलग होने के बाद राखी ने खुलासा किया कि वह फिर से प्यार में हैं। पॅप्स से बात करते हुए राखी ने आदिल को दुनिया से मिलवाने के लिए वीडियो कॉल किया। इसके बाद से दोनों को कई बार साथ में स्पॉट किया गया है।

# पठान का ट्रेलर रिलीज होने के बाद पहली बार दिखे शाहरुख खान

**एजेंसियां**

**मुंबई:** शाहरुख खान इन दिनों अपनी फिल्म पठान को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। अभी हाल ही में शाहरुख खान की फिल्म पठान का ट्रेलर रिलीज हुआ है, जिसे फैंस काफी पसंद कर रहे है। इस फिल्म के ट्रेलर के सामने आने के बाद अब फैंस को फिल्म रिलीज होने का इंतजार है।

लेकिन इसी हीच शाहरुख खान लोगों के बीच आ गए। शाहरुख खान की नई





तस्वीरें सामने आई हैं। इन तस्वीरों में शाहरुख खान एकदम अलग ही लुक में दिखाई दे रहे है। तो चलिए देखते है शाहरुक खान की ये ास्वीरें।शाहरुख खान अभी हाल ऑटो एक्सपो शो-2023 में दिखाई दिए है। शाहरुख खान की ये तस्वीरें आते ही सोशल मीडिया पर छा गई।

**शाहरुख खान ने दिया आईकॉनिक पोज**

इस तस्वीर में शाहरुख खान अपना आईकॉनिक पोज देते हुए दिखाई दिए। शाहरुख खान की तस्वीर को फैंस ने काफी पसंद किया।

## प्रदेश >> अपडेट

**श्रीनगर में पटाखे फोड़ने के आरोप में छह गिरफ्तार**

**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने श्रीनगर के जूनिमार इलाके में पटाखे फोड़ने और निवासियों में दहशत पैदा करने के आरोप में छह लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बुधवार को कहा कि गिरफ्तार किए गए लोगों का अतीत में पत्थरबाजी में शामिल होने का इतिहास रहा है। मामले में आगे की जांच की जा रही है। इसके बाद के एक ट्वीट में कहा गया शुरुआत में पांच को ,एक को बाद में अब तक छह को हिरासत में लिया गया है।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

**गैस सिलिंडर फटने से छह सदस्यों की मौत**

**पानीपत :** हरियाणा में पानीपत के बिचपड़ी चौक इलाके में गुरुवार सुबह खाना बनाते समय रसोई में गैस सिलिंडर फटने से लगी आग की चपेट में आकर पति-पत्नी और उनके चार बच्चों की जिंदा जलने से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार राधा फैक्ट्री वाली गली नंबर- 4 में जयभगवान के मकान के ऊपरी मंजिल में पश्चिम जिला उत्तर दिनादपुर, ग्राम गैंबल, पश्चिम बंगाल निवासी अब्दुल करीम उम्र (45 साल) और अपनी पत्नी अफरूजा (40 साल) अपनी 20 साल व 17 साल की बेटियों तथा 12 साल व 10 साल के बेटों के साथ किराए पर रह रहा था।

**हवाई अड्डे पर करीब 2.55 करोड़ रुपये का सोना जब्त**

**मलप्पुरम :** केरल में करीपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने गुरुवार को दो यात्रियों के पास से चार किलो 650 ग्राम सोना जब्त किया। जिसकी कीमत करीब 2.55 करोड़ रुपये आंकी गयी है। एयर कार्गो कॉम्प्लेक्स में सामान की जांच के दौरान सीमा शुल्क उपायुक्त जे. आनंदकृष्णन के नेतृत्व वाली टीम ने कुकर और एयर फ्रायर के छिपा कर रखा दो किलो 324 ग्राम सोना जब्त किया जो तस्करी करने के लिए लाया गया था। अधिकारियों ने इस मामले में कप्पड़ के इस्माइल को हिरासत में लिया।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

**मोदी ने स्वामी विवेकानंद को जयंती पर किया नमन**

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती पर उन्हें नमन किया। मोदी ने ट्वीट कर कहा,स्वामी विवेकानंद को उनकी जयंती पर सादर नमन। उनका जीवन राष्ट्रभक्ति,आध्यात्मिकता और कर्मठता के लिए सदैव प्रेरित करता है। उनके महान विचार और आदर्श देशवासियों का मार्गदर्शन करते रहेंगे। स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 को पश्चिम बंगाल के कोलकाता में हुआ था। उन्होंने अमेरिका के शिकागो में 1893 में आयोजित विश्व धर्म महासभा में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने अपने गुरु रामकृष्ण परमहंस की याद में रामकृष्ण मिशन की स्थापना की थी। उनकी जयंती को देश में राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है।

**हिंद सेवा दल की ओर से राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया**

**अजमेर :** राजस्थान के अजमेर में आज हिंद सेवा दल की ओर से महान आध्यात्मिक गुरु स्वामी विवेकानंद की 160वीं जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। अजमेर के तोपदड़ा स्कूल स्थित उद्यान पर स्वामी विवेकानंद को पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद आयोजित कार्यक्रम में दल के अध्यक्ष आर.के. महावर ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन प्रेरणादायक है और हमेशा रहेगा। उन्होंने विश्व को सनातन धर्म एवं भारतीय संस्कृति से परिचित कराने में अहम भूमिका निभाई। इतना ही नहीं युवाओं के प्रेरणास्रोत एवं मानवता के आदर्श स्वामी विवेकानंद ने सदैव इस बात का संदेश दिया कि उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक मंजिल प्राप्त न हो जाए। उन्होंने युवाओं का आह्वन किया कि वे स्वामी जी के जीवन से उनके व्यक्तित्व तथा कृत्रित्व से प्रेरणा ले और राष्ट्र निर्माण में सहयोग करें।

**सम्मेलन**

### 75वें सेना दिवस से पहले वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में कहा

# वास्तविक नियंत्रण रेखा पर स्थिति चुनौतीपूर्ण तथा अनिश्चितता से भरी : मनोज

▶▶ सैनिकों के मनोबल का भी अपना महत्व होता है

▶▶ 7450 मीटर लंबे ब्रिज बनाए गए हैं



**एजेंसियां**

**नयी दिल्ली :** सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने गुरुवार को कहा कि चीन से लगती वास्तविक नियंत्रण रेखा पर स्थिति चुनौतीपूर्ण तथा अनिश्चितताओं से भरी है लेकिन सेना किसी भी आकस्मिक स्थिति का सामना करने के लिए पूरी ताकत से तैयार है। जनरल पांडे ने गुरुवार को 75वें सेना दिवस से पहले यहां वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वास्तविक नियंत्रण रेखा पर स्थिति चुनौतीपूर्ण और अनिश्चितताओं से भरी है । उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर स्थिति स्थिर तथा नियंत्रण में है और सेना किसी भी आकस्मिक स्थिति का पूरी ताकत के साथ मुकाबला करने के लिए सक्षम तथा तैयार है। उन्होंने कहा कि पूर्वी लद्दाख में सैन्य गतिरोध को दूर करने के लिए लगातार बातचीत की जा रही है और साथ ही सेना की तैयारियों को भी पुख्ता किया जा रहा है । उन्होंने कहा कि चीन की ओर से कुछ क्षेत्रों में सैनिकों की संख्या बढ़ाई गई है लेकिन भारत भी उसके अनुरूप सभी कदम उठाते हुए हर तरह की तैयारी कर रहा है। उन्होंने कहा कि सेना ने वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चीन की ओर से यथास्थिति में एकतरफा बदलाव की कोशिशों को निरंतर विफल किया है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि कोई भी युद्ध केवल हथियारों तथा प्रौद्योगिकी के बल पर नहीं जीता जाता बल्कि प्रशिक्षण और सैनिकों के मनोबल का भी अपना महत्व होता है । एक सवाल के जवाब में जनरल पांडे ने कहा कि पिछले पांच वर्ष में उत्तरी सीमा से लगते सामरिक महत्व के क्षेत्रों में 21 सौ किलोमीटर सड़के बनाई गई है। इसके अलावा 7450 मीटर लंबे ब्रिज बनाए गए हैं। साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग और सुरंगों का जाल भी बिछाया जा रहा है । सेना प्रमुख ने कहा कि वास्तविक नियंत्रण रेखा से लगते हुए अपने क्षेत्रों में सैनिकों के लिए अत्याधुनिक चौकियां तथा अस्थाई आवास बनाए जा रहे हैं। इसके अलावा हथियारों तथा गोला बारूद को रखने के लिए भी ढांचागत सुविधाएं बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि सेना में तेजी से अत्याधुनिकीकरण किया जा रहा है और जल्द ही सेना के पास 40 प्रतिशत अत्याधुनिक तथा 35 प्रतिशत स्थिति के अनुसार प्रासंगिक हथियार होंगे । डोकलाम से लगते क्षेत्रों में चीन की गतिविधियों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि भारत चीन की गतिविधियों और कदमों पर कड़ी नजर रखे हुए हैं। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में सीमा पार से घुसपैठ में कमी आई है, लेकिन कुछ परोक्ष तंजीम सक्रिय हो रही है, उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर में विकास गतिविधियों के मद्देनजर लोग प्रशासन का साथ दे रहे हैं।

# विजय संकल्प रैली को संबोधित करने अगरतला पहुंचे नड्डा



**एजेंसियां**

**अगरतला :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा त्रिपुरा की राजधानी अगरतला में जन विश्वास यात्रा के रूप में शुरू हुई विजय संकल्प रैली के समापन समारोह में शामिल होने के लिए गुरुवार को दिल्ली से यहां पहुंचे। नड्डा का एमबीबी हवाईअड्डे पर मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा, उपमुख्यमंत्री जिष्णु देव वर्मा और अन्य वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने जोरदार स्वागत किया। इसके बाद, उन्हें एक रंगारंग रैली और बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ राज्य गेस्ट हाउस ले जाया गया। वह अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी की रणनीति को अंतिम रूप देने के लिए भाजपा कोर कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करेंगे और पार्टी-राज्य प्रभारी डॉ. महेश शर्मा के साथ पार्टी के उम्मीदवारों पर चर्चा करेंगे। नड्डा भारत-बांग्लादेश सीमा से सटे लंकामुरा इलाके में रैली को संबोधित करने से पहले शहर में एक रोड शो में शामिल होंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उत्तरी त्रिपुरा के धर्मनगर और दक्षिणी त्रिपुरा के सबरूम में गत पांच जनवरी को दो विशाल रैलियों के रूप में जन विश्वास यात्रा शुरू की थी।

# 13वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को मनाया जाएगा




**एजेंसियां**

**भोपाल :** मध्यप्रदेश में 25 जनवरी को 13वाँ राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस की तैयारियों के संबंध में बैठक में आवश्यक निर्देश दिए। राज्य स्तरीय कार्यक्रम भोपाल में कुशाभाऊ ठाकरे, इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में होगा, जिसमें राज्यपाल मंगुभाई पटेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। समारोह के दौरान नवीन मतदाताओं को इपिक कार्ड का वितरण किया जाएगा। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजेश कौल, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बसंत कुर्रे, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी प्रमोद शुक्ला सहित जिला प्रशासन भोपाल, उच्च शिक्षा और जनसंपर्क विभाग के अधिकारी शामिल हुए।

# सौ से भी ज्यादा नगरीय निकायों में जल स्रोतों का होगा कायाकल्प



**एजेंसियां**

**भोपाल :** मध्यप्रदेश के 101 नगरीय निकायों में जल प्रदाय योजनाओं का क्रियान्वयन एवं जल स्त्रोतों का कायाकल्प किया जायेगा। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि राज्य स्तरीय तकनीकी समिति ने अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन अमृत 2.0 में 1,665 करोड़ 2 लाख रूपये लागत की 101 परियोजना को स्वीकृति दी गई है। मंत्री सिंह ने बताया कि अमृत 2.0 में 76 नगरीय निकायों में 1625 करोड़ 65 लाख रूपये लागत की जल प्रदाय योजनाओं और 25 नगरीय निकायों में 39 करोड़ 37 लाख रूपये की लागत की जल-संरचनाओं का काया-कल्प किया जायेगा। उन्होंने बताया कि आगामी एक से दो वर्ष में जल संरचनाओं का काया-कल्प हो जायेगा। साथ ही दो वर्ष में जल प्रदाय परियोजनाएँ भी धरातल पर नजर आने लगेंगी। प्रदेश में घर-घर नल से जल पहुँचाने तथा जल स्त्रोतों के कायाकल्प पर तेजी से काम किया जा रहा है।

# आपदा की घड़ी में जनता एवं प्रशासन समन्वय बनाकर काम करें : धामी



**एजेंसियां**

**चमौली :** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि आपदा की घड़ी में जोशीमठ की जनता एवं प्रशासन आपस में समन्वय बनाकर कार्य करें तो इस संकट से उभर जायेंगे। धामी ने जोशीमठ संकट से उभरने और राहत बचाव कार्य तथा जीवन व्यवस्थित करने के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की है। उन्होंने सभी को आपदा की इस घड़ी में प्रशासन के साथ तालमेल बनाकर काम करने की बात कही। उन्होंने कहा कि प्रभावित लोगों की जान माल की सुरक्षा करते हुए उनके लिए आगे का रास्ता बनाना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के मकान, दुकान, व्यवसाय प्रभावित हुए है उन सभी को अंतरिम सहायता के रूप में 1.50 लाख तत्कालीन सहायता के रूप से दिए जा रहे है। अभी यह पूरा राहत पैकेज नही है। इसके लिए यहां पर समिति गठित कर दी गई है और प्रभावित लोगों को बेहतर से बेहतर राहत दी जाएगी और उनके पुनर्वास के लिए सरकार हर संभव मदद करेगी।

**मौसम**

### मैदानी इलाकों में बारिश के कारण न्यूनतम और अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई

# कश्मीर घाटी में हिमपात,न्यूनतम तापमान में गिरावट

▶▶ बांदीपोरा के पर्वतीय इलाकों में हिमपात का अवलोकन किया

▶▶ बारिश के कारण अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई



**एजेंसियां**

**श्रीनगर :** कश्मीर घाटी के पर्वतीय इलाकों में हिमपात और मैदानी इलाकों में बारिश होने के बाद गुरुवार को न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे चला गया। मौसम विभाग ने मैदानी इलाकों में हल्की बारिश, मध्यम और ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की से मध्यम बर्फबारी तथा उत्तरी कश्मीर के सोनमर्ग, कुपवाड़ा और बांदीपोरा के पर्वतीय इलाकों में हिमपात का अवलोकन किया। मौसम विभाग के अनुसार, कश्मीर और जम्मू संभाग के मैदानी इलाकों में कल शाम हल्की बारिश हुई और कुपवाड़ा, बांदीपोरा, गंदेरबल और बारामूला के पहाड़ी इलाकों में हल्की से मध्यम बर्फबारी हुई। कल यानी 13 जनवरी को कई स्थानों पर हल्की बर्फबारी/बारिश होने का अनुमान है और 14-18 जनवरी तक मौसम सामान्य रूप से शुष्क रहेगा। गुलमर्ग और सोनमर्ग सहित कश्मीर घाटी के ऊंचे इलाकों में बुधवार को हिमपात हुआ जबकि श्रीनगर सहित मैदानी इलाकों में बारिश हुई, जिसके कारण विभिन्न दूर-दराज के इलाकों से कई मुख्य सड़कों का संपर्क मार्ग अवरुद्ध हो गया। कश्मीर घाटी में हिमपात और बारिश के कारण न्यूनतम और अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में आसमान में बादल छाए रहे और न्यूनतम तापमान शून्य से 0.2 डिग्री सेल्सियस नीचे चला गया, जबकि पिछली रात न्यूनतम तापमान 3.5 डिग्री सेल्सियस था। मौसम की इस अवधि में यह सामान्य से 1.9 डिग्री ज्यादा रहा। श्रीनगर का अधिकतम तापमान भी सामान्य से 0.1 डिग्री सेल्सियस कम होकर 6.4 डिग्री सेल्सियस रहा। श्रीनगर में पिछले 24 घंटों में सुबह 08:30 बजे तक 2.8 मिलीमीटर बारिश हुई। उत्तरी कश्मीर के गुलमर्ग में गुरुवार को न्यूनतम तापमान शून्य से 5.5 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जबकि एक दिन पहले यह शून्य से 3.0 डिग्री सेल्सियस नीचे था। यहां पिछले 24 घंटों के दौरान आज सुबह 08:30 बजे तक 6.6 सेंटीमीटर बर्फबारी और 18.8 मिमी बारिश हुई। दक्षिण कश्मीर के पर्यटन स्थल पहलगाम में न्यूनतम तापमान शून्य से 1.7 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया जबकि एक दिन पहले यह शून्य से 3.2 डिग्री सेल्सियस नीचे था।

## न्यूज फटाफट

**रूस-ईरान के बीच द्विपक्षीय सहयोग और सीरिया संकट पर चर्चा**

**मॉस्को :** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी ने द्विपक्षीय सहयोग और सीरिया की स्थिति पर चर्चा की है। रूसी राष्ट्रपति कार्यालय 'क्रेमलिन' ने बुधवार को यह जानकारी दी। उसने कहा कि दोनों नेताओं ने फोन पर हुई बातचीत में ऊर्जा, परिवहन और रसद क्षेत्रों में 'परस्पर लाभकारी' परियोजनाओं के कार्यान्वयन सहित सभी क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को और विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। पुतिन और रायसी दोनों ने अस्ताना प्रक्रिया के ढांचे के भीतर किए गए संयुक्त कार्यों का स्वागत किया, जिसने सीरियाई समझौता प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। क्रेमलिन के अनुसार, दोनों राष्ट्रपतियों ने सीरिया में स्थिति को सामान्य करने और वहां की क्षेत्रीय अखंडता बहाल करने के लिए सहयोग जारी रखने के महत्व पर सहमति जतायी।

**एक लाख सरकारी कर्मचारी एक फरवरी को हड़ताल करेंगे : संघ**

**लंदन :** ब्रिटेन में कम से कम एक लाख सरकारी कर्मचारी एक फरवरी को हड़ताल करेंगे। देश में छठी सबसे बड़ी सार्वजनिक और वाणिज्यिक सेवा संघ (पीसीएस), ट्रेड यूनियन ने बुधवार को यह घोषणा की। यूनियन ने ट्वीट किया,124 सरकारी विभागों और अन्य निकायों में एक लाख सार्वजनिक और वाणिज्यिक सेवा (पीसीएस) के सदस्य एक को हड़ताल की कार्रवाई करेंगे। संघ की वेबसाइट पर एक बयान के अनुसार,यह हाल के वर्षों के सबसे बड़ी नागरिक सेवा हड़ताल होगी और वेतन, पेंशन, अतिरेक शर्तो और नौकरी की सुरक्षा पर एक महीने की हड़ताल के बाद औद्योगिक कार्रवाई में महत्वपूर्ण वृद्धि का संकेत देती है। संघ ने कहा कि हड़ताल की कार्रवाई दस प्रतिशत वेतन वृद्धि, पेंशन न्याय, नौकरी की सुरक्षा और अतिरेक की शर्तो में कोई कटौती नहीं की मांग करेगी, मुद्रास्फीति की पृष्ठभूमि के खिलाफ 11 प्रतिशत और बिगड़ती लागत-जीवन संकट की पृष्ठभूमि के खिलाफ होगी। बढ़ती मुद्रास्फीति के साथ-साथ ब्रिटेन में कर्मचारियों की हड़तालें लगातार बढ़ रही हैं,जो अक्टूबर में रिकॉर्ड11 फीसदी तक पहुंच गई थी। पूर्व प्रधान मंत्री लिज ट्रस की बढ़ती कीमतों पर अंकुश लगाने और बजट घाटे को खत्म करने में विफलता के कारण उन्हें पिछले महीने इस्तीफा देना पड़ा।

**आईएस ने काबुल में घातक बम विस्फोट का श्रेय लिया - रिपोर्ट्स**

**काबुल :** इस्लामिक स्टेट आतंकी समूह (आईएस,रूस में प्रतिबंधित) ने काबुल में अफगान विदेश मंत्रालय की इमारत के बाहर हुए घातक विस्फोट की जिम्मेदारी ली है। काबुल पुलिस कमान के प्रमुख खालिद जादरान ने बुधवार को कहा कि मंत्रालय के बाहर एक सड़क पर विस्फोट हुआ, जिसमें पांच नागरिक मारे गए। हालांकि स्पुतनिक के सूत्र ने मरने वालों की संख्या 21बताई है। इटालियन हेल्थ चैरिटी इमरजेंसी के अनुसार, 40 से अधिक लोग घायल हो गए ,जिसके अफगानिस्तान में कंट्री डायरेक्टर ने कहा कि मरने वालों की संख्या अभी भी बढ़ रही है और इमरजेंसी का सर्जिकल सेंटर चरमरा गया है। तालिबान (आतंकवाद के लिए संयुक्त राष्ट्र प्रतिबंधों के तहत) ने किसी भी समूह पर विस्फोट का आरोप नहीं लगाया लेकिन वादा किया कि जिम्मेदार लोगों को ढूंढा जाएगा और उन्हें न्याय दिलाया जाएगा। अफगानिस्तान में सत्ता संभालने के बाद से, तालिबान आईएस के स्थानीय अध्याय से जूझ रहा है, जिसे अफगानिस्तान में अधिकांश आतंकवादी हमलों और बम विस्फोटों के पीछे माना जाता है। तालिबान के अनुसार, देश में आईएस की उपस्थिति कम है और समूह को खत्म करने के लिए आंदोलन काम कर रहा है।

**पेरू में बड़ी लहरों के कारण 85 बन्दरगाह बंद एक व्यक्ति की मौत**

**लीमा :** पेरू के तट पर असामान्य रूप से बड़ी लहरों के कारण कम से कम एक व्यक्ति की जान चली गयी और करीब 85 बंदरगाहों को बंद करना पड़ा। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सिविल डिफेंस (इंडेसी) ने यह जानकारी दी। इंडेसी ने बताया कि लहरों ने दो दिनों के लिए समुद्र तट को हल्की से मजबूत तीव्रता तक सीमित कर दिया है,और पेरू के पूरे तट के साथ बंदरगाहों को निवारक उपाय के रूप में 16 जनवरी तक बंद रहना है,बंदरगाह और मछली पकड़ने की गतिविधियों के निलंबन और बंदरगाह पर जहाजों की वापसी की सिफारिश करते की गयी है। स्थानीय मीडिया ने बुधवार को बताया कि सैंटोस कैरास्को क्लाविजो (70) मंगलवार को पेरू के उत्तर-पश्चिम पिउरा क्षेत्र में मछली पकड़ने के दौरान समुद्र में लहरों की चपेट में आने से डूब गया। छोटी नाव में उनका बेटा उनके साथ था। इनकी नाव ऊंची लहरों के कारण पलट गयी। बेटा अपने पिता को किनारे पर लाने में कामयाब रहा, लेकिन उसे पुनर्जीवित करने के प्रयास विफल रहे। पिउरा में मछुआरों ने व्यक्तिगत और भौतिक क्षति की सूचना दी, जिसमें नष्ट नावें और क्षतिग्रस्त गोदी शामिल हैं। सोशल मीडिया पर वीडियो में दो मीटर ऊंची लहरें तट पर टकराती हुई और स्थानीय लोगों को डराती हुई दिख रही हैं, खासकर उत्तरी क्षेत्र से लेकर पेरू की राजधानी लीमा तक।

**यूक्रेन पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक 17 जनवरी को**

**संयुक्त राष्ट्र :** संयुक्त राष्ट्र में रूसी उप स्थायी प्रतिनिधि दमित्री पोल्यांस्की ने घोषणा की कि मॉस्को की पहल पर यूक्रेन पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक 17 जनवरी को होगी। पोलांस्की ने सोशल मीडिया टेलीग्राम पर कहा अगले सप्ताह की शुरुआत में (17 जनवरी) यूक्रेन पर सुरक्षा परिषद में क्या होगा, इसके बारे में मैं कुछ नहीं कहूंगा, हमारे विरोधियों को अभी अंधेरे में रहने दें (हालांकि हम उन्हें पहले ही आदी कर चुके हैं कि हम हमारे साथ उनकी ह्यरूस-विरोधी बैठक का जवाब किसी ऐसे विषय पर देने की कोशिश करें जो उनके लिए असुविधाजनक हो)। उन्होंने कहा कि रूस 17 जनवरी को पर डोनबास की दिसंबर की गोलाबारी पर सुरक्षा परिषद की एक अनौपचारिक बैठक भी आयोजित करेगा। पॉलांस्की ने कहा,यहां दिलचस्प वक्ता और तथ्य होंगे जैसा कि आप जानते हैं,ऐसी बैठकों में, सुरक्षा परिषद की औपचारिक बैठकों के विपरीत, हम वीडियो और फोटो सामग्री दिखा सकते हैं।

**सतना में स्कूली बच्चों ने एक साथ गाया राष्ट्र गान**

**सतना :** मध्यप्रदेश के सतना जिले में आज चालीस स्कूलों के सात हजार पांच सौ बच्चो ने एक साथ राष्ट्र गान गा कर एक कीर्तिमान स्थापित किया। भारत विकास परिषद संस्था के द्वारा युवा पर्व पर धवारी स्टेडियम में आयोजित एक सांस्कृतिक कार्यक्रम में 40 स्कूल के 7500 बच्चों ने एक साथ राष्ट्र गान गाकर लिमका बुक आफ रिकार्ड में अपना नाम दर्ज कराया है।

## आज का इतिहास

- ▶▶ 1709 : मुगल शासक बहादुर शाह प्रथम ने अपने तीसरे भाई कमबख्श को हैदराबाद में हराया।
- ▶▶ 1818 : उदयपुर के राणा ने मेवाड के संरक्षण के लिये ब्रिटेन से समझौता किया।
- ▶▶ 1889 : असम के युवाओं ने अपनी साहित्यिक पत्रिका ह्यजोनाकी का प्रकाशन शुरू किया।
- ▶▶ 1915 : इटली के आवेजानो शहर में आये विनाशकारी भूकंप से 30 हजार लोगों की मौत।
- ▶▶ 1948 : राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने हिन्दू-मुस्लिम एकता बनाये रखने के लिये आमरण अनशन शुरू किया।
- ▶▶ 1963 : सैन्य विद्रोह में टोगो गणराज्य के राष्ट्रपति स्यलवानुस ओलयम्पिओ की हत्या।
- ▶▶ 2004 : ब्रिटेन के सबसे कुख्यात सीरियल किलर डाक्टर हेराल्ड शिपमैन को जेल में मृत पाया गया।
- ▶▶ 2005 : ब्रिटेन की पूर्व प्रधानमंत्री मार्गेट थैचर के बेटे मार्क थैचर को विक्टोरिअल गुएना में विद्रोह भड़काने के आरोप में दोषी पाया गया।
- ▶▶ 2010 : अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संकट के कारण जर्मनी की अर्थव्यवस्था में साल 2009 के दौरान 5% की गिरावट दर्ज की गई। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से यह सबसे बड़ी गिरावट है।
- ▶▶ 2012 : इटली के समुद्र तट पर एक यात्री जहाज कोस्टा कॉनकार्डिया डूब गया,4232 यात्री और चालक दल में से 15 लोगों की मौत हो गयी और कुछ लोग अभी भी लापता हैं।
- ▶▶ 1976 : भारत के प्रसिद्ध तबला वादक अहमद जान थिरकवा का निधन ।
- ▶▶ 1964 : प्रसिद्ध शायर शौक बहराइची का निधन ।

राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र
प्रथम पृष्ठ 2
रांची शुक्रवार 12
web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rastriyakhabar.com
13 :01: 2023

## सात अधिवक्ताओं पर कार्रवाई की तैयारी

रांची :स्टेट बार काउंसिल के आह्वान पर 6 जनवरी से राज्य के अधिवक्ताओं की चली आ रही कार्य बहिष्कार के दौरान न्यायिक कार्य में शामिल होने वाले अधिवक्ताओं पर कार्रवाई की तैयारी हो रही है। इसी की कड़ी में स्टेट बार काउंसिल ने सचिव, एडवोकेट एसोसिएशन झारखंड हाई कोर्ट से 7 अधिवक्ताओं के कोर्ट में उपस्थिति के संबंध में जानकारी मांगी है। काउंसिल ने एसोसिएशन से कहा है कि और भी जो लोग कार्य बहिष्कार के दौरान कोर्ट की कार्रवाई में हिस्सा ले रहे हैं उनके बारे में जानकारी दी जाए। काउंसिल ने अनुशासनात्मक प्रोसिडिंग चलाने के लिए 7 अधिवक्ताओं के बारे में एसोसिएशन से जानकारी मांगी है।

**कार्यक्रम** उपायुक्त राहुल कुमार सिंहा ने सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ को किया रवाना

# लोगों को जागरूक करने का अच्छा माध्यमः उपायुक्त

▶▶ जागरूकता रथ के माध्यम से सड़क सुरक्षा यातायात नियमों की दी जायेगी जानकारी

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** गुरूवार को सड़क सुरक्षा सप्ताह अंतर्गत रांची समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ रवाना किया गया। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल, जिला परिवहन पदाधिकारी प्रवीण कुमार प्रकाश, अपर समाहर्त्ता राजेश बरवार, पंचायती राज पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार चौबे ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को रवाना किया। रथ के माध्यम से आम जनों को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों की जानकारी और पालन के प्रति जागरूक किया जायेगा।उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने बताया कि भारत सरकार के निदेर्शानुसार 11-17 जनवरी 2023 तक सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। इसके आलोक में जागरूकता हेतु प्रतिदिन सड़क सुरक्षा समिति द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।उपायुक्त ने कहा कि शहरों के विकास, बढ़ती जनसंख्या के साथ-साथ वाहनों की संख्या में भी दिन-ब-दिन बढ़ोतरी हो रही है। इससे सड़क हादसे भी हो रहे हैं और लोगों की जान भी जा रही है। इसके लिए जरूरी है कि वाहन चालकों और सड़क पर चलने वाले लोगों को ट्रैफिक से संबंधित नियम एवं कानून की जानकारी हो, लोगों को जागरूक करने के लिए जागरूकता रथ अच्छा माध्यम है।

मीडिया से बात करते हुए उपायुक्त श्री राहुल कुमार सिन्हा ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा भी कई कानून बनाए गए हैं। जैसे हिट एंड रन के मामले में 200000 का मुआवजा का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि बहुत सारे लोगों को यह जानकारी नहीं है कि इस प्रकार की दुर्घटना होने पर किस तरह से आवेदन करना है और कैसे लाभ प्राप्त करना है, जागरूकता रथ के माध्यम से लोगों को इससे संबंधित जानकारी भी दी जायेगी। उपायुक्त ने बताया कि सड़क दुर्घटना में कमी लाने और दुर्घटना से प्रभावित लोगों को समय पर चिकित्सा लाभ मिले इसके लिए नए नियम और रिलैक्सेशन भी दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि गोल्डन ऑवर में (सड़क दुर्घटना के बाद 1 घंटे का समय) सड़क दुर्घटना में प्रभावित व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति से किसी तरह की पूछताछ नहीं होती है, साथ ही गोल्डन ऑवर में अस्पताल पहुंचाने वालों को ?2000 भी दिये जाने का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि अस्पताल का कर्तव्य होता है कि वह मरीज की जान बचाएं। उपायुक्त ने कहा कि इसके लिए सभी स्टेकहोल्डर (पुलिस- प्रशासनिक पदाधिकारी और हॉस्पिटल) को जागरूक होने की जरूरत है। मानवीय आधार पर भी सड़क दुर्घटना में प्रभावित व्यक्ति को सहायता पहुंचाना हमारा कर्तव्य है। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने कहा कि जागरूकता रथ पूरे शहर में चलाया जाएगा। हमें उम्मीद है कि सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान यातायात एवं सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों की जानकारी मिलने से लोगों को लाभ होगा, सड़क दुर्घटना को रोकने में हम कामयाब होंगे।वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने कहा कि गोल्डन ऑवर में सड़क दुर्घटना में प्रभावित व्यक्ति की मदद करने वाले व्यक्ति को किसी तरह की परेशानी ना हो, इससे संबंधित सभी थानों को सूचना दी गई है। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति लोग अपनी जिम्मेदारी समझें, नियम कानून का पालन करें ताकि सड़क हादसों में कमी आये।

## स्वामी विवेकानंद की जयंती पर परिचर्चा आयोजित



राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** झारखंड छात्र परिषद के द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती समारोह के उपलक्ष्य में परिचर्चा का आयोजन ज्योति पब्लिक स्कूल बड़ा तालाब रांची में किया गया । परिचर्चा में मुख्य रूप से झारखंड छात्र परिषद के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा , अशोक पुरोहित , कैलाश केसरी , उपेंद्र रजक , लंकेश सिंह , गोपाल पारीक , राहुल सिन्हा चंकी उपस्थित थे। इस अवसर पर झारखंड छात्र परिषद के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा मुख्यरूप से उपस्थित थे। मिश्रा ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिछाया पे पुष्प अर्पित किया । मिश्रा ने झारखंड छात्र परिषद के सदस्यों से स्वामी विवेकानंद जी के विचारों को जन जन तक पहुँचाए एवं उनके बताए मार्ग पर चले। झारखंड छात्र परिषद ने कार्यक्रम के दौरान सर्व सहमति से केंद्र सरकार से स्वामी विवेकानंद जी की जीवनी को पाठ्यक्रम में जोड़ने की मांग की एवं कहा कि देश को जानना है को स्वामी जी की जीवनी को जानना जरूरी है। परिचर्चा में पीयूष आनंद , ज्योति शंकर साहू , टिंकू महतो , नवनीत पांडेय , सत्येंद्र पासवान , शाहिल कुमार ने स्वामी विवेकानंद जी के जीवनी पर प्रकाश डाला एवं उनके द्वारा किये गए संघर्षो के बारे मे बताया। परिचर्चा के पश्चात सैकड़ो की संख्या में झारखंड छात्र परिषद के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य ने पदयात्रा कर स्वामी विवेकानंद सरोवर पहुंचे एवं उनके मूर्ति पर माला चढ़ाकर पुष्प अर्पित किया।

इस अवसर पर इंदर सिंह , गोपाल पारीक , सुनील रंजन सहाय , सोनू भारद्वाज , विक्की शर्मा , पंचम महतो , अमित कुमार केसरी , अमरदीप साहू , कमलेश दुबे , श्रवण कुमार , पिंटू तिवारी , कैलाश सहित सैकड़ों पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल थे ।

लगातार दूसरे दिन सर्च अभियान में आईईडी ब्लास्ट

# तीन जवान घायल



राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** चाईबासा जिले के टोंटो थाना क्षेत्र स्थित तुम्बाहाका में आईईडी के चपेट में आने से तीन जवान घायल हो गये। घायल जवान अमरेश सिंह,सौरव कुमार और संतोष सिंह कोबरा बटालियन के बताए जा रहे हैं।

कई दिनों से चाईबासा पुलिस, सीआरपीएफ, कोबरा बटालियन इलाके में सर्च ऑपरेशन चला रही थी। इसी दौरान आईईडी की चपेट में आए। दोनों घायल जवानों को एयरलिप्ट कर रांची लाया गया है। नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे सर्च अभियान के दौरान अचानक आईईडी ब्लास्ट होने से यह हादसा हुआ। घायल जवान को तुरंत एयर लिफ्ट कर रांची लाया गया है। पूर्वी सिंहभूम के चाईबासा जिले के टोंटो थाना क्षेत्र स्थित तुम्बाहाका में बुधवार को भी 6 कोबरा के जवान आईईडी की चपेट में आ गये थे। आनन फानन में उसे एयरलिप्ट कर रांची लाया गया। इस दौरान मिसिर बेसरा दस्ते के साथ सुरक्षाबलो की मुठभेड़ भी हुई थी। नक्सलियों ने अपने इलाके को सुरक्षित करने के लिए जंगल में कई जगहों पर आईईडी लगा रखा है। नक्सली खुद को घिरता देख जंगल में कई जगहों पर आईईडी लगाए हैं। सुरक्षा में तैनात जवान फूंक- फूंक कर कदम रख रहे हैं।

## एडवोकेट एसोसिएशन को भेजे हुए पत्र पर हाईकोर्ट की रोक

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** झारखंड हाईकोर्ट ने स्टेट बार कौंसिल द्वारा 7 अधिवक्ताओं के संबंध में जारी पत्र पर रोक लगा दी है। काउंसिल के इस पत्र को हाईकोर्ट में कंटेम्प्ट सिविल बनाकर चैलेंज किया गया। इसमें बार काउंसिल के अध्यक्ष राजेंद्र कृष्णा को पार्टी बनाते हुए कंटेम्प्ट सिविल दायर किया गया है। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति आनंद सेन की कोर्ट ने 7 अधिवक्ताओं के कार्य बहिष्कार के दौरान कोर्ट में उपस्थिति के संबंध में काउंसिल द्वारा एडवोकेट एसोसिएशन को जारी पत्र पर रोक लगाते हुए अवमानना का मामला चलाने के लिए इसे हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस या अन्य सक्षम बेंच को ट्रांसफर करने का आदेश दिया। वरीय अधिवक्ता अनिल कुमार सिन्हा की ओर से काउंसिल के नोटिस को चुनौती देते हुए कंटेम्प्ट चलाने के लिए आवेदन दायर किया गया। जिसे कोर्ट ने मंजूर कर लिया और उसे सक्षम बेंच के पास लिस्टिंग के लिए भेजने का आदेश दिया। वरीय अधिवक्ता अनिल कुमार सिन्हा की ओर से कहा गया था कि काउंसिल का नोटिस



इलीगल है। सुप्रीम कोर्ट ने भी वर्ष 2018 के आदेश में कहा है कि स्ट्राइक और अवमानना है।

ज्ञात हो कि इससे पहले स्टेट बार काउंसिल ने सचिव, एडवोकेट एसोसिएशन झारखंड हाई कोर्ट से 7 अधिवक्ताओं के कोर्ट में उपस्थिति के संबंध में जानकारी मांगी थी। काउंसिल ने अनुशासनात्मक प्रोसिडिंग चलाने के लिए जिन 7 अधिवक्ताओं के बारे में एसोसिएशन से जानकारी मांगी है, उनमें पूर्व महाधिवक्ता अनिल कुमार सिन्हा, स्टेट बार काउंसिल के सदस्य निलेश कुमार, अपर महाधिवक्ता आशुतोष आनंद, अधिवक्ता मनोज कुमार मिश्रा,, एनके गंझू, जितेंद्र कुमार, शैलेंद्र कुमार शामिल है।

बता दें कि कोर्ट फी संशोधन विधेयक की वापसी, अधिवक्ताओं के कल्याण के लिए बजट में राशि निर्धारित, एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने आदि की मांग को लेकर राज्य के अधिवक्ता 6 जनवरी से न्यायिक कार्य से दूर है।

## गेल इंडिया में एसटी-एससी उद्यमियों की भागीदारी बढ़ाने को लेकर कार्यक्रम आयोजित

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** नेशनल एससी एसटी हब, एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार के रांची कार्यालय के तत्वावधान में एक दिवसीय स्पेशल वेंडर डेवलपमेंट कार्यक्रम का आयोजन गेल इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में जेसिया भवन, रांची में किया गया । कार्यक्रम में मुख्य रूप से नेशनल एससी एसटी हब के राज्य प्रमुख किरण मारिया तिरु, एमएसएमई विकास संस्थान, रांची से गौरव, टिक्की के झारखंड चैप्टर से रणदीप मुंडा एवं गेल इंडिया से महाप्रबंधक एस दासगुप्ता शामिल हुए । कार्यक्रम का उद्देश्य भारत सरकार के उपक्रम गेल इंडिया लिमिटेड में पब्लिक प्रोक्योरमेंट पॉलिसी के तहत एसटी - एससी उद्यमियों की भागीदारी को बढ़ाना था । कार्यक्रम में काफी संख्या में एसटी एससी उद्यमी गण शामिल हुए । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथि के रूप में गैल इंडिया के महाप्रबंधक एस दासगुप्ता ने कहा कि गेल इंडिया भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण इकाई है और हम भारत सरकार, एमएसएमई मंत्रालय की योजना पब्लिक प्रोक्योरमेंट पॉलिसी में एसटी - एससी समुदाय के उद्यमियों को अवसर देने के लिए तत्पर हैं परंतु एसटी एससी उद्यमीगण गेल इंडिया तक नहीं पहुंच पा रहे हैं । इस कार्यक्रम का उद्देश्य गेल इंडिया को एससी- एसटी उद्यमियों से जोड़ना भी है उन्होंने बताया कि गैल इंडिया लिमिटेड में भी एसटी एससी के लिए आरक्षित 4% का लक्ष्य पूरा नहीं हो पा रहा है । उन्होंने गैल इंडिया से जुड़ने के लिए उद्यमियों से अनुरोध भी किया एवं अपनी प्रोक्योरमेंट पॉलिसी को विस्तार पूर्वक बताते हुए बिजनेस व्यापार के क्षेत्र में आने के लिए प्रेरित भी किया। वहीं, उन्होंने जीईएम के माध्यम से हो रहे प्रोक्योरमेंट से भी अवगत कराया और बताया कि एससी एसटी उद्यमियों से प्रोक्योरमेंट करना सभी भारत सरकार के उपक्रमों के लिए अनिवार्य किया गया है। नेशनल एससी - एसटी हब के राज्य प्रमुख किरण मारिया तिरु ने नेशनल एससी एसटी हब की सभी योजनाओं से अवगत कराया और योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित भी किया । वहीं टिक्की - झारखंड चैप्टर से रणदीप मुंडा ने एससी - एसटी उद्यमियों को प्रेरित करते हुए बताया कि आज आदिवासी समुदाय के पास व्यापार के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं है और आज वर्तमान समय में व्यापार करना अति सरल हो गया है और कई योजनाएं भारत सरकार एवं राज्य सरकार के द्वारा संचालित भी की जा रही है हम सभी को उन योजनाओं का लाभ लेना चाहिए। श्री मुंडा ने कहा कि आरक्षण को वैशाखी ना बनाएं । इनके बिना भी हम बहुत कुछ कर सकते हैं। उद्योग एवं व्यापार के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं हमारे पास जमीन है, खेत है उनका बेहतर उपयोग कर उद्योग - व्यापार के क्षेत्र झारखंड को अग्रणी राज्य बना सकते हैं । हम लगन और संघर्ष के साथ अपनी-अपनी मुकाम को हासिल करेंगे। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा की हम सब मिलकर सरकार की उद्योग व्यापार संबंधित योजनाओं को सुविधाजनक बनाते हुए, जन जन तक पहुंचाने का काम करेंगे और उन योजनाओं से युवाओं को लाभान्वित भी कराएंगे।




## राजेश टूर एंड ट्रैवल के मालिक पर प्राथमिकी

रांचीः सरकारी राशि के गबन के आरोप में झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी (जेएसएलपीएस) के सहायक लेखपाल शशांक वर्मा और मे। राजेश टूर एंड ट्रैवल के मालिक राजेश कुमार पर पंडरा थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। जेएसएलपीएस मुख्य परिचालन पदाधिकारी विष्णु चरण परिडा ने यह प्राथमिकी दर्ज करायी है। शशांक वर्मा और राजेश कुमार पर आ?ेप है कि अपराधिक षडयंत्र सचकर 50 लाख रुपये वर्ष 2019 से 2021 के बीच विभिन्न तिथियों को जेएसएलपीएस के खातो से निकासी कर लिये है। शशांक वर्मा को नोटिस द्वारा 46 l90 लाख रुपये वापस करने के लिये नोटिस दिया गया था। नोटिस के जवाब में 7 लाख रुपये देने के लिये तैयार थे, शेष राशि बाद में देने की बात कही गयी थी। बाद में विभाग द्वारा राशि मांगने पर शशांक वर्मा ने इंकार कर दिया। इसी प्रकार राजेश कुमार भी टालमटोल करते थे। शशांक वर्मा द्वारा जेएसएलपीएस में कार्यरत कर्मचारी का टीडीएस काटकर खाते में जमा किया जाता था। शशांक वर्मा द्वारा जेएसएलपीएस के हरमू स्थित बैक ऑफ इंडिया के शाखा से मे। राजेश टूर एंड ट्रैवल के बैंक ऑफ इंडिया में स्थानांनतरित किया जाता था। आशंका जताया गया है कि जांच के बाद गबन कि राशि अधिक भी हो सकती है। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन में जुट गयी है।

